सेंसेक्स	~	73,648.62
निफ्टी	~	22,336.40
सोना	~	67,550
चांदी	~	85,500
डॉलर	~	83.39

बालाघाट एक्सप्रेस

PMG

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
मंगलवार 23 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल 15 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 211
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

खास खबर

नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की इजाजत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 14 वर्षीय एक दुष्कर्म पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत दे दी। इसी के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट के लड़की को गर्भ गिराने की मंजूरी न देने के फैसले को भी पलट दिया। कोर्ट ने डॉक्टरों के एक्सपर्ट पैनल के नेतृत्व में पीड़िता की प्रेग्नेंसी को खत्म करने का निर्देश दिया। बता दें कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है।

जोमैटो से खाना मंगाना हुआ महंगा

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो से खाना मंगाना अब थोड़ा और महंगा पड़ेगा। क्योंकि, कंपनी ने प्लेटफॉर्म चार्ज में 25 प्रतिशत का इजाफा किया है, जिससे यह 1 रुपए बढ़ाकर अब 5 रुपए हो गया है। यह चार्ज हर ऑर्डर पर लगेगा। जोमैटो सालाना करीब 85-90 करोड़ ऑर्डर कैटर करता है। यह उसके टोटल में 5 प्रतिशत की बढ़त करेगा। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में दो रुपए प्लेटफॉर्म चार्ज लेना शुरू किया था। बाद में इसे बढ़ाकर 3 रुपए और जनवरी 1 जनवरी 2024 से 4 रुपए कर दिया था। कंपनी ने 31 दिसंबर 2023 को 9 रुपए प्लेटफॉर्म फीस के रूप में ग्राहकों से चार्ज किया था।

हुबली मर्डर केस की सीआईडी करेगी जांच

बेंगलुरु। हुबली के बीवीबी कॉलेज कैंपस में 18 अप्रैल को फैयाज खोंडुनाईक ने नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। सोमवार को कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट भी बनाई जाएगी। नेहा, एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। आरोपी फैयाज उसका पूर्व क्लासमेट था। पुलिस ने उसे वारदात के एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में उसने बताया था कि नेहा उसके साथ रिलेशनशिप में थी। कुछ दिनों से अचानक वह उससे दूर रहने लगी थी। इसलिए उसने घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे कर्नाटक में आक्रोश देखा गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित कई संगठनों ने नेहा की हत्या के विरोध में जगह-जगह प्रदर्शन किए। आरोपी को फांसी देने की मांग की जा रही है।

एनआईए ने श्रीनगर में नौ स्थानों पर मारे छापे

श्रीनगर। एनआईए ने जम्मू कश्मीर को अस्थिर करने वाले नवगठित आतंकी संगठनों से जुड़ी कथित साजिश की जांच के चलते सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापे मारे। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि यह मामला भौतिक एवं साइबर स्पेस दोनों तरह की साजिश रचने और जम्मू कश्मीर में बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ हिंसक आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के षडयंत्र से संबंधित है। इस तरह के षडयंत्र जम्मू कश्मीर में युवाओं और भूमिगत कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आतंकवादी समूहों की एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं। श्रीनगर में नौ स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। इस अभियान में क्या कार्रवाई और जब्ती हुई इसकी अभी कोई सूचना नही है।

कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सियासी दंगल...

पीएम ने बयान- कांग्रेस संपत्ति बेच देगी, मंगलसूत्र बेच देगी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस... भाजपा के खिलाफ चुनाव आयोग में 17 शिकायतें भी कीं

मैनिफेस्टो समझाने के लिए खडगे ने मोदी से समय मांगा, पीएम बोले थे- कांग्रेस लोगों की कमाई ज्यादा बच्चे वालों में बांटेगी

नई दिल्ली। देश में इस वक्त लोकसभा चुनाव का माहौल है। तमाम पार्टियां अपने उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। इसी प्रचार में बीते दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान ने सियासी पारा गर्म कर दिया है। पीएम ने कांग्रेस के घोषणा-पत्र में किए गए कुछ वादों को लेकर सवाल किया है। प्रधानमंत्री ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के वर्षों पुराने बयान का हवाला देते हुए कांग्रेस से सवाल भी किया कि क्या जनता की मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा? प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान के बाद विपक्ष उन पर हमलावर हो गया है। कांग्रेस ने इसे हेट स्पीच करार दिया है। पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा-पत्र में किसी से कुछ लेकर बांटने की बात नहीं कही गई है। राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि मुद्दों का अभाव होने के कारण राजनीतिक पार्टियां हिंदू-मुसलमान पर रार कर रही हैं। उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि पीएम हमारे मैनिफेस्टो को सही से समझ नहीं पाए हैं। उनसे मिलकर उन्हें मैनिफेस्टो समझाना है। कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ चुनाव आयोग में 17 शिकायतें भी कीं।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मैनिफेस्टो की प्रतियां हमारे पार्टी नेताओं और लोकसभा उम्मीदवारों की तरफ से प्रधानमंत्री को भेजी जाएंगी। कांग्रेस ने ये भी कहा कि पार्टी चुनाव आयोग में एक लाख लोगों के दस्तखत कराकर एक याचिका भी दायर करेगी।



मैनिफेस्टो की प्रतियां प्रधानमंत्री को भेजी जाएंगी

मुस्लिम लीग का मैनिफेस्टो बता रही भाजपा

दरअसल, भाजपा नेता कांग्रेस मैनिफेस्टो को मुस्लिम लीग का मैनिफेस्टो बता रही है। साथ ही उनके घोषणा पत्र के पेज नंबर 7 पर हिस्सेदारी न्याय के तहत, पहले पॉइंट का जिक्र कर रही है। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। पीएम के मंगलसूत्र और संपत्ति बांटने के बयानों को इसी से जोडक़र देखा जा रहा है।

वेणुगोपाल के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह हमारे मैनिफेस्टो में नहीं है। वे वोटों के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं। क्या चुनाव आयोग ने उन्हें (पीएम को) बात पर झूठ बोलने की अनुमति दी है। जब चुनाव आयोग हर बात पर हस्तक्षेप करता है तो इस मुद्दे पर खामोश क्यों है? आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि हमारे है। साथ ही उनके घोषणा पत्र के पेज नंबर 7 पर हिस्सेदारी न्याय के तहत, पहले पॉइंट का जिक्र कर रही है। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। पीएम के मंगलसूत्र और संपत्ति बांटने के बयानों को इसी से जोडक़र देखा जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। हमने 17 शिकायत की हैं। सभी बहुत गंभीर हैं और स्वतंत्र भारत के मूल सिद्धांत का उल्लंघन करती हैं। इसलिए ये जरूरी है कि जिसे (चुनाव आयोग) हमने इस अधिकार क्षेत्र का संरक्षक बनाया है, वह तुरंत ठोस और सही एक्शन ले। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने ये बयान राजस्थान में प्रचार (21 अप्रैल) के दौरान दिया। हमने चुनाव आयोग के सामने पूरा बयान रखा है। पीएम के बयान में एक समुदाय का स्पष्ट नाम के साथ विवरण है। ये स्पष्ट कहा गया है कि वह समुदाय इस देश की अल्प रिसोर्सेस को हड़प लेगा। कांग्रेस उन्हें ये रिसोर्सेस दे देगी। उस समुदाय को घुसपैठियों के साथ जोड़ा गया है। हिंदू धर्म के कई प्रतीकों (जैसे मंगलसूत्र) पर आघात हो सकता है। मैं कहना चाहता हूं कि नियम 123 के तहत प्रधानमंत्री ने उल्लंघन किया है। इस नियम के तहत चुनाव के दौरान धार्मिक आधार पर वक्तव्य नहीं दिया जा सकता।

मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर कहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनावी अभियान के तहत रविवार को राजस्थान का दौरा किया। यहां बांसवाड़ा में रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने अपने भाषण में कहा, कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है यदि देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हरेक की प्रॉपर्टी का सर्वे किया जाएगा। हमारी बहनों के पास सोना कितना है, उसकी जांच की जाएगी, उसका हिसाब लगाया जाएगा। हमारे आदिवासी परिवारों में चांदी होती है, उसका हिसाब लगाया जाएगा। सरकारी मुलाजिमों के पास कितनी जगह है, पैसे कहां हैं, नौकरी कहां है, उसकी उसकी जांच की जाएगी। पीएम ने आगे कहा कि ये जो बहनों का सोना है और जो संपत्ति है, ये सबको समान रूप से वितरित कर दी जाएगी। क्या आपको मंजूर है ये। मेहनत करके कमाई हुई आपकी संपत्ति को सरकार को ऐंठने का अधिकार है क्या? क्या उस संपत्ति को माताओं-बहनों की जिंदगी में सोना सिर्फ शो करने के लिए नहीं होता है। यह उसके स्वाभिमान से जुड़ा होता है। उसका मंगलसूत्र एक सोने किए कीमत का मुद्दा नहीं है, वो उसके सपनों से जुड़ा हुआ मुद्दा है। अपने घोषणा पत्र में तुम उसे छीनने किए बात कर रहे है हो। गोल्ड ले लेंगे, सबको वितरित कर देंगे। और पहले जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके किसको बाटेंगे? जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बाटेंगे, घुसपैठियों को बाटेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ में कहा

इंडी गठबंधन की नजर आपकी प्रॉपर्टी पर

ये सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाडियां, सोना कब्जे में लेकर बांट देंगे

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलीगढ़ के दौरे पर हैं। यहां चुनावी सभा में उन्होंने कहा-पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सभी से अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्ट्री में अलीगढ़ का ताला लगा दिजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही। पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन की नजर आपकी संपत्ति पर है। ये सत्ता में आए तो लोगों की सैलरी, घर, एफडी, वाहनों का सर्वे कराएंगे। कब्जे में लेकर बांट देंगे। इससे पहले सीएम योगी ने कहा-जिस सपा-बसपा और कांग्रेस ने आपको विकास से वंचित रखा। आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया। आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया। अब समय आ गया है। वोट के जरिए इनकी किस्मत पर अलीगढ़ का तालाकर पीएम मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। आपका स्त्री धन लूटना चाहती है। माताओं-बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। यही कांग्रेस ने कहा है। इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझती है।

मोदी ने कहा कि नौकरी-पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है। उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर कांग्रेस ऐसे ही सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे। कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टों की सोच है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है।

पीएम ने कहा कि अलीगढ़ में डिफेंस कॉरिडोर बन गया है। जो लोग सीएम योगी की पहचान बुलडोजर से करते हैं। उनकी आज आंखें खोलना चाहता हूं। यूपी में औद्योगिक क्रांति आई है।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित एक समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। नायडू, पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया है। इसके साथ ही अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री- में प्रदान किया जाता है।

केजरीवाल को अपने डॉक्टर से परामर्श की इजाजत नहीं मिली

कोर्ट का निर्देश- एम्स मेडिकल बोर्ड बनाए, इंसुलिन और अन्य जरूरतों के बारे में बताए

नई दिल्ली। शराब नीति केस में 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट नहीं कर पाएंगे। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया कि वह केजरीवाल की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाए ताकि यह पता चल सके कि उन्हें शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है। इसके अलावा उनके अन्य मेडिकल जरूरतों का भी पता लगाएं।



केजरीवाल ने कोर्ट से डिमांड की थी कि उन्हें शुगर है। जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। वे अपने डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोज 15 मिनट परामर्श लेना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने डायबिटीज की रेगुलर जांच और इंसुलिन की मांग की थी।

हाईकोर्ट में दो अन्य मामलों में भी हुई सुनवाई

इससे पहले सुबह हाईकोर्ट ने केजरीवाल से जुड़ी 2 अन्य याचिकाओं पर सुनवाई की। पहली- हाईकोर्ट ने केजरीवाल को जमानत के लिए दायर की गई जनहित याचिका खारिज कर दी। याचिका वी द पीपुल ऑफ इंडिया के नाम से एक लॉ स्टूडेंट ने लगाई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 75 हजार का जुर्माना भी लगाया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली के ड्रग्स की गिरफ्तारी से सरकार का कामकाज ठप पड़ गया है। कोर्ट ने कहा- राहुल मेहरा ड्रग्स की ओर से पेश हुए हैं। उनका कहना है कि वे अपना काम कर रहे हैं। उन्हें आपसे कोई मदद नहीं चाहिए। मेहरा ने कहा था कि याचिका पब्लिसिटी के लिए लगाई गई है। वहीं दूसरे मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस सुरेश कैत और जस्टिस मनोज जैन की बेंच में हुई। बेंच ने इसे 15 मई के लिए लिस्ट कर दिया।

तिरुपति मंदिर की संपत्ति दुनिया के धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा

हैदराबाद। दुनिया के सबसे अमीर मंदिर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में इस साल 1161 करोड रुपए की एफडी कराई है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी 13287 करोड रुपए की हो गई है। इसके अलावा मंदिर के अन्य ट्रस्ट के माध्यम से 5529 करोड रुपए एफडी में जमा किए हुए हैं। सभी बैंकों और सभी ट्रस्टों की नगदी 18817 करोड रुपए हो गई है। दुनिया भर के सभी धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा धनी ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम है। हर साल जमा रकम के ब्याज से 1600 करोड रुपए की आय इस ट्रस्ट को होती है। हाल ही में ट्रस्ट ने बैंक में 1031 किलो सोना जमा किया है। ट्रस्ट के पास 11329 किलोग्राम सोना हो गया है। हर साल तिरुपति ट्रस्ट की एफडी और सोने के भंडार में वृद्धि हो रही है। कोरोना के समय में दान में कम नगदी प्राप्त हुई थी। 2013 से लेकर 2024 तक ट्रस्ट में दान की राशि में वृद्धि होती रही है। 2012 में ट्रस्ट की एफडी 4820 करोड रुपए की थी।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को नसीहत

समर्पण करें अन्यथा दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे

जगदलपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक आमजन तक सुख-सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं हैं। उन्होंने आगे नक्सलवादियों को चेतावनी देते हुए कहा, कि नक्सलवादी यदि आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

इसी बीच उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में बड़ा बदलाव हुआ है। इसी दौरान उन्होंने प्रमुख विपक्षी कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार तक नहीं आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस

अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना-देना, शायद उन्हें मालूम नहीं कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान कुर्बान कर सकता है।

सभा को संबोधित कर रहे गृह मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से आतंकवाद समाप्त कर दिया है, वैसे ही नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक पिछले चार माह में 90 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं और 250 ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि 02 साल के अंदर में ही छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की भी सलाह दी और साथ ही चेतावनी देते हुए कहा, कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा विश्वास दिलाया कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, लेकिन कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

हाईकोर्ट का आदेश- 8 साल की सैलरी लौटाएं; ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांशु बसाक और जस्टिस शब्बर रशीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे।

हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में डब्ल्यूएसएससी के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए

की घूस लेने तक की आरोप हैं। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और स्स्ह के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

मेरिट लिस्ट से बाहर वालों को नौकरी देने के आरोप

ममता बनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने ञ्जश्वह्र परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए ञ्जश्वह्र की परीक्षा पास होना अनिवार्य है।

हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए थे

इसी तरह से राज्य में 2016 में स्स्ह द्वारा ग्रुप डी की 13 हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

भाजपा ने बिना वोटिंग सूरत लोकसभा सीट जीती

मुकेश दलाल निर्विरोध जीते; कांग्रेस कैंडिडेट का पर्चा रद्द हुआ, 8 ने नाम वापस लिया

सूरत। लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए। दरअसल यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। रविवार को 7 निर्दलीय कैंडिडेट ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। बीएसपी कैंडिडेट प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार 22 अप्रैल को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए।

कांग्रेस बोली- कानूनी लड़ाई लड़ेंगे

गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, हमारी लीगल टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कानूनी टीम इस बात पर विचार कर रही है कि पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाए या फिर सीधे सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई जाए। मुकेश निर्विरोध निर्वाचित होने वाले बीजेपी के पहले सांसद बने हैं। वहीं, गुजरात के चुनावी इतिहास में भी यह पहला मौका है, जब कोई सांसद बिना चुनाव लड़े ही जीत गया हो।

एनआईए ने 9 ठिकानों में की छापेमारी, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तार

श्रीनगर। बीते दो साल पहले आतंकी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में एनआईए ने जम्मू कश्मीर के 9 ठिकानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने श्रीनगर में रहने वाले कुछ संदिग्धों के संबंध में प्राप्त विशेष जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने तलाशी शुरू की। एनआईए द्वारा कोकेरनाग (जम्मू-कश्मीर) मुठभेड़ मामले में दो आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर करने के लगभग एक महीने बाद तलाशी अभियान चलाया गया था। सूत्रों ने कहा कि मामले के संदिग्ध लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े हैं।

जिला चिकित्सालय में फिर मरीजों के परिजनों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

दो-दो आरओ मशीन होने के बाद भी मरीजों के परिजन बूंद-बूंद पानी के लिये हो रहे परेशान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भले ही जिला चिकित्सालय में बड़ी-बड़ी मशीने और मरीजो के लिए ऑक्सीजन के बड़े बड़े प्लांट लगा दिए गए है , किंतु इन दिनों जिला चिकित्सालय में फिर मरीज और उनके परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल जिला चिकित्सालय उपलब्ध नहीं कर पा रहा है और जिला चिकित्सालय में पीने के पानी की समस्या उत्पन हो गयी है और यह समस्या आज से ही नहीं बल्कि वर्षों से चली आ रही है और मरीजों के परिजनों का यही कहना होता है कि जिला चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा मरीजों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है ,महज दो ही आरओ मशीन के भरोसे जिला चिकित्सालय में पीने का पानी दिया जा रहा है, जबकि इन दिनों दोनों आरओ मशीन से पीने का पानी नहीं आ रहा है, जिससे मरीजों के परिजन पीने के पानी के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं।

आपको बता दे की जिले के सबसे बड़े शहीद भगतसिंह जिला चिकित्सालय में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने की वजह से इलाज कराने आए ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, पहले तो इलाज करवाने आए मरीजों के परिजनों को पानी के लिए जिला चिकित्सालय में नलों को ढूंढाना पड़ता है जबकि पूरे जिला चिकित्सालय के परिसर में दो ही आरओ मशीन लगी है, जिसमे भी अब वह काम नहीं कर रही है, क्योंकि जिस प्रकार से मशीन में पानी फिल्टर होने के लिए समय लगता है तो वही इन दिनों इन मशीनों से पानी ही नही आ रहा है , जिसको देखते हुए मरीजों के परिजनों द्वारा प्रशासन से यह मांग की जा रही है कि जिस प्रकार से बढ़ती गर्मी में शुद्ध पेयजल एवं ठंडे पानी की आवश्यकता होती है, उसे देखते हुए जिला चिकित्सालय में और पीने के शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए क्योंकि अभी 3 दिनों से जिला चिकित्सालय की आरओ मशीन काम नहीं कर रही है ,जिससे मरीजों के परिजनों को इधर से उधर पीने के पानी के लिए घूमना पड़ रहा है, जबकि जिले का यह सबसे बड़ा जिला चिकित्सालय है और यहां पर जिले के दूर-दूर के क्षेत्र से मरीज अपना इलाज करवाने आते है और यहां पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जबकि देखा जाए तो जिस प्रकार से जिला चिकित्सालय परिसर अब धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है, तो वहीं वार्डों में ही पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जानी चाहिए, किंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीने के पानी को लेकर किसी प्रकार से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किंतु एक से दो दिनों तक तो जैसे तैसे मरीज ने स्थानीय बस स्टैंड की ओर से पानी लाकर अपना काम चला लिया , किंतु 21 अप्रैल की रात्रि में जब कहि से पानी नही मिला तो मरीज के परिजन जिला चिकित्सालय प्रबंधन पर भड़क गए और उन्होंने मीडिया के माध्यम से यह मांग करी कि वह बीते तीन से चार दिनों से बूंद-बूंद पानी के लिए जिला चिकित्सालय में तड़प रहे हैं, जबकि इतने बड़े जिला चिकित्सालय के

अस्पताल में पीने के पानी की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए।

बीते चार दिनों से पानी नहीं मिल रहा है - पुष्पलाल

ग्राम सावंगी से अपने मरीज का इलाज करने पहुंचे पुष्पलाल बताते हैं कि वह चार दिनों से अपने परिजन का इलाज करवाने जिला चिकित्सालय आए हैं किंतु उन्हें बीते चार दिनों से पानी नहीं मिल रहा है और वह स्थानीय बस स्टैंड से पानी खरीद कर ला रहे हैं और अपना काम चला रहे हैं किंतु जिस प्रकार से इतना बड़ा जिला चिकित्सालय है वहां पर पानी की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जानी चाहिए किंतु यहां पर कोई भी पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है जो की सही नहीं है जिला चिकित्सालय प्रबंधन को इतने बड़े अस्पताल में पीने के पानी की व्यवस्था करनी चाहिए।

इतने बड़े जिला चिकित्सालय के परिसर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नही है- पुष्पाबाई

पुष्पाबाई बताती है कि दो दिनों से वह पीने के पानी के लिए इधर से उधर घूम रही है और उन्हें पीने के लिए शुद्ध पेयजल जिला चिकित्सालय में नहीं मिल रहा है, जबकि उन्होंने बताया कि वह ट्रामा सेंटर के अलावा दूसरी आरओ मशीन में भी पानी के लिए गई थी पर उन्हें वहां भी पीने का पानी नहीं मिला वह इधर से उधर पानी की व्यवस्था में लगी हुई है कि कहीं से उन्हें बोतल में पानी मिल जाए जबकि इतने बड़े जिला चिकित्सालय के परिसर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जिला चिकित्सालय प्रशासन द्वारा करनी चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों के परिजन को यहां पेयजल को लेकर समस्या उत्पन्न नहीं होना चाहिए।

आरओ मशीन से पानी नहीं आ रहा है - खड़कसिंह

खड़कसिंह द्वारा बताया गया कि वह आज 12:00 बजे से अपने मरीज का इलाज करवाने पहुंचे हैं और जैसे ही उन्हें पानी की आवश्यकता पड़ी वह तब से ही जिला चिकित्सालय परिसर में पानी के नलो को ढूंढ रहे हैं किंतु जहां-जहां वह आरओ मशीन लगी है वहां गए तो उन मशीनों से पानी नहीं आ रहा है एवं कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि यहां पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है वही उन्होंने प्रशासन से यह मांग की है कि इतने बड़े जिला चिकित्सालय में बढ़ती गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जिला चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा करनी चाहिए वह यही मांग करते हैं।

सब झूठ कहते हैं कि हम व्यवस्थाएं दे रहे हैं - विजय कुमार

विजय कुमार द्वारा बताया गया कि वह अपनी पत्नी के प्रसव करवाने के लिए जिला चिकित्सालय में आए हैं और जैसे ही उन्होंने जिला चिकित्सालय में अपनी पत्नी को भर्ती करवाया उसके बाद से ही वह पानी के लिए घूम रहे हैं पर इतने बड़े अस्पताल में पीने के लिए पानी की व्यवस्था कहीं भी नहीं है जबकि कहा जाता है कि सरकार द्वारा सारी व्यवस्थाएं की जा रही है लेकिन यहां तो पानी की तक व्यवस्था उन्हें मिल नहीं रही है सब झूठ कहते हैं कि यह व्यवस्थाएं दे रहे हैं यह सुविधा दे रहे हैं पर ऐसा कुछ जिला चिकित्सालय में समझ नहीं आ रहा है और यहां कोई भी व्यवस्था उन्हें मिल नहीं रही है।

आरओ मशीन में पानी सप्लाई नहीं हो रहा है - संजय दबड़घाव

इस पूरे विषय को लेकर हमारे द्वारा दूरभाष पर जिला चिकित्सालय के के सिविल सर्जन डॉ. संजय दबड़घाव से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय में लगी आरओ मशीन ठीक है किंतु उन आरओ मशीन में पानी सप्लाई नहीं हो रही है जबकि यह काम नगर पालिका का है कि उन्हें पानी सप्लाई दी जाए किंतु नगर पालिका के द्वारा पानी सप्लाई समय पर की जाती है तो कभी-कभी सप्लाई को बंद कर दिया जाता है इस वजह से जिला चिकित्सालय में पानी की समस्या उत्पन होती है जबकि हमने नगर पालिका को यह पत्राचार किया है कि जिला चिकित्सालय में 24 घंटे पानी की सप्लाई की जाए।

डिब्बे में कैद मशीन

सोनोग्राफी के लिए बालाघाट जा रही गर्भवती महिलाएं

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। मुख्यालय के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उपयोग गर्भावस्था में गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए किया जाता है। कटंगी अस्पताल में जब यह मशीन नहीं थी तब तो गर्भवती महिलाओं को बालाघाट जाना समझ आता था लेकिन आज जब मशीन अस्पताल में है। मगर, उद्घाटन का राह देख रही है कि यह समझ से परे है। जैसा कि सूत्र बताते है कि विधायक चाहते है कि उनके हाथों मशीन का उद्घाटन हो और इसके बाद क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को इसका फायदा मिले तो यह कतई उचित नहीं है। अगर वाकई में ऐसा है तो यह अशोभनीय है। आपको बता दें कि कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को वर्तमान समय में सोनोग्राफी के लिए बालाघाट जाना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में कई बार सोनोग्राफी के लिए चक्कर काटने के बाद भी सोनोग्राफी नहीं हो पाती। ऐसे में महिलाएं निजी सेंटरों पर महंगे दामों में सोनोग्राफी कराने को मजबूर हैं, वहीं निजी सेंटरों की चांदी हो रही है। जबकि इन निजी सेंटरों की सोनोग्राफी रिपोर्ट को सरकारी अस्पताल के चिकित्सक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करते समय मान्य नहीं करते।

कटंगी में करीब दो माह से सोनोग्राफी मशीन आई है। मगर, यह मशीन अब उद्घाटन का इंतजार कर रही है. विधायक गौरव सिंह पारधी का दावा है कि उनके प्रयासों से अस्पताल को यह मशीन मिली है और वह इस बात का जिक्र बकायदा कई बार बीते दिनों चुनावी सभाओं में कर चुके है। मगर, इस मशीन को अब तक अस्पताल में इंस्टॉलेशन नहीं किया गया है। जिस कारण कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को 50 से 100 किमी. दूर बालाघाट सोनोग्राफी के लिए जाना पड़ रहा है। जिसमें महिलाओं को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों की माने तो विधायक गौरव सिंह पारधी मशीन का उद्घाटन करना चाहते है। जिस वजह से मशीन का अस्पताल में इंस्टाल नहीं किया गया है। हालांकि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे बताते है कि मशीन इंस्टॉल करने के लिए अब तक इंजीनियर नहीं आए है। अब इकीकत क्या है यह कह पाना जरा मुश्किल है। आपको बता दें कि अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन आने को ही थी परंतु विधायक गौरव सिंह पारधी गांव-गांव में यह बोल रहे थे अस्पताल में मशीन आ चुकी है और जब मशीन अस्पताल पहुंची तो विधायक के हवाले से अखबारों में खबरें प्रकाशित हुई कि अब क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधाएं मिलेगी। जिसके बाद बड़ी संख्या में कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं इस सुविधा का लाभ लेने के लिए अस्पताल पहुंचने लगी। जिन्हें अस्पताल पहुंचकर निराशा ही मिली। जबकि इसके बावजूद विधायक चुनावी सभाओं में बार-बार सोनोग्राफी मशीन अस्पताल को उपलब्ध कराने का दावा करते हुए वोट मांगते हुए नजर आए। जैसा कि सभी जानते है कि सोनोग्राफी मशीन

फिर बेमौसम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

चिलचिलाती धूप से मिली राहत,मौसम हुआ सुहाना, मौसम विभाग ने 23,24 की जताई थी संभावना, एक दिन पहले ही दिनभर हुई वर्षा

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। अप्रैल माह के बढ़े हुए तापमान के बीच सोमवार की सुबह एकाएक मौसम में परिवर्तन आ गया। जहां रविवार देर रात नीले आसमान को काले बादलों ने घेरना शुरू कर दिया और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच सोमवार सुबह से ही एक बार फिर जिले भर में बे मौसम बारिश शुरू हो गई। जहां शुष्क ठंड हवाओं के बीच बिजली की चमक और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच जिले भर में जहा तहाँ हल्की से मध्य बेमौसम बारिश देखने को मिली।अचानक मौसम में आए इसी बदलाव के बीच मौसम विभाग ने नगर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया तो वही न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम में आए इसी अचानक बदलाव के बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 तक मौसम के कुछ इसी तरह बने रहने ,तापमान में नमी के साथ जिले भर में हल्की आद्रता भरी हवाए चलने की संभावना जताई है। हालांकि जिलेभर में हो रही यह बारिश किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। जहां जिले भर में हुई इस बे-मौसम बारिश ने किसानों के चेहरों पर एक बार फिर मुस्कान बिखेर दी है।

गर्मी के अहसास के बीच ठंडक घोल गई बे-मौसम बारिश

सोमवार की सुबह एकाएक मौसम परिवर्तन से बारिश की तरह मंजर दिखाई दिया। जहा नीले आसमान में काले बादल छाने लगे और तेज हवाओं के साथ आसमानी बिजली की चमक व बादलों गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। मौसम के इस एकाएक परिवर्तन ने विगत कुछ दिनों से ग्रीष्म ऋतु के अहसास को भी कम कर दिया।फिलहाल मौसम विज्ञान के अनुसार इस समय पूर्वी विदर्भ से लेकर उत्तरी तटीय तक एक ट्रफ लेयर गुजर रही है, जिसके कारण दक्षिण-पूर्वी हवाएं, पूर्वी मध्यप्रदेश में नमी ला रही है। इन चक्रवती हवाओं के प्रभाव के चलते पूर्वी मध्यप्रदेश में 24 घंटो तक मौसम बिगड़ने की संभावना है। इसी के चलते मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम में परिवर्तन होने से तापमान में भी गिरावट महसूस की गई है। वही बे मौसम बारिश ने एक बार फिर मौसम को सुहाना बना दिया है।

पूर्वानुमान के एक दिन पूर्व ही बरसे बदरा

अप्रैल माह में पड़ रही तेज गर्मी के बीच मौसम विभाग ने 23 व 23 अप्रैल को आसमान में बादल छाने व तेज गरज, चमक व बिजली के साथ वर्षा होने की संभावना जताई थी, लेकिन 21 अप्रैल देरात से ही मौसम में अचानक बदलाव हो गया और आसमान में बादल छाने के साथ ही 22 अप्रैल की सुबह से वर्षा का दौर शुरु हो गया। मौसम में अचानक हुए बदलाव से जहां ठंडक घुल गई है वहीं लोगों को भीषण गर्मी में से भी राहत मिल गई हैं।

मलाजखंड में हुई चार मिलीमीटर वर्षा, तो बिरसा,तिरोड़ी में दो-दो मिलीमीटर

सोमवार की सुबह से शुरु हुई वर्षा का दौर पूरे जिलेभर में दिनभर चलता रहा है। यहां आसमान में छाए काले घने बादल दिन भी गरजते रहे और रुक-रुककर कभी रिमझिम, कभी बूंदाबांदी तो कभी तेज वर्षा हुई है। यहां कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विभाग के वैज्ञानिक धमेन्द्र अगासे के बताए अनुसार सबसे अधिक वर्षा जिले के अंतिम छोर में बसे ताम्रपरियाजना नगरी मलाजखंड में हुई है, यहां चार मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिसके बाद बिरसा विकासखंड में दो मिलीमीटर तो कटंगी क्षेत्र के तिरोड़ी में दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। साथ ही बालाघाट मुख्यालय, वारासिवनी, खैरलांजी, लालबर्रा, किरनापुर, लांजी सहित अन्य क्षेत्र में भी दिनभर बादल छाए रहे और रिमझिम वर्षा हुई हैं।

बे-मौसम बारिश से किसानों को फायदा

सोमवार सुबह से जिले भर में हुई इस बे मौसम बारिश ने जहां एक ओर जिले में लगातार बढ़ते जा रहे तापमान को धराशाई कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर जिले भर में हुई बे मौसम बारिश से किसानों के चेहरे एक बार फिर खिल उठे हैं। जहां रबी में मुख्यतः धान की फसल लगाने वाले किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए जैसे तैसे सिंचाई का जतन कर रहे थे। लेकिन भारी उम्मस और गर्मी अधिक होने के चलते फसलों को पानी भी नहीं पुर पा रहा था। तो वही कई क्षेत्रों में नहर बंद करके रखी गई है जहा नहर से पानी ना मिलने के चलते किसान खासे परेशान थे जहां आज सोमवार की सुबहा जिले भर में हुई इस बे मौसम बारिश ने किसानों के चेहरे पर एक बार फिर मुस्कान बिखेर दी है तो वही किसान इसी तरह दो-तीन दिनों की बारिश की राह देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार को हुई बारिश से किसानों की किसी भी फसल को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है लेकिन यदि यह बारिश लंबी समय तक बरकरार रहती है तो फिर दलहनी फसलों को नुकसान हो सकता है लेकिन फिलहाल किसान इस बारिश से काफी खुश है।

विशिष्ट संस्थाओं अंतर्गत कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा तिथि 28 अप्रैल घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विशिष्ट संस्थाओ (कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय) में कक्षा 6वी की प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को 11 बजे से 01 बजे तक आयोजित की गई है। जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार इस परीक्षा के आयोजन के लिये क्रमशः उत्कृष्ट विद्यालय बैहर शाउमावि गढी, शा. हाईस्कूल कन्दई, शा उत्कृष्ट विद्यालय बिस्सा, शास.हाईस्कूल मछुरदा, शाउमावि मानेगांव, शा.उ.मा.वि. मलांजखण्ड, शास. हाईस्कूल सोनगुड्डा, शा. उत्कृष्ट विद्यालय परसवाड़ा, शाउमावि उकवा, शा. हाईस्कूल बोदा, शा. कन्या उ.मा.वि परसवाड़ा, बैहर, गढ़ी, बिरसा एवं शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विद्यालय क्रमशः शा. उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट, शा.आदर्श उ.मा.वि. लामता, शाउमावि लाजी, शा. रादुउमावि बालाघाट को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों द्वारा ओएमआर शीट में मात्र काले एवं नीले बॉल पेन का ही उपयोग किया जावेगा। दृष्टि बाधित उम्मीदवारों को स्क्राइब (रीडर/राइटर) की मदद लेने की अनुमति है, स्क्राइब उम्मीदवार से एक ग्रेड जुनियर होना चाहिए। यदि दृष्टिबाधित उम्मीदवार को अपने स्वयं के स्क्राइब को लाने में कठिनाई होती है तो परीक्षा केन्द्राध्यक्ष वह एक ऐसे स्क्राइब की सुविधा प्रदान करेंगे, जिसके पास परीक्षा में पढ़ने और लिखने की उचित क्षमता हो । प्रत्येक केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या अनुसार पर्यवेक्षको की व्यवस्था केन्द्राध्यक्ष सुनिश्चित करेंगें। परीक्षा की अधिक जानकारी के लिये नियुक्त नोडल अधिकारी प्रशांत कावडे, प्रभारी क्षेत्र संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट मो. 9424661429 एवं कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट के हेल्पडेस्क नंबर 07632-248405 पर संपर्क किया जा सकता है।

2 मिनट का मौन धारण कर अनिल कुमार मेश्राम को दी श्रद्धांजलि

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर कार्यालय के अनिल कुमार मेश्राम का 18 अप्रैल को हृदय गति रुक जाने से देहांत हो गया था। उन्होंने 10 वर्ष तक कार्यालय में सेवा दी है। 40 वर्षीय अनिल अपने पीछे माँ दो पुत्री एक बहन और पत्नी को छो ? गए है। वार्ड-13 करुणा नगर के निवासी स्व. श्री अनिल कुमार को कलेक्टर कार्यालय के समस्त विभागों द्वारा सोमवार को 2 मिनट का मौन धारण रखकर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विश्व पृथ्वी दिवस पर पीजी कालेज में अयोजित स्पीक अप इवेंट सम्पन्न

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। हर साल 22 अप्रैल के दिन विश्व भर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है इस दिवस को मनाया जाने का उद्देश्य, लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं धरती को बचाने के लिए किया जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इसी विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय सहित तहसील व ग्रामीण अंचलों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। जिसके माध्यम से पृथ्वी के महत्व को बताते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 22 अप्रैल सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में नगर के पीजी कालेज में स्पीक अप इवेंट एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण हितैशी जीवन शैली को अपनाने के विषय में विद्यार्थियों से चर्चा की गई। कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ सीमा श्रीवास्तव ने पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने तथा का उपयोग न करने का संकल्प लिया। इको क्लब प्रभारी अर्चना सोनी सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र ने

पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया साथ ही विद्यार्थियों ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक बताया कि इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम गृह बनाम प्लास्टिक है अत: प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें एवं उपयोग किए हुए प्लास्टिक को रिसाइकल करें। डॉ. पुष्पलता कमलेशिया विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र डॉ रानू रहांगडाले ने प्रोग्राम ऑफिसर एन एस एस बालिका इकाई एवं डॉ. गजानन कटरे सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र के द्वारा विद्यार्थियों के समक्ष प्लास्टिक पॉल्यूशन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों पर चर्चा की गई जैसे विश्व में हर साल 500 बिलियन प्लास्टिक बैग्स उसे किए जाते हैं, हर वर्ष 12 मिलियन टन प्लास्टिक समुद्र में छोड़ दिया जाता है, इस प्लास्टिक कचरे से समुद्री जीवन खतरे में आ जाता है इस प्लास्टिक कचरे को डीकंपोज होने में 500 से 1000 साल का वक्त लगता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से लेकर क्लाइमेट चेंज तक का खतरा इस प्लास्टिक का उपयोग करने से बढ़ता ही जा रहा है। इस परिचर्चा कार्यक्रम में महाविद्यालय के 30 छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

कक्षा 5वीं, 8वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज

राज्य शिक्षा केंद्र सभागृह से जारी किया जाएगा रिजल्ट, 6 से 14 मार्च तक चली थी परीक्षाएं

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। वर्ष 2024 में कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड पैटर्न की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। खबर ये है कि स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा पांचवी कक्षा आठवीं के परीक्षा का परिणाम जारी करने का फैसला लिया है। जहां राज्य शिक्षा केंद्र के मुताबिक आज मंगलवार 23 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे कक्षा पांचवी कक्षा आठवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। आपको बताएं कि इस वर्ष बोर्ड पैटर्न पर कक्षा पांचवी कक्षा आठवीं की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू हुई थी जो 14 मार्च तक चली थी। जहां परीक्षा संपन्न होने के करीब 40 दिन बाद राज्य शिक्षा केंद्र ने परीक्षा परिणाम घोषित करने का ऐलान किया है ज्ञात हो कि बालाघाट जिले में निजी और सरकारी स्कूलों को मिलाकर 2728 स्कूलो के कुल 56275 बच्चे इस परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनके परीक्षा परिणाम आज मंगलवार सुबह 11:30 बजे घोषित किए जाएंगे।

जिले के लगभग 56275 विद्यार्थी परीक्षा में हुए थे शामिल



राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं की इस परीक्षा में जिले के शासकीय और अशासकीय स्कूलों को मिलाकर लगभग 56275 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जहां जिले के 2193 सरकारी स्कूल, तो वहीं 535 प्राइवेट स्कूल ऐसे कुल 2728 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के 56275 विद्यार्थियों ने कक्षा पांचवी कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा दी थी। जिसमे शासकीय स्कूलों के 40950 तो वहीं प्राइवेट स्कूलों के 15325 विद्यार्थी शामिल थे। जिनका परीक्षा परिणाम आज मंगलवार को घोषित किया जाएगा।

आज जारी होगा रिजल्ट- गुप्ता

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट ए पी सी अतुल गुप्ता ने बताया कि मार्च माह में संपन्न कराई गई कक्षा 5वी, 8वी के परीक्षा परिणाम घोषित करने को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया गया है।जिसके मुताबिक कल मंगलवार की सुबह 11:30 बजे राज्य शिक्षा केन्द्र सभागार से परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिसकी जानकारी सभी संकुलों के माध्यम से सभी निजी व शासकीय स्कूलों को भिजवा दी गई है।

जिले के 2728 सरकारी व निजी स्कुलो में दर्ज 5वी 8वी के बच्चों की संख्या डीपीसी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार

ब्लॉक	5वीं	8वीं	कुल
बैहर	2192	2211	4403
बालाघाट	4227	2579	8806
बिरसा	3002	2895	5897
कटंगी	2668	2858	5526
खैरलांजी	2071	2132	4203
किरनापुर	2653	2679	5332
लालबर्रा	2837	2926	5763
लांजी	3326	3386	6712
परसवाड़ा	1943	2046	3989
वारासिवनी	2753	2891	5644
कुल	27672	28603	56275

आज मनाया जायेगा हनुमान जी का प्रकट उत्सव

दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में होगी भजन संध्या

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। पूरे धूमधाम के साथ 23 अप्रैल को श्री राम के परम भक्त हनुमान जी का प्रकट उत्सव मनाया जाएगा, त्रेतायुग में चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जी का अवतार हुआ था। इस दिन हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना जिले भर सहित ग्रामीण अंचलों में की जाएगी, तो वहीं शहर में भी अलग-अलग समिति वह मंदिरों के श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने स्तर पर हनुमान जी का प्रकट उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है तो वहीं शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के स्थापना महोत्सव पूरे धूमधाम के साथ दो दिन तक मनाया जाएगा जहां 23 अप्रैल को भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है तो 24 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आपको बता दे की 23 अप्रैल को हनुमान जी का प्रकट उत्सव कार्यक्रम शहर सहित पूरे ग्रामीण अंचलों में धूमधाम के साथ मनाया जाता है जिसके लिए अभी से ही शहर में भी अलग-अलग समिति व मंदिरों के श्रद्धालुओं द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है तो वहीं शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी स्थापना महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है वही पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा अपने निजी निवास पर प्रेस वार्ता लेकर जानकारी दी गई कि उनके दादाजी भंवरलाल शर्मा के द्वारा हनुमान जी की भक्ति से प्रभावित होकर उन्होंने अपने घर पर ही आज से 12 वर्ष पहले हनुमान जी महाराज की प्रतिमा स्थापित की थी और घर पर ही दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की स्थापना की गयी थी, जिसका वह प्रतिवर्ष स्थापना दिवस मनाते हैं और इस स्थापना दिवस के अवसर पर वह 23 अप्रैल को भजन संध्या का आयोजन करने जा रहे हैं जबकि इस बार एक बहुत ही अच्छा संयोग बना है कि इस बार 23 अप्रैल को हनुमान जी की जयंती भी आ रही है और उनके मंदिर का स्थापना दिवस भी आ रहा है इस उपलक्ष में 23 अप्रैल को शाम 7:00 बजे उनके मंदिर में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें नागपुर के प्रसिद्ध भजन गायक हर्ष शर्मा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी तो वहीं 24 अप्रैल को हवन पूजन एवं महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया है इस प्रकार से दो दिनों तक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशेष कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे।

मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से निकलेगा चल समारोह

आपको बता दे कि जिस प्रकार से हनुमान जी महाराज के प्रकट उत्सव को लेकर सभी समिति एवं श्रद्धालु हनुमान जी महाराज के प्रकट उत्सव को भव्य बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं तो वहीं श्री राम सेवा दल समिति द्वारा मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से पानीपत की तर्ज पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है यह चल समारोह प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 23 अप्रैल को शाम 7:00 बजे मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से निकाला जायेगा जिसमें पानीपत की तर्ज पर श्री हनुमान जी महाराज का स्वरूप धारण किए हुए आकाश रंगलानी के द्वारा अपने सर पर 40 किलो का हनुमान जी का मुकुट धारण कर वह शहर के प्रमुख चौक चौराहा से होते हुए यह चल समारोह निकलेगा जिसमें सबसे पहले यह काली पुतली चौक होते हुए मेन रोड से हनुमान चौक पहुंचेगा और हनुमान चौक से गोंदिया रोड होते हुए पुनः मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में आकर यह चल समारोह समाप्त हो जाएगा।

एनसीसी कैडेट्स ने विश्व पृथ्वी दिवस पर किया नुक्कड़ नाटक

प्रकृति को हरी भरी रखने का दिया संदेश

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। 6एमपी स्वतंत्र कंपनी बालाघाट के अंतर्गत एनसीसी ट्रूप क्रमांक 242 शास. उत्कृष्ट विद्या. बालाघाट एवं एनसीसी ट्रूप क्रमांक 243 सी एम राइस स्कूल बालाघाट के एनसीसी कैडेट ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सामूहिक रूप से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। एनसीसी अधिकारी खिलेंद्र बिसेन ने इस विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम कंपनी कमांडर वी के गुप्ता के मार्गदर्शन में एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर जबलपुर के आदेश अनुसार आयोजित किया गया है जिसमें दोनों विद्यालयों के 25-25 एनसीसी कैडेट ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम नगर के हृदय स्थल अंबेडकर चौक में आयोजित हुआ। एनसीसी अधिकारी अशोक रावड़ी में बताया कि इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी को कैसे सुरक्षित रखना चाहिए यह बताना है जिसके अंतर्गत पृथ्वी पर जिस प्रकार से भारी मात्रा में प्लास्टिक की चादर एक परत के रूप में जम गई है वृक्षों की कटाई धड़ाधड़ने से की जा रही है खनिज दोहन किया जा रहा है वृक्ष न लगाना गंदगी करना आदि जैसे कई कारण है जिससे पृथ्वी दूषित होते जा रही है और हमारा पर्यावरण भी दूषित होते जा रहा है। इसलिए इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एनसीसी के कैडेट दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं की अधिक से अधिक पेड़ लगाए प्लास्टिक का उपयोग न करें पेड़ों की कटाई ना करें कचरा कूड़ा दान में डालें यहां वहां कचरा ना करें पृथ्वी से खनिज संपदा का दोहन ना करें अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें जिससे हमारी पृथ्वी एवं पर्यावरण को सुरक्षित बचाया जा सके और इसका संरक्षण किया जा सके। यदि पृथ्वी और पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित है तभी हम और मानव समाज तथा जीव जंतुओं का जीवन सुरक्षित है इसलिए हम यही संदेश देना चाहते हैं की पृथ्वी बचाओ ,जीवन बचाओ जमकर पेड़ लगाना है, पृथ्वी हमें बचाना है।

पर्यटकों को एक साथ हुए 14 टाइगरों के दीदार

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का मामला, प्रबंधन ने की पुष्टि, उधर बाघिन नीलिमा अपने नन्हे शावक के साथ आई नजर

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। पर्यटकों की पहली पसंद बन चुके कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटक उस वक्त रोमांचित हो उठे जब उन्हें एक जगह पर एक साथ 14 टाइगर के दीदार हो गए। तो वही पर्यटकों की खुशी का उसे वक्त ठिकाना नहीं रहा जब कान्हा के मुक्की गेट से सफारी पर निकले पर्यटकों ने प्रसिद्ध बाघिन नीलिमा को अपने नन्हें शावन के साथ अठखेलियाँ करते देखा। सफारी के दौरान देखने को मिले इन दोनों ही मंजर को पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद किया। और अब यह वीडियो शोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा।आपको बताए कि देश के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में शामिल कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीवों की बहुलता और प्राकृतिक सौन्दर्य के कारण ना केवल देश बल्कि विदेशी पर्यटको की आज भी पसंद बना हैं। प्रतिवर्ष, यहां हजारों पर्यटक आते है, लेकिन ऐसा कम ही होता है कि उन्हें एक, दो, तीन से ज्यादा टाईगर नजर आ जाए, लेकिन मुक्की गेट पर सफारी करने निकले, पर्यटको की किस्मत उस समय खुल गई, जब अलग-अलग समूह में पर्यटकों को 14 टाईगरो के दीदार करने का सौभाग्य मिला।

टाईगर के दीदार के लिए आते है पर्यटक

बताया जा रहा है कि कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटक अक्सर टाइगर के दीदार के लिए आते है।अम्मून कई बार ऐसा होता है कि पर्यटक, केवल टाईगर के दीदार के लिए यहां कई दिनों तक ठहरते है, लेकिन उन्हें टाइगर के दर्शन नही हो पाते और उन्हें मायुस होना पड़ता है, लेकिन मुक्की गेट से सफारी करने निकले पर्यटकों को जब अलग-अलग समूह में एक साथ 14 टाईगर देखने को मिले, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उनके लिए यह दिन यादगार बन गया है। वहीं कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में एक साथ इतने टाईगर, पर्यटकों को नजर आने का भी यह एक इतिहास है।

पर्यटको ने इन टाइगरों के किए दीदार

कान्हा प्रबंधन की मानें तो मुक्की गेट से सफारी करने निकले पर्यटकों को टी 101 के चार टाईगर, डीबी मेल टाईगर, एमवी 3 टाईगर, एमवी 3 मेल टाईगर, पट्टा वाल मेल और शर्मिली, 2 डीजे की जोड़ी, 1 एम-1 और बालाघाट मेल टाईगर देखने मिला। जो कान्हा प्रबंधन और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए अच्छी और सुखद खबर है।

उधर नन्हे मेहमान के साथ नजर आई बाघिन नीलिमा

कान्हा नेशनल पार्क में रोजाना देशी विदेशी पर्यटकों का आना जाना जारी है प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण कान्हा नेशनल पार्क में गर्मियों में सैलानी कान्हा नेशनल पार्क का रुख कर रहे है वहीं पार्क के अंदर टाइगर के दीदार भी लगातार हो रहे है। ऐसा ही एक खास नजारा पर्यटकों को सफारी के दौरान दिखाई दिया। जहां एक ओर पर्यटकों ने एक साथ 14 टाइगरों के दीदार किए तो वहीं दूसरी सफारी कर रहे पर्यटकों को दूसरे स्थान पर कान्हा की प्रसिद्ध बाघिन नीलिमा अपने नन्हे शावक के साथ छौंव में अठखेलियाँ करती नजर आई।बता दे यह नीलिमा बाघिन ,बाघिन नीलम की बेटी है। नीलिमा की उम्र 7 वर्ष के करीब बताई जा रही है और उसने नन्हे शावक को जन्म दिया है जो पर्यटकों को गर्मी के समय में छांव मे अपने नन्हे शावक के साथ आराम करते अठखेलियाँ करते दिखाई दी। आंखों को सुकून देने वाला जब यह नजारा पर्यटकों को दिखाई दिया तो पर्यटकों ने इस नजारे को अपने कैमरे में कैद किया अब यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा।

ये कान्हा के लिए एक अच्छा संकेत है- गोयल

इस पूरे मामले को लेकर दुरभाष पर की गई चर्चा के दौरान कान्हा नेशनल पार्क डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल ने कान्हा में बाघों की बढ़ती आबादी पर उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि कान्हा में बाघ शावक बड़े हो रहे हैं और नए शावक भी जुड़ते जा रहे हैं।ये कान्हा के लिए एक अच्छा संकेत है। उन्होंने आगे बताया कि कान्हा में बाघों की आबादी सतत बढ़ रही है।अभी कई मादाओं के साथ शावक है जो आगे भी संख्या बढ़ने के संकेत हैं।बाघों की सुरक्षा में आने वाली चुनौतियों पर उन्होंने बताया कि वन कर्मियों को सघन वन क्षेत्र और विषम परिस्थितियों में दैनिक गश्ती करनी पड़ती है। इस दौरान वन्य प्राणी के हमले की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने बताया कि हर वन कर्मी प्रतिदिन 10 किमी पैदल गश्ती करता है। इस तरह कान्हा में पैदल, हाथी और वाहन की मदद से प्रतिमाह करीब 50 हजार किमी की गश्ती होती है।

वेटरनरी कॉलोनी से लेकर आमाघाट तक परिवर्तित किया हुआ मार्ग गड्ढों में हुआ तब्दील

पानी आने से मार्ग पर फिसल रहे वाहन

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। जिला प्रशासन द्वारा सरेखा ओवरब्रिज और गर्रा ओवरब्रिज के निर्माण कार्य के चलते शहर के कुछ मार्गों को परिवर्तित्व कर दिया गया है किंतु उन मार्गों की अब इतनी स्थिति खराब होते जा रही है और यह मार्ग अब यातायात का दबाव नहीं सह पा रहे है हम बात कर रहे हैं वेटरनरी कॉलोनी से डेंजर रोड के लिए निकलने वाला आमाघाट वाला मार्ग जो विद्युत विभाग की ओर से निकलता है जहां पर संबंधित विभाग द्वारा रोड के मरम्मतीकरण करने के लिए रोड के किनारे बड़े-बड़े मिट्टी के ढेर लाकर डाल तो दिया गया है लेकिन उसे बिना बिछाए ही छोड़ दिया गया है जिस कारण बे मौसम हुई बरसात के कारण अब वहां से जाने आने वाले लोगों की गाड़ियां फिसल रही है और लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दे की जिला प्रशासन द्वारा बन रहे ओवर ब्रिज के लिए शहर के कुछ मार्गों को परिवर्तित किया है किंतु परिवर्तित किए हुए मार्गों की हालत बहुत अधिक खराब है कल ही हमने गोंगलाई से लेकर नवेगांव तक के मार्ग की खबर प्रकाशित की थी तो वहीं अब वेटरनरी कॉलोनी से लेकर डेंजर रोड स्थित आमाघाट तक जो मार्ग जिला प्रशासन द्वारा परिवर्तित किया गया है उसकी स्थिति बहुत अधिक खराब हो चुकी है जबकि इसे जिला प्रशासन द्वारा मरम्मतीकरण करने हेतु यहां पर मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर लाकर तो रख दिए गए हैं किंतु संबंधित विभाग द्वारा इस मार्ग पर मिट्टी को नहीं बिछाया गया है जिस वजह से अभी हुई बे मौसम बारिश की वजह से यहां से आने-जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है देखा जाए तो महज यह 1 से 2 किलोमीटर दूरी की यह सड़क है जो नए जिला पंचायत की ओर से वेटरनरी कॉलोनी होते हुए डेंजर रोड को निकलता है और बाईपास बनाने के बाद इस मार्ग पर अत्यधिक यातायात का दबाव आ रहा था जिस कारण अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस मार्ग का निरीक्षण किया गया और इसे डेंजर रोड से बाईपास के लिए परिवर्तित मार्ग बनाया गया, हालांकि इस रोड में काफी गड्ढे थे यह रोड पक्का मार्ग नहीं बना था जिस पर अभी संबंधित विभाग के द्वारा गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी लाकर रख दी गई है किंतु यहाँ मिट्टी के ढेर कई दिनों से लाकर जैसे के वैसे रखे हुए हैं किंतु इस मिट्टी को गड्ढों में नहीं भरा गया है जिस वजह से अभी हुई बरसात से यहां और स्थिति खराब हो गई है।

बारिश होने से मार्ग हुआ खराब

जिस प्रकार से इस मार्ग को परिवर्तित किया गया है किंतु यह मार्ग पहले से ही पक्का नहीं बनाया गया है यह कच्चा मार्ग है और इस पर संबंधित विभाग के द्वारा मिट्टी के ढेर लाकर तो डाल दिया गया है और इस मार्ग को परिवर्तित भी कर दिया गया है किंतु इस मार्ग को परिवर्तित करने के बाद संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है यहां लाए हुए मिट्टी के ढेर जैसे के वैसे रखे हुए हैं और पानी आने की वजह से यह मार्ग और अधिक खराब हो गया है यहां पर आने जाने वाले वाहन चालक के वाहन अब फिसल कर गिर रही है वहीं कुछ लोग का कहना है कि इस मार्ग पर यदि गड्ढों को भर दिया जाता है तो आने-जाने में काफी मदद होती।

अब परिवर्तित किया मार्गों की हालत हो गई है खराब

जहां-जहां भी जिला प्रशासन द्वारा मार्गों का परिवर्तित किया गया है उन मार्गों की स्थिति आज काफी अधिक खराब हो गई है क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा इन मार्गों को पक्का बनाए बिना ही परिवर्तित कर दिया गया है जिस वजह से परिवर्तित किए हुए मार्ग अब यातायात का दबाव को नहीं झेल पा रहे हैं और मार्गों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होते जा रही है ऐसा ना हो कि इन मार्गों पर हादसे होना शुरू हो जाए।

डीजे की धुन पर निकाली कलश शोभायात्रा

भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा किया अनावरण

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत गर्रा के ग्राम गर्रा में रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसके पूर्व आदिवासी समाज द्वारा डीजे की धुन पर कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने नाचते हुए पूरे ग्राम का भ्रमण किया। जिसमें महिलाएं व युवतियों द्वारा सिर पर कलश धारण किए थे। शोभायात्रा भ्रमण करने के बाद शासकीय माध्यमिक शाला व शासकीय प्राथमिक शाला के समीप कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां पर विधि-विधान से हवन पूजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने हवन में आहुतियां डाली। जिसके बाद भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा ये अकेले आदिवासी नेता हैं, जिनका चित्र भारतीय संसद में प्रदर्शित है। ये मुंडा जाति ही नहीं, आदिवासी या अनुसूचित जनजातीय गौरव के सबसे बड़े प्रतीक हैं। इनका जन्म झारखंड राज्य के खूंटी जिले के उलिहातू में हुआ था। 15 नवंबर 1875 को बिरसा मुंडा का जन्म हुआ। नौ जून 1900 में रांची के कारागार में मृत्यु हुई। करीब 19 वर्ष की आयु में उन्होंने बिरसा सेना का गठन किया। उन्होंने बताया कि 600 से ज्यादा पारंपरिक लड़ाके उनके साथ थे। भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी चिंतन, संस्कृति के साथ हिंदू धर्म के ज्ञान और ईसाई धर्म के संगठन व्यवहार से प्रभावित थे। भगवान बिरसा मुंडा ने पारंपरिक सेना बनाकर अंग्रेजों और बाहरी लोगों से सीधे लड़ाई में उतरकर आदिवासियों का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

एक व्यक्ति ने अपने खेत में फांसी लगाकर की आत्महत्या

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। बैहर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम कुमारी में इसी ग्राम के एक व्यक्ति ने अपने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । बैहर पुलिस ने मृतक लोकचंद पिता डोंगर ऐड़े 62 वर्ष की फांसी पर लटकी लाश बरामद की और पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। इस व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या की जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकचंद ऐड़े अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में पत्नी, दो बेटे और दो बहुएं हैं। यह भी बताया गया है कि लोकचंद ऐड़े शराब पीने का आदि था। घटना के एक दिन पहले 20 अप्रैल को लोकचंद ऐड़े ने जमकर शराब पी थी और खेत में पड़ा हुआ था जिसे उसके परिवार वालों ने उठाकर घर आए थे। 21 अप्रैल को सुबह 6:00 बजे लोकचंद ऐड़े अपने खेत गया था। 7:00 बजे जब उसका बेटा पंकज खेत गया देखा उसका पिता लोकचंद ऐड़े खेत में पलाश के पेड़ में फांसी पर लटका हुआ था। जिसकी मौत हो चुकी थी। लोकचंद ऐड़े ने पलाश के पेड़ में नायलॉन की रस्सी बांधकर फांसी लगा ली थी। जिसकी रिपोर्ट उसके भाई खेमचंद ऐड़े ने बैहर थाना में की थी। जहां से सहायक उप निरीक्षक कैलाश पटेल ने ग्राम कुमादेही पहुंचकर मृतक लोकचंद ऐड़े की फांसी पर लटकी हुई लाश उसके खेत से बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की गई की लोकचंद ऐड़े ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या की । आगे मर्ग जांच सहायक उप निरीक्षक श्री पटेल द्वारा की जा रही है।

बे-मौसम बारिश एवं मौसम परिवर्तन से रबी धान की फसल में लग रही बीमारी

कीटनाशक दवाई का छिड़काव के बाद भी बीमारी नही हो रही कंट्रोल, किसान परेशान , किसानों ने सरकार से रबी धान की फसल को समर्थन मूल्य में खरीदी करने की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित ग्रामीण अंचलों के किसानों के द्वारा जिनके पास सिंचाई का साधन है ऐसे किसानों के द्वारा रबी सीजन में धान की फसल लगाई गई है और पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष रबी धान की फसल लगाने का रकबा भी बढ़ा है परन्तु बार-बार मौसम परिवर्तन होने एवं बे-मौसम बारिश होने और बदलीनुमा मौसम बने रहने के कारण धान की फसल पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही तनाछेदक, माहु, पोंगा, बाली सुखने सहित अन्य बीमारियां भी फसल में लग रही है। जिससे किसान खासा परेशान नजर आ रहे है और जिन किसानों की फसल पककर तैयार हो चुकी है वे बे-मौसम बारिश होने से उसकी कटाई नही कर पा रहे है। ऐसी स्थिति में बारिश होने से धान गीली हो रही है जिससे किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है और लगातार बारिश होने के साथ ही ओलावृष्टि होती है तो किसानों को काफी नुकसान होगा एवं फसल उत्पादन भी कम होगा जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ेगा। वहीं किसानों के द्वारा धान की फसल में लग रही बीमारी की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाईयों का भी छिड़काव किया जा रहा है परन्तु बीमारी कम नही हो पा रही है जिसका मुख्य कारण माना जा रहा है कि मौसम परिवर्तन एवं बारिश क्योंकि फसल में दवा का छिडकाव करने के बाद बारिश हो जाती है जिसके कारण दवाई का असर फसल पर नही पड़ रहा है जिसके कारण किसान परेशान है। साथ ही किसानों ने शासन-प्रशासन से खरीफ धान की फसल जिस तरह से सरकार समर्थन मूल्य में खरीदी करती है उसी तरह रबी सीजन की धान की फसल को भी समर्थन मूल्य में खरीदी करने की मांग की है ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

मौसम खराब होने से फसल पर पड़ रहा विपरित प्रभाव

आपको बता दे कि नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में विगत दिवस से बार-बार मौसम परिवर्तन हो रहा है और रविवार की शाम से अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही सोमवार को सुबह के समय तेज बादल गर्जना के साथ करीब आधे घंटे तक बारिश हुई है। जिसके बाद दिनभर बूंदाबांदी बारिश दौर जारी रहा। साथ ही आसमान में बादल छाये रहने एवं दिनभर रूक-रूक कर हुई रिमझिम बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत भी मिली है और मौसम में ठंडकता घुल चुकी है जिसके कारण ठंड का एहसास भी हो रहा है। वहीं मौसम परिवर्तन के साथ ही बे-मौसम हो रही बारिश से रबी धान की फसल पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण फसल में विभिन्न प्रकार की बीमारी भी लग रही है। साथ ही तेज आंधी-तूफान व बारिश होने से जो धान गर्भ में है या फिर जो निकल चुकी है उसकी बाली झलने लगी है जो पकने के बाद वह बदरा बना जायेगा जिससे किसानों को बहुत कम फसल उत्पादन होगा जिसके कारण किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है। इस तरह से वर्तमान में हो रही बे-मौसम बारिश व मौसम परिवर्तन से सबसे अधिक रबी धान की फसल को नुकसान है और किसान मौसम साफ होने का इंतेजार कर रहे है ताकि जिन लोगों की फसल पककर तैयार हो चुकी है वे उसकी कटाई कर उसे सुरक्षित कर सके। वहीं मौसम साफ होने पर फसल में लग रही बीमारी की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर फसल को बचा सकते है। साथ ही मौसम विभाग के अनुसार २७ अप्रैल तक इसी तरह का मौसम बने रहने एवं बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। अगर क्षेत्र में तेज बारिश होने के साथ ही ओलावृष्टि होती है तो धान की फसल को काफी नुकसान होगा और यह बारिश वैचारिक कार्यक्रमों में भी खलल डाल रहा है जिससे सभी परेशान है।

धान की फसल में लग रही माहु, तनाछेदक बीमारी - राजेन्द्र

किसान राजेन्द्र हरिनखेड़े ने बताया कि तीन एकड़ में रबी की धान फसल लगाया हूं लेकिन बार-बार मौसम परिवर्तन होने एवं बे-मौसम बारिश हो रही है और तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि होती है तो फसल खराब होने का डर बना हुआ है एवं बदलीनुमा मौसम व बारिश होने से फसल में माहु, तनाछेदक सहित अन्य बीमारी भी लग रही है जिसकी रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर रहे है परन्तु बीमारी कंट्रोल नही हो रही है जिससे किसान खासा परेशान है। श्री हरिनखेड़े ने बताया कि इसी तरह मौसम बना रहता है तो फसल उत्पादन अधिक नही ले पायेगें किसान इसलिए मौसम साफ रहना चाहिए और तेज धूप लगने पर बीमारी भी दूर होगी और फसल उत्पादन भी अधिक होगा।

फसल को लेकर किसान चिंतित है - मुरली

मुरली सपाटे ने बताया कि बारिश होने एवं बदलीनुमा मौसम बने रहने से धान की फसल में माऊ बीमारी लगने के साथ ही सफेद बाली निकाल रही है जिसमें दाने नही आ रहे है वह पूरा बदरा बन जायेगा। ऐसी स्थिति में किसान को फसल उत्पादन बहुत कम होगा और मौसम परिवर्तन होने से फसल पर उसका विपरित प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण विभिन्न प्रकार की बीमारी लग रही है जिसकी रोकथाम के लिए महंगी-महंगी बाजार से दवाई खरीदी कर छिड़काव भी कर रहे है परन्तु बीमारी रूक नही रही है जिससे किसान फसल को लेकर चिंतित है। अगर ऐसा ही मौसम बना रहा तो जितनी लागत फसल लगाने में किसानों ने लगाया है उतना निकलना भी मुश्किल है इसलिए मौसम साफ होना चाहिए। श्री सपाटे ने बताया कि बारिश होने से जिन किसानों की फसल पक चुकी है वे उसकी कटाई नही कर पा रहे है, मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे है, अगर तेज बारिश होती है तो धान गीली हो सकती है जिससे व्यापारी कम दामों में खरीदेगा जिससे किसान को आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ेगा।

रबी धान की फसल को समर्थन मूल्य में खरीदे सरकार - नोपलाल

रूपलाल बिसेन ने बताया कि ५ एकड़ में धान की फसल लगाया हूं, लेकिन मौसम खराब होने व बारिश होने के कारण धान के फुल झड़ रहे है एवं बाली नही निकल पा रही है और ओलावृष्टि होने से फसल को काफी नुकसान हुआ है जिससे किसान परेशान है एवं जिस तरह से मौसम बना हुआ है जिससे ऐसा लग रहा है कि तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई तो फसल को काफी नुकसान हो सकता है जिससे फसल लगाने व पकाने में लगाई गई लागत निकलना मुश्किल हो जायेगा। श्री बिसेन ने बताया कि वर्तमान में जो बारिश हो रही है वह आफत की बारिश हो रही है क्योंकि रबी की धान पकने में आ चुकी है एवं जिन्होने पूर्व में लगाये है वह पककर कट भी चुकी है परन्तु बारिश होने से उसके कड़पे नही उठा पा रहे है किसान। साथ ही यह भी बताया कि इस वर्ष गर्मी का एहसास भी नही हो रहा है क्योंकि हर सप्ताह बारिश हो रही है और रबी सीजन में लगाई गई धान को सरकार समर्थन मूल्य में नही खरीदती है ऐसी स्थिति में व्यापारियों को कम दाम में विक्रय करना पड़ता है इसलिए सरकार से मांग है कि रबी सीजन की धान की फसल को समर्थन मूल्य में खरीदी करें जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

पांढरवानी में मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पांढरवानी में स्थित हनुमान मंदिर में नवयुवक हनुमान



जन्मोत्सव समिति के द्वारा २३ अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए समिति के पदाधिकारियो ने बताया विप्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी २३ अप्रैल को नवयुवक हनुमान जन्मोत्सव समिति पांढरवानी के द्वारा भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रातः ५ बजे जलाभिषेक कर भगवान बजरंगबली को चोला अर्पित किया जायेगा जिसके बाद प्रातः ८ बजे संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं दोपहर ३ बजे हवनपूजन व आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर भगवान हनुमानजी महाराज के भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील नवयुवक हनुमान जन्मोत्सव समिति सदस्य रवि बनवाले, राजेन्द्र कामडे, सचिन चावले, सुरेन्द्र शोरले, राजेश सोनी, उत्तम नागेश्वर, दुर्गा नागेश्वर, मनोज उराड़वंश,अनिल यादव, मनीष सोनवाने, राज माने, अखिलेश देशमुख, जितेन्द्र यादव, तितेश श्रीवास, विनीत कावरे, रोहन मात्रे, अजेश यादव, अंकुश बरले, अंकित बाहेश्वर, सोनू कामडे, अंकित देशमुख, संतोष देशमुख, शारदा हट्टेवार, भुनेंद्र उराड़वंश, धर्मेन्द्र यादव, संतोष श्रीवास व विजय देशमुख सहित अन्य सदस्यों ने की है।

बांदरी से कंजई पहुंच मार्ग खराब होने से आवागमन में हो रही परेशानी

ग्रामीणजनों ने सड़क का जल्द निर्माण करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १३ किमी. दूर ग्राम पंचायत बांदरी से कंजई पहुंच मार्ग खराब होने के साथ ही जगह-जगह गड्ढे बन गये है जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणजनों एवं राहगीरों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आपको बता दे कि बांदरी से कंजई पहुंच मार्ग का निर्माण कर विगत वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया है परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण जगह-जगह से डामर के परखच्चे उखड़ने के साथ ही गड्ढे बन गये है।

जिसके कारण सड़क से आने-जाने वाले लोगों को बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सड़क खराब होने से पूर्व में दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है एवं हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस सड़क की समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जबकि इस मार्ग से बांदरी, बोट्टा व अन्य ग्राम के ग्रामीणजन कंजई, भांडामुरी, नेवरगांव ला. की ओर जाते है और यह मार्ग बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग को भी जोड़ता है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस सड़क की समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणजन व राहगीरों ने बांदरी से कंजई पहुंच मार्ग का जल्द निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

आशिक यादव का शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार निवासी २२ वर्षीय आशिक यादव का चौपहिया वाहन से रोड़ में गिर जाने से सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी अल्पायु में मौत हो गई। जिसका अंतिम संस्कार २२ अप्रैल को शाम में स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। चर्चा में औल्याकन्हार सरपंच प्रतिनिधि ओपी बिसेन ने बताया कि आशिक यादव २० अप्रैल को अपने चित-परिचित में केवलारी से सिवनी शादी समारोह कार्यक्रम में गया था और शादी से वापसी के समय दहेज लेकर आ रहे चौपहिया वाहन में पीछे बैठकर सिवनी से केवलारी की ओर जा रहे थे। तभी अचानक ब्रेकर लगने से चौपहिया वाहन का दरवाजा खुलने से आशिक नीचे रोड़ पर गिर गया जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया। जिसके बाद उसे तत्काल केवलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं चौपहिया वाहन से रोड़ में गिरने से आशिक यादव की मौत हो जाने की जानकारी लगते ही चित-परिचितों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. आशिक यादव सरल, स्वभाव व मृदुभाषी का धनी था जिनका अंतिम संस्कार २२ अप्रैल की शाम में औल्याकन्हार स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति एवं परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की है। शोक व्यक्त करने वालों में श्रीमती प्रेमलता बिसेन सरपंच, ओपी बिसेन चेयरमैन औल्याकन्हार फिजिकल क्लब, सरपंच प्रतिनिधि, छन्नूलाल कटरे पूर्व जनपद सदस्य, श्रीमती ज्योति सिलारे पूर्व सरपंच, संतलाल पन्द्रे पंचायत सचिव, शीतलप्रसाद हरिद्वाज, उपसरपंच, शीतल ब्रम्हे, परमानन्द नागेश्वर, हितेश नागेश्वर, विनय हरिद्वाज, रोहित हरिद्वाज, धनेन्द्र पटले, श्रीमती डेलन बोपचे, श्रीमती सरला यादव, श्रीमती रविता पाण्डे, श्रीमती पुष्पा चौहान, दीपक कटरे, संदीप गुनेश्वर पंच, कोमल बोपचे, सोहनलाल कटरे, दीपक सिलारे, नंदकिशोर बिसेन, अमित हरिद्वाज, संतोष सोनवाने, सुनील बिसेन, जीतू पटेल, संतोष नागेश्वर, शान्तनु भारद्वाज, सुशील ब्रम्हे, अंकित नागेश्वर, भुनेश्वर कटरे, भोजराज कटरे, शंकरलाल यादव, संजय ब्रम्हें, राजेश बनवाले, गजेन्द्र हरिद्वाज, श्यामकिशोर यादव, महेन्द्र चौहान, प्रमोद चौहान, रोमेश हरिद्वाज उर्फ राजा भैया, सनम ब्रम्हे, निकेश ब्रम्हे, मोहम्मद सुलेमान खान, राजकुमार यादव, सम्पत यादव, कमल मेश्राम, धर्मेंद्र चौहान, मंगल सहारे, कृष्णा सहारे, डैलेष ब्रम्हे, प्रियांशु चौहान सहित अन्य ग्रामीणजन व रिस्तेदार उपस्थित रहे।

लालबर्रा बजरंग मंदिर में धूमधाम से मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव आज

सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन व भंडारे का होगा आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित बजरंग मंदिर में बजरंग मंदिर समिति के द्वारा २३ अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा और इस अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए बजरंग मंदिर समिति लालबर्रा के संरक्षक ज्ञानचंद शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान हनुमान जी का प्राकृट्य उत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। इस अवार पर प्रातः १० बजे सुन्दरकांड पाठ किया जायेगा, प्रातः ११.३० बजे से राधे-राधे महिला मंडल के द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी जायेगी जिसके बाद भगवान हनुमान की पूजा अर्चना एवं आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील बजरंग मंदिर समिति लालबर्रा के पदाधिकारियों ने की है।

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के चार विद्यार्थियों का युविका में हुआ चयन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। इसरो द्वारा प्रायोजित युविका 2024 के लिये पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की

छात्रा कुमारी धान्या कावड़े, कुमारी आरुषि जैन, कुमारी यामिनी ठाकुर एवं छात्र क्षितिज पवार युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम के अंतर्गत सतीश धवन स्पेस सेंटर श्री हरिकोटा हेतु चयनित हुए हैं। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन, जबलपुर संभाग के उपायुक्त डीआर मीणा तथा जिला बालाघाट के जिलाधीश डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की इस सफलता पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है। मध्य प्रदेश से कुल 10 छात्रों का चयन हुआ, जिसमें कुल पाँच छात्र बालाघाट जिले से चयनित हुए हैं। जिसमें एक अन्य छात्र भास्कर राउत जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी से चयनित हुए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उभरते रुझानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है, जो हमारे देश के भावी निर्माण की आधारशिला हैं। विद्यालय परिवार पुनः शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

अमोली में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली जायेगी भव्य बाईक रैली आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली में ग्रामीणजनों व बजरंग सेवादल समिति के संयुक्त तत्वाधान में २३ अप्रैल को भगवान हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए बजरंग सेवा दल समिति के पदाधिकारी किशोर पंचेश्वर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम में स्थित हनुमान मंदिर में २३ अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रातः ८ बजे बाईक रैली निकाली जायेगी जो बस स्टैण्ड का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंचेगी जिसके बाद प्रातः १० बजे भगवान हनुमान जी का जलाभिषेक, पूजा अर्चना, हवन-पूजन एवं सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया है और दोपहर ३ बजे पुनः बाईक रैली निकाली जायेगी। जिसके बाद शाम ५ बजे महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील बजरंग सेवादल समिति के पदाधिकारी व ग्रामीणजनों ने की है।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

आज मनाई जायेगी भगवान हनुमान की जयंती

मंदिरों में की जा रही विशेष तैयारी

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। २३ अप्रैल को नगर सहित पूरे क्षेत्र में वीरों के वीर रामभक्त हनुमान की जयंती धार्मिक आस्था के अनुरूप समस्त हनुमान मंदिर में मनाई जायेगी। भगवान राम के जन्मोत्सव के बाद संकट मोचक हनुमान भगवान की जयंती काफी धूमधाम से हनुमान भक्त मनाते है। जिसकी तैयारी के लिये नगर सहित क्षेत्र के हनुमान मंदिर में भक्तगण तैयारी में जुटे हुये है। इसी कड़ी में नगर के हनुमान व राम मंदिर में तैयारी जोर पर है और हनुमान भक्त तरह तरह की तैयारी कर रहे है।

सिध्द हनुमान मंदिर गंगोत्री से निकलेगी बाईक रैली

नगर के वार्ड न. १४ गंगोत्री में स्थित सिध्द श्री जागृत हनुमान मंदिर जोड़ा पीपल में भी भव्य हनुमान जयंती मनाई जायेगी। यह मंदिर कई वर्ष पुराना है इस संबंध में जानकारी देते हुये मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह काफी प्राचीन मंदिर है आज २३ अप्रैल को इस मंदिर में सुबह ५.३० बजे से भगवान का अभिषेक कर विधि विधान से पूजन पाठ किया जायेगा। तत्पश्चात ११ बजे बाइक रैली निकाली जायेगी फिर मंदिर में १२ बजे सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। यह कार्यक्रम दिन भर चलेगा। वही दोपहर २ बजे हवन पूजन कर शाम को विशाल भंडारे के रूप में महाप्रसाद का वितरण होगा।

राम मंदिर में होगी विशेष पूजा

इसी तरह श्री राम मंदिर में भी भगवान हनुमान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी।जिसमे प्रात:काल भगवान संकट मोचक हनुमान का रूद्राभिषेक कर सुंदर पाठ हनुमान चालिसा का पाठ किया जायेगा। साथ ही विविध

धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे वही भक्तगणों को महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।

सराफा बाजार

हनुमान मंदिर में धार्मिक आस्था के साथ मनाई जायेगी जयंती

इसी तरह नगर के सराफा बाजार स्थित मंदिर में भी हनुमान जयंती कार्यक्रम धार्मिक आस्था के अनुरूप मनाया जायेगा। प्रात:काल दूध दही से भगवान हनुमान का अभिषेक होगा उसके पश्चात सुंदर कांड व हनुमान चालिसा का पाठ किया जायेगा। वही शाम को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। गौरतलब है कि इस मंदिर में भी भक्तो की प्रगाढ आस्था व्याप्त है।

लक्ष्मी नारायण मंदिर में लगेगा भक्तों का तांता

नगर के अति प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी हनुमान भक्तो का भारी तादाद में प्रतिवर्ष जमावड़ा रहता है। जिसकी तैयारी में मंदिर समिति द्वारा २२ अप्रैल को सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है। मंदिर समिती व उनके पुजारी का कहना है कि यह मंदिर काफी प्राचीन मंदिर है। जिसमें भगवान हनुमान की प्रतिमा एकाएक प्रकट हुई है। पहले यह प्रतिमा मंदिर परिसर में लगे एक पेड़ के नीचे रखी गई थी। वक्त बदला और भक्तों ने जनसहयोग कर इस मंदिर का निर्माण कराया जो काफी भव्य है। मंदिर समिति द्वारा व भक्तो के द्वारा पूरे विधि विधान से हनुमान जयंती मनाये जाने की तैयारी कर ली गई है। वही भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा साथ ही दिनभर संगीतमयी हनुमान चालिसा पाठा का आयोजन होगा।

रामदेव बाबा मंदिर में भी होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम

नगर के रामदेव बाबा मंदिर में २३ अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे प्रात: ६ बजे से हनुमान जी महाराज का अभिषेक एवं पूजन तत्पश्चात हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ व प्रसाद वितरण किया जायेगा जिसमे सभी से उपस्थित होकर हनुमान का प्रगट दिवस में धर्मलाभ अर्जित करने की अपील रामदेव बाबा मंदिर समिती ने की है।

हनुमान भक्तों में दिख रहा काफी उत्साह

गौरतलब है कि आज २३ अप्रैल को मनाई जाने वाली हनुमान जयंती को लेकर नगर का वातावरण हनुमान मयी होने के साथ ही भक्ति भाव से ओत प्रोत दिखा। मंदिरो के सामने जहां केशरिया रंग की तोरन सँज गई वही मंदिर परिसर की साफसफाई का अभियान चलाया गया। पूरा नगर भक्तिमयी वातारण में डूब चुका है खासकर हनुमान भक्त आज मनाई जाने वाली जयंती को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे है।

२ दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस संपन्न

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं डॉ. एसएस गेड़ाम की उपस्थिति में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन विज्ञान संकाय द्वारा गत दिवस किया गया। यह

कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित था। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस के संयोजक डॉ.दौलतराम ग्वालवंशी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं द्वितीय दिवस कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश चौरे द्वारा विज्ञान दिवस कायक्रम पर स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करने तथा विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने के उद्देष्य से क्विज, पोस्टर, विज्ञान मॉडल, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम पर प्रथम विषेषज्ञ के रूप में डॉ0 सतिश चिले सेवानिवृत्त प्राध्यापक द्वारा जैव विविधता एवं इसके महत्व पर प्रभावी जानकारी प्रस्तुत की गयी। वही डॉ. दुर्गेश अगासे द्वारा विज्ञान उपकरणों पर ज्ञानवर्धक जानकारी विद्यार्थियों को दी गयी। गोलु परते द्वारा रसायन विज्ञान प्रयोगशाला में उपयोग में आने वाले उपकरणों के सिद्धाँत व उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में उपरोक्त प्रतियोगिताओं में चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र, शील्ड एवं मेडल वितरित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन प्रभारी डॉ. मिथलेश्वरी घोरमारे विभागाध्यक्ष गणित विभाग रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ सहित महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

एसएसपी महाविद्यालय में मना या गया विश्व पृथ्वी दिवस

विभिन्न प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में ईको क्लब द्वारा २२

अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग ४० विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय गृह बनाम प्लास्टिक् थी तथा विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही उत्सुकता से प्रतियोगिता में सहभागिता दी गयी । कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी डॉ.रत्नेश गजभिये द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाने के उद्देश्यों और इसके इतिहास पर प्रकाश डालकर बताया की हर साल २२ अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगो के भीतर पर्यावरण के प्रति जगरूकता फैलाना एवं धरती को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयाशो को प्रोत्साहित करना है। साथ ही इस वर्ष की थीम गृह बनाम प्लास्टिक के ऊपर व्याख्यान दिया गया व बताया गया की प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करे और जो भी प्लास्टिक उपयोग में आये उसकी आकर्षण उपयोगी सामग्री बनाकर पुन: उपयोग करे। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एसडी तिरपुडे, डॉ. सत्यशील गेडाम, डॉ. तृप्ति सोनवे, डॉ राकेश चौरे, नरेन्द्र डोंगरे ईको क्लब प्रभारी डॉ रत्नेश गजभिये द्वारा लाइफलाइन शपथ लेकर किया गया।

स्थानीय कृषि उपज मंडी में नही थम रहा धान चोरी होने का सिलसिला

२२ अप्रैल को भी हुई किसानो की धान चोरी

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। नगर की स्थानीय धान मंडी में धान चोरी होने का सिलसिला थम नही रहा है। लगातार मंडी में धान चोरी हो रही है। जिसकी वजह से किसान खासा परेशान हो रहा है। ऐसे में किसान मंडी प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बनाये जाने की मांग कर रहे है ताकी मंडी में किसान की पशीने से तैयार की गई फसल पर सेंध न लगे। ऐसा ही एक मामला किसान रमेश टेंभरे के साथ हुआ जिसने अपनी १० क्विंटल फसल को बेचने के पूर्व ही उसकी उपज से २० से २५ किलो धान चोरी हो गई जिसकी शिकायत भी उसके द्वारा मंडी कार्यालय में की गई है। मगर सुरक्षा के पर्याप्त साधन नही होने की वजह से उसे निराशा ही हाथ लगी है।

२० से २५ किलो हुई धान चोरी - रमेश टेंभरे

इस संबंध में रमेश टेंभरे किसान ने पद्मेश को बताया कि वे एक किसान है २२ अप्रैल को वे अपनी धान उपज को बेचने वारासिवनी धान मंडी में आये थे। उनकी उपज करीब १० क्विंटल के करीब थे मगर जब उनकी धान

की बोली लगी तो करीब २० से २५ किलो धान तुलाई के समय कम पायी गई है। इसकी सूचना उन्होने मंडी कार्यालय में भी दी है मगर किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नही कराई गई है। प्रतिदिन मंडी से किसानों के ढ़ेर से चोरी हो रही है मगर चोरी कौन कर रहा है इस बारे में किसी को नही पता है।

लगातार हो रही हम किसानो की धान चोरी - सूरजलाल नगपुरे

वही किसान सूरजलाल नगपुरे ने पद्मेश को बताया कि लगातार धान की चोरी होने की बात कही जा रही है। २२ अप्रैल को उनके द्वारा लायी गई धान को जब ढ़ेर में बोली के लिये लगाया गया था। वे कुछ समय के लिये चाय पानी नाश्ता के लिये गये थे उसी दौरान उनके ढ़ेर से धान चोरी हो गई है। अब धान कितनी चोरी हुई है वे इस बारे में बता नही सकते। मगर मंडी परिसर में सुरक्षा के किसी प्रकार के संसाधन नही होने के कारण इस तरह हम किसानो की धान चोरी हो रही है। मंडी प्रशासन को इस बारे में किसान हित में सुरक्षा के इंतजाम करना चाहिये ताकि हम लोगो को किसी प्रकार का नुकसान न हो।

इनका कहना है

इस संबंध में पद्मेश से रूबरू पर चर्चा करते हुये कृषि उपज मंडी के सचिव डीएल पंचेश्वर ने बताया की हमारे कर्मचारी लगातार मंडी प्रांगण में निगरानी करते रहते है। हम भी चाहते है कि मंडी प्रांगण में किसानो की उपज की चोरी न हो मगर चोरी हो रही है। जिसे रोकने के प्रयास किये जायेंगे।

डीएल पंचेश्वर
मंडी सचिव वारासिवनी

अज्ञात मोटर साईकिल ने मारी कार को पीछे से टक्कर

मोटर साईकिल सवार फरार, बालाघाट रोड़ वारा रेल्वे क्रासिंग के पास की घटना

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट रोड़ स्थित वारा रेल्वे क्रासिंग के पास एक अज्ञात मोटर साईकिल सवार ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी। हालाकि इस घटना में कार के पीछे के भाग पर नुकसान हुआ है वही मोटर साईकिल चला रहे युवक ठोस मारकर फरार हो गये। अचानक हुये इस सड़क हादसे के बाद लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी जिसकी वजह से कुछ देर के लिये जाम लग गया। वही पुलिस ने आकर स्थिति को नियंत्रण में किया ओर कार व उसके मालिक को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये थाना ले आयी। यह कार अमित फुलमारी की बताई जा रही है जो वारासिवनी नगर के निवासी है। पद्मेश को जानकारी देते हुये अमित फुलमारी ने बताया कि वे बालाघाट अपने निजि कार्य से गये थे। जब वे वारासिवनी की तरफ आ रहे थे तभी वारा रेल्वे क्रासिंग के पास उनकी कार को पीछे से आ रही एक अज्ञात मोटर साईकिल ने जोरदार टक्कर मारी है। जिससे उनकी नई कार के पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। दोनो बाईक सवार को जब तक वे रोकते वे भाग गये। उन्होने हॉल ही में कार खरीदी है। उन्होने इस बात की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुँच कर उन्हे रिपोर्ट दर्ज करने की सलाह दी है।

कोचिंग सेंटर के सामने से हुई छात्रा की साईकिल चोरी : १० दिन पूर्व पिता की हुई थी मोटर साईकिल चोरी

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। पहले मोटर साईकिल चोरी हुई अब अपनी लड़की की रेंजर साईकिल २२ अप्रैल को चोरी हो गई। यह साईकिल चोरी की वारदात वार्ड नं.१ स्थित एक कोचिंग सेंटर के पास से हुई है। हालाकि पीड़ित पक्ष ने इस बारे में समाचार लिखे जाने तक पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज नही कराई थी। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये अकबर आशिफ खान ने बताया कि वे वार्ड नं.९ के निवासी है। उनकी बेटी जब २२ अप्रैल को कोचिंग सेंटर गई थी जो रामपायली रोड़ के पास है। उसने अपनी रेंजर साईकिल सेंटर के सामने खड़ी की थी। जब कोचिंग खत्म हुई तो उसकी साईकिल नदारत थी। उसने मुझे सूचना दी जिसके बाद मेरे द्वारा इधर उधर तलाश की गई। मगर साईकिल का पता नही चला है। इसके १० दिन पूर्व जब वे नमाज पढ़ने गये थे तब उनकी मोटर साईकिल मस्जिद के सामने से चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट भी वारासिवनी पुलिस में दर्ज कराई गई है। लगातार हो रही मोटर साईकिल व साईकिल चोरी की वारदाते बढ़ रही है जिस पर पुलिस प्रशासन को ऐसे अज्ञात चोर गिरोह के बारे में पतासाची करना चाहिये ताकि हम जैसे गरीब लोगो के साथ इस तरह की घटनाऐं न हो।

पानी गिरने से कई कच्चे मार्ग पर हुआ कीचड़

मौसम का फिर बदला मिजाज

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। मौसम परिवर्तन के चलते फिर एक बार बारिश का दौर प्रारंभ हो चुका है। २२ अप्रैल को भी इसी तरह का दौर क्षेत्र में देखा गया जिसकी वजह से कई कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। जिसकी वजह से आवागमन में काफी गहरा असर पड़ा है। गौरतलब है की कोस्ते से मंगेझरी व शिवधाम मोहल्ले से सीधे मदनपुर को जोड़ने वाला मार्ग कीचड़ युक्त हो गया है। जिसकी वजह से आवागमन निकलने के दौरान फिसल गये है जिसकी वजह से कुछ

करने वाले लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। यहा यह बताना लाजमी है कि यह दोनो मार्ग के अलावा भी क्षेत्र के अन्य कच्चे मार्ग भी कीचड़ से सन गये है। कई लोगो के वाहन इन कच्ची सड़को से दो पहिया वाहन चालक तक को चोट पहुँची है। बेमौसम हो रही बरसात के कारण कई बार विद्युत कटौती हो रही है। वही बादल व बिजली की गर्जना के कारण कुछ लोगो के विद्युत से चलने वाले उपकरण पर भी प्रभाव पड़ा है। बताया जा रहा है इस तरह का मौसम आने वाले दिनों में दिखाई दे सकता है।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

आईएमएफ का पूर्वानुमान, विश्व बैंक की रिपोर्ट

वैश्विक अर्थव्यवस्था दुर्बल कर देने वाली मंदी के खतरे से बच गई है और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले सप्ताह 2024 में दुनिया भर में कुल वृद्धि दर के अनुमान को अक्टूबर में अपने अनुमानित आकलन 2.9 फीसदी से बढ़ाकर 3.2 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने इस तथ्य को रेखांकित किया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने हैरतअंगेज दृढ़ता दिखाते हुए कई

प्रतिकूल झटकों के साथ-साथ 'मूल्य स्थिरता को बहाल करने के मकसद से केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में की गई महत्वपूर्ण बढ़ोतारियों' को झेल लिया है और सुदृढ़ अमेरिकी मांग की अगुवाई में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के सहारे विकास की रफ्तार को बनाए रखा है। हालांकि, मुद्रा कोष ने उत्तर और दक्षिण के बीच बढ़ती आर्थिक खाई की ओर भी इशारा करते हुए कहा है- कई कम आय वाले विकासशील देशों और बाकी दुनिया के बीच बढ़ता फासला एक परेशान करने वाला घटनाक्रम है। इन अर्थव्यवस्थाओं के लिए, विकास को नीचे की ओर संशोधित किया गया है, जबकि मुद्रास्फीति को ऊपर की ओर संशोधित किया गया है। अफ्रीका और कुछ लैटिन अमेरिकी, प्रशांत द्वीप और एशियाई देशों सहित इन सबसे गरीब देशों को उत्पादन में अनुमानित गिरावट के मामले में महामारी-पूर्व के अनुमानों के बरक्स कोविड-19 महामारी के चलते सबसे ज्यादा नुकसान भी उठाना पड़ा है और वे इससे उबरने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी मुसीबतें और भी बढ़ गई हैं क्योंकि ये अर्थव्यवस्थाएं अब बढ़ते ऋण भुगतान के बोझ से दबी हुई हैं, जिससे बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखभाल और खाद्य सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सामाजिक नेटवर्क सहित बेहद जरूरी सार्वजनिक कल्याण पर खर्च करने की उनकी क्षमता गंभीर रूप से क्षीण हो रही है।

आईएमएफ के सहोदर विकास ऋणदाता, विश्व बैंक ने एक अलग रिपोर्ट में बताया है कि इस सदी में पहली मर्तबा दुनिया के 75 सबसे गरीब देशों में से आधे आय के मामले में सबसे अमीर अर्थव्यवस्थाओं के साथ एक बड़ा फासला महसूस कर रहे हैं, जोकि विकास का एक ऐतिहासिक पलटाव है। जैसा कि विश्व बैंक समूह के मुख्य अर्थशास्त्री इंदरमीत गिल ने ऋणदाता की साइट पर एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, 75 सबसे गरीब देश] मानवता की एक चौथाई - 1.9 बिलियन लोगों का घर हैं... और भूख या कुपोषण का सामना करने वाले 90 फीसदी लोगों का घर हैं। श्री गिल ने कहा कि इससे भी ज्यादा दुखद बात यह है कि जब ये देश उस दौर, जिसे उन्होंने संभावित रूप से 'एक खोया हुआ दशक' कहा, से गुजर रहे थे तो बाकी दुनिया काफी हद तक उनसे अपनी नजरें फेर रही थी जबकि इनमें से कम से कम आधे देशों में सरकारें ऋण संकट के चलते ज्यादातर लकवाग्रस्त थीं। दक्षिण कोरिया, चीन और भारत, जो विश्व बैंक के अंतरराष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) से कम ब्याज वाले ऋण लेने वाले देश से आर्थिक महाशक्तियों में तब्दील हो गए हैं और आज आईडीए के दाता हैं, का उदाहरण देते हुए विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह जरूरी है कि दुनिया के अमीर देश सबसे गरीब देशों को आर्थिक रूप से सहयोग दें। यह देखते हुए कि दुनिया को सार्वभौमिक शांति और समृद्धि हासिल करने के लिए आर्थिक क्षमता के हर भंडार का दोहन करने की जरूरत है, वह अपने एक चौथाई लोगों से मुंह मोड़ने का

हनुमान जयंती विशेष : रामदूत की महिमा

रुद्रावतार रामदूत भक्त रूपी भगवान की महिमा भला किसे ज्ञात नहीं है। कलयुग में हनुमानजी प्रत्यक्ष विराजमान देव है। साधक की मनोवाँछित इच्छा की पूर्ति करने में हनुमानजी सक्षम है। अपनी भक्ति की उत्कृष्टता के कारण ही वे श्रीराम के प्रिय हो गए। अंजनीसुत गुण, ज्ञान, बुद्धि के स्वामी है। राम नाम श्रवण प्रिय हनुमानजी सदैव श्रीराम की भक्ति में लीन रहते है। श्रीराम के विजयपथ को हनुमानजी ने शीघ्रता प्रदान की। रुद्रावतार महादेव के समान ही श्रीराम की आराधना को जीवन का ध्येय मानते है।

हनुमान प्राकट्य दिवस के दिन बजरंगबली की उपासना एवं आराधना का विशेष महत्त्व है। हम सभी को हनुमान चालीसा की श्रेष्ठता एवं प्रभावशीलता का ज्ञान है कि किस तरह हनुमान चालीसा व्यक्ति के जीवन में अनूठे परिवर्तन ला सकती है। अतः प्रयास करें की समय अनुरूप हनुमान चालीसा का वाचन एवं श्रवण अवश्य करें। हनुमानजी की अन्य आराधना भी अत्यंत प्रभावी मानी गई है। साधक अपनी मनोकामना के अनुरूप हनुमानजी की कोई भी साधना कर सकता है, क्योंकि रामदूत की आराधना से साधक में अदम्य साहस, उत्साह, उमंग एवं ऊर्जा का संचार होता है। ध्यान की उत्कृष्टता से हनुमानजी भलीं-भाँति परिचित है, इसलिए वे सदैव नश्वर संसार से विरक्ति कर जीवन को रामभक्ति के लिए समर्पित करते है।

हनुमानजी अति सूक्ष्म एवं विशाल रूप दोनों ही धारण कर सकते है। रामायण में परिस्थिति के अनुसार उन्होंने अपना रूप परिवर्तित किया और प्रभु श्रीराम के कार्यों की सम्पन्नता की। हनुमानजी का आविर्भाव त्रेतायुग में हुआ था। बालरूप में ही हनुमानजी ने चमत्कार दिखाना शुरू कर दिया था। यदि साधक अगाध श्रद्धा और विश्वास से रामदूत की निरंतर आराधना करता रहें तो उसे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव दृष्टिगोचर होगें। हमारे धर्मग्रंथों में हनुमानजी को कलयुग का देवता कहा गया है। हनुमानजी को अजरता एवं अमरता का वरदान प्राप्त है। माता जानकी ने तो उन्हें अष्ट सिद्धि और नौ निधि के दाता होने का वरदान प्रदान किया था। तुलसीदासजी ने भी हनुमंत कृपा से ही प्रभु श्रीराम के दर्शन किए थे। हनुमानजी की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि वे सदैव राम कथा श्रवण को आतुर रहते है। इसलिए ऐसा कहा जाता है कि जहाँ राम कथा होती है वहाँ हनुमानजी सदैव विराजमान होते है। रुद्रावतार का महत्वपूर्ण निवास रामभक्तों के हृदय में भी मिलता है। हनुमानजी ने अपने जीवन में कभी यश, उच्च पद, लालच, धन, वैभव इत्यादि किसी को भी जीवन में महत्त्व नहीं दिया, बस वे पूर्ण निष्ठा-भक्ति से राम के प्रति समर्पित होकर भक्त रूपी भगवान बन गए।

हनुमानजी को संकट मोचक भी कहा गया है, अर्थात वे भक्तों के संकट को क्षण में समाप्त कर देते है। हनुमानजी के लिए कोई भी कार्य करना असंभव नहीं है। राम नाम की महिमा तो सर्वविदित है, पर रामदूत हनुमान की महिमा भी अपरम्पार है, तो क्यों न हनुमानजी के दिन मंगलवार को राम नाम को हृदय में विराजमान कर हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमानजी की भक्ति एवं आशीर्वाद प्राप्त करते है।

श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग (लेखक- डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता / ईएमएस)

(श्री हनुमान जयंती पर विशेष आलेख)

परोपकार हनुमान्जी का संभाषण कौशल

आज हम देख रहे या सुन रहे हैं कि हनुमान्जी के उपासकों की संख्या दिन प्रतिदिन सर्वाधिक होती जा रही है। घर-घर में हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड का पारायण नित्य हो रहा है। हिन्दू ही नहीं वरन् अन्य धर्मावलम्बी भी बड़ी श्रद्धापूर्वक हनुमानजी का दर्शन करते हैं। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में और अन्य किसी देवता का मन्दिर हो न हो एक हनुमान्जी का मन्दिर अवश्य देखने को मिलता है। हनुमानजी गुणों का खान (खजाना) हैं। इसीलिए हनुमानचालीसा के प्रारम्भ में कहा गया है-

जय हनुमान ज्ञान गुन सागर।
जय कपीस तिहुँ लोक उजागर।।

यही हनुमान्जी के चरित्र की विशेषता श्रीरामरक्षास्तोत्रम् में भी वर्णित है तथा हनुमानजी को बुद्धिमानों में श्रेष्ठ निरूपित किया गया है यथा-

मारुत तुल्य वेगं जितेन्द्रिय बुद्धिमतां वरिष्ठम्।

वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये।।

हम हनुमान्जी के जीवन एवं चरित्र से शिक्षा प्राप्त कर ही अपने दैनिक जीवन में सुखी सम्पन्न हो सकते हैं। हनुमान्जी का सम्पूर्ण जीवन परोपकारी कार्य एवं श्रीरामजी की सेवा में व्यतीत हुआ। अतः आप सब उनसे विनयपूर्वक अपना दुःख कष्ट को श्रद्धाभक्ति से निवेदन करोगे तब अवश्य ही वे पूर्ण करते हैं-

विद्यावान गुनी अति चातुर।
राम काज करिबे को आतुर।।
संकट कटै मिटै सब पीरा।
जो सुमिरै हनुमत बलवीरा।।

(हनुमान चालीसा)

हनुमान्जी ने जब श्रीराम के समक्ष लक्ष्मणजी के युद्ध में मूर्च्छित हो जाने पर संजीवनी ले आए तब यह चौपाई हनुमान्जी की परोपकारी भावना का प्रतीक है-

रामचंद्र के काज सँवारे।।
लाय संजीवन लखन जियाये।
श्रीरघुबीर हरषि उर लगाये।
रघुपति कीन्ही बहुत बड़ाई।
तुम मम प्रिय भरत हि सम भाई।।

श्रीराम ने हनुमान् की सेवा-उपकार के गुण देखकर ही उन्हें भरत के समान भाई स्वीकार किया है। इतना ही नहीं सुग्रीव पर भी हनुमान्जी ने परोपकार किया है सदा स्मरण करने योग्य है।

कबि कोबिद कहि सके कहाँ ते।।
तुम उपकार सुग्रीवहिं कीन्हा।।
राम मिलाय राज पद दीन्हा।।
(हनुमान चालीसा)

हनुमानजी सीतान्वेषण के समय जब समुद्र पार कर रहे थे तब मैनाक पर्वत ने उनसे विश्राम करने को कहा तब भी हनुमान्जी ने श्रीराम की सेवा के बारे में कहा है, वह हमें सतत् बिना विश्राम के परोपकार के समय स्मरण रखना चाहिए।

राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम
(श्रीरामचरितामनस सुन्दरकाण्ड दो. 1)

हनुमान्जी में अनेक गुण हैं। यहाँ सबकी चर्चा (वर्णन) करना सम्भव नहीं है। अतः उनके सेवा-परोपकार एवं कुशल वार्तालाप करने वालों की श्रेणी में उनका वर्णन किय जा रहा है। उनके कुशल वार्तालाप का वर्णन किष्किन्धाकाण्ड में श्रीराम-लक्ष्मण से भेंट के समय स्पष्ट दिखाई देता है।

परहित सरिस धर्म नाहीं भाई। पर पीड़ा सम नहि अध भाई।
परहित बस जिन्ह के मन माहीं। तिन्ह कहुँ जग दुर्लभ कछु नाही।।
(श्रीरामचरितमानस उत्तरकाण्ड 41-1, अरण्यकाण्ड 31-5)

श्रीरामचरितमानस में हनुमान्जी का आगमन सर्वप्रथम किष्किन्धाकाण्ड में सुग्रीव के पास ऋष्यमूक पर्वत पर होता है। सुग्रीव अपने मंत्रियों सहित ऋष्यमूक पर्वत पर बैठे थे कि एकाएक दो धनुर्धारियों को देखकर वे भयभीत हो गए तथा उन्होंने संकट-मोचन हनुमान्जी से कहा-

अति सभीत कह सुनु हनुमाना। पुरुष जुगल बल रूप निधाना।।
धरि बटु रूप देखु तैं जाई। कहेहु जानि जियँ सयन बुझाई।।

श्रीरामचरितमानस किष्किन्धाकाण्ड 1-2

सुग्रीव अत्यन्त भयभीत होकर बोले- हे हनुमान! सुनो, ये दोनों पुरुष बल और रूप के निधान है। तुम्ह ब्रह्मचारी का रूप धारण करके जाकर देखो। अपने हृदय में अपनी वास्तविक बात जानकर मुझे संकेत (इशारे) से समझा कर कह देना।

हनुमान्जी विद्या का भण्डार सर्वगुण सम्पन्न है तभी तो सुग्रीव ने अपने पास अनेक सचिवों में से उन्हें योग्य, सक्षम, विश्वसनीय समझकर यह अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य सौंपा। हनुमानजी की वार्तालाप एवं संवाद शैली अद्भुत है, वे विनीत भाव से श्रीराम से क्या पूछते हैं? अत्यन्त ही प्रभावशाली वार्तालाप की कला को हमें भी सीखना चाहिए यथा-

को तुम्ह स्यामल गौर सरीरा। छत्री रूप फिरहु वन बीरा।।
कठिन भूमि कोमल पद गामी। कवन हेतु बिचरहु बन स्वामी।।

श्रीरामचरितमानस किष्किन्धाकाण्ड 1-2-3

हनुमान्जी ब्राह्मण का रूप धरकर वहाँ गए और मस्तक नवाकर इस प्रकार पूछने लगे कि हे वीर! साँवले और गोरे शरीरवाले आप कौन हैं? जो क्षत्रिय के रूप में वन में फिर रहे हैं? हे स्वामी! कठोर भूमि पर कोमल चरणों से चलने वाले आप किस कारण विचरण कर रहे हैं? यहाँ गम्भीरतापूर्वक हम विचार करें तो क्या देखते हैं कि हनुमान्जी वार्तालाप की कला में कितने चतुर हैं कि ब्राह्मण बनकर भी श्रीराम को क्षत्रिय वेश में देखकर प्रणाम किया तथा वह उनके तापस वेष उपरान्त भी क्षत्रिय जानकर कहा कि हे स्वामी! इस कठोर भूमि पर कोमल चरणों से चलने वाले आप किस कारण से ऐसा कठोर कष्ट सहन कर रहे हैं।

श्रीराम के सुन्दर कोमल अंग देखकर हनुमान्जी को यहाँ शंका हुई कि कहीं ये ब्रह्मा, विष्णु अथवा महेश इन देवताओं में से कोई हैं या आप दोनों नर और नारायण हैं, जो कि पृथ्वी का भार नष्ट करने के लिए मनुष्य अवतार लेकर लीला कर रहे हैं।

वार्तालाप करते ही हनुमान्जी अपनी तीव्र बुद्धि से पहिचान गए कि यही उनके स्वामी श्रीराम ही हैं। यहाँ उनके पहिचानने के वृत्तांत में शिवजी ने पार्वतीजी से जो कुछ कहा वह अद्भुत है-

प्रभु पहिचानि परेउ गहि चरना। सो सुख उमा जाइ नहि बरना।।
पुलकित तन मुख आव न बचना। देखत रुचिर वेष कै रचना।।

श्रीरामचरितमानस किष्किन्धाकाण्ड 2-3

प्रभु श्रीराम को पहचान कर हनुमानजी उनके चरण पकड़कर पृथ्वी पर गिर पड़े अर्थात् हनुमानजी ने उन्हें साष्टांग दण्डवत् प्रणाम किया। शिवजी कहते हैं कि- हे पार्वती! वह सुख का वर्णन नहीं किया जा सकता है। शरीर पुलकित है, मुख से वचन नहीं निकला। वे प्रभु के सुन्दर वेष की रचना देख रहे हैं।

मनुष्य में सबसे बड़ा दोष यह होता है कि उसे उसकी गलतियों को लाख समझाने पर भी अपनी गलती स्वीकार नहीं करता है तथा सामने वाले से निरर्थक बहसकर के अपने आपको सही-योग्य सिद्ध करता है किन्तु यहाँ हनुमान्जी की विनयशीलता देखते ही बनती हैं। जिसे हमें भी जीवन में उतारने, अनुकरण करने की सीख देती है-

दोहा- एक मैं मंद मोहबस कुटिल हृदय अग्यान।
पुनि प्रभु मोहि बिसारेउ दीनबंधु भगवान।।

श्रीरामचरितमानस किष्किन्धाकाण्ड दोहा-2

हनुमान्जी ने श्रीराम से कहा- मैं तो आपकी माया के वश होकर भूला फिरता हूँ इसी से मैंने अपने स्वामी (आप) को नहीं पहिचान सका। एक तो मैं यों ही मन्द हूँ दूसरे मोह के वशीभूत हूँ, तीसरे हृदय का कुटिल और अज्ञान हूँ, फिर हे दीनबन्धु भगवान्! प्रभु (आप) ने भी मुझे भुला दिया। हम यहाँ स्पष्ट रूप से देखते हैं कि हनुमान्जी का कथन शत-प्रतिशत सत्य है क्योंकि मोह तो सबको मार्ग से कुमार्ग की ओर ले जाता है, नारदजी के मोह उदाहरण सब जानते हैं अतः हनुमान्जी का मोह के वश हो जाना स्वाभाविक है किन्तु हनुमान्जी अन्त में श्रीराम से कहते हैं मैं अज्ञानी हूँ, कुटिल हृदय हूँ, किन्तु आप तो दीनबन्धु हैं मुझे कैसे भूल गए? यह हनुमान्जी की मधुर श्रेष्ठ वार्तालाप की पराकाष्ठा है।

यही प्रसंग श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण के किष्किन्धाकाण्ड के सर्ग 2 एवं 3 में बड़ा ही रमणीय तथा स्मरणीय है।

श्रीराम और लक्ष्मण दोनों भाईयों को श्रेष्ठ आयुध धारण किए हुए वीर वेश में आते देखकर ऋष्यमूक पर्वत परबैठे हुए सुग्रीव के मन में बड़ी शंका उत्पन्न हुई। सुग्रीव धर्मात्मा थे- उन्हें राजधर्म का ज्ञान था। उन्होंने अपने मंत्रियों के साथ बड़े सोच-विचारकर अपनी दुर्बलता और शत्रुपक्ष की प्रबलता का निश्चय किया। सुग्रीव ने कहा कि- निश्चय ही ये दोनों वीर बालि के भेजे हुए ही हैं दुर्गम वन में विचरते हुए यहाँ आए हैं। इन्होंने छल से चीर (वस्त्र) धारण कर लिए हैं जिससे हम इन्हें पहिचान नहीं सके।

यह सब देखकर हनुमान्जी सुग्रीव से बोले कि आप सब लोग बालि (वाली) के कारण होने वाली इस भारी घबराहट को छोड़ दीजिए। यह मलयनामक श्रेष्ठ पर्वत है। अतः यहाँ बालि से कोई भय नहीं है। यहाँ सुग्रीव एवं हनुमान्जी के बीच का वार्तालाप देखते ही बनता है तथा हनुमान्जी की तीव्र बुद्धि, चतुरता एवं वार्तालाप की कला को परखा जा सकता है जो हमें भी जीवन में कठिनाई के समय काम में आ सकती है। हनुमान्जी ने कहा-

अहो शाखामृगत्वं ते व्यक्तमेक पलङ्गम।
लघुचित्ततयाऽऽत्मानं न स्थापयसि यो मते।।
बुद्धिविज्ञानसम्पने ईगितैः सर्वमानर।
नह्यबुद्धिं गतो राजा सर्वभूतानि शिस्त हि।।
वाल्मीकिरामायण किष्किन्धाकाण्ड सर्ग 2-17-18

आश्चर्य है कि इस समय आपने अपनी वानरोचित चपलता को ही प्रकट किया है। वानरप्रवर। आपका चित्र चंचल है। इसलिए आप अपने को विचार मार्ग पर स्थिर नहीं रख पाते हैं। बुद्धि और विज्ञान से सम्पन्न होकर आप दूसरों की चेष्टाओं द्वारा उनका मनोभाव समझें और उसी के अनुसार सभी आवश्यक कार्य करें, क्योंकि जो राजा बुद्धि-बल का आश्रय नहीं लेता है वह सम्पूर्ण प्रजा पर शासन नहीं कर सकता।

तदनन्तर सुग्रीव हनुमान्जी से कहता है कि हे कपि श्रेष्ठ। तुम भी एक साधारण पुरुष की भाँति यहाँ से जाओ और उनकी चेष्टाओं से, रूप से तथा बातचीत (वार्तालाप) के तौर तरीके से उन दोनों का यथार्थ परिचय प्राप्त करो। सुग्रीव श्रीराम लक्ष्मण से इतना भयभीत था कि उसने हनुमान्जी को वार्तालाप में अपने मुख की ओर देखकर वार्तालाप का संकेत भी दिया-

ममैवाभिमुखं स्थित्वा पृच्छ तं हरिपुङ्गव।
प्रयोजनं प्रवेशस्य वनस्याय धनुर्धरो।।
वाल्मीकि रामायण किष्किन्धाकाण्ड सर्ग 2-26
वानरशिरोमणि! तुम मेरी ही ओर मुँह करके खड़ा होना और धनुर्धर वीरों से इस वन में प्रवेश करने का कारण पूछना।

यदि उनका हृदय शुद्ध दिखाई दे तो भी तरह-तरह की बातों और आकृति के द्वारा यह जानने की विशेष चेष्टा करनी चाहिए कि वे दोनों कोई दुर्भावना लेकर तो नहीं आए। यह सुनकर बहुत अच्छा कहकर हनुमानजी श्रीराम-लक्ष्मण के समीप गए। हनुमानजी ने यह सोचकर कि वह तेरे इस कपि रूप पर किसी का विश्वास नहीं टीक सकता अतः अपने उस रूप का परित्याग करके भिक्षु (सामान्य तपस्वी) का रूप धारण कर लिया। हनुमान्जी ने बड़ी ही नम्रतापूर्वक उन दोनों वीरों के पास जाकर प्रणाम करके मन में अत्यन्त प्रिय लगने वाली मधुरवाणी में उनके साथ वार्तालाप आरम्भ किया। हनुमान्जी ने पहले तो उन दोनों वीरों की यथोचित प्रशंसा की। फिर विधिवत उनके पूजन (आदर) करके स्वच्छन्द रूप से मधुर वाणी में कहा- वीरों आप दोनों सत्यपराक्रमी और राजर्षियों और देवताओं के समान प्रभावशाली, तपस्वी तथा कठोर व्रत का पालन करने वाले जान पड़ते हो। इस प्रकार हनुमान्जी ने उनकी प्रशंसा कर कहा कि यहाँ सुग्रीव नामक एक श्रेष्ठ वानर रहते हैं जो बड़े धर्मात्मा और वीर हैं। उनके भाई बालि ने उन्हें घर से निकाल दिया है। इसलिए वे अत्यन्त दुःखी होकर सारे जगत में मारे मारे फिरते हैं। मैं उन्हीं वानर शिरोमणियों के राजा सुग्रीव के भेजने से यहाँ आया हूँ। मेरा नाम हनुमान है। मैं भी वानर जाति का हूँ। धर्मात्मा सुग्रीव आप दोनों से मित्रता करना चाहते हैं। मुझे आप लोग उन्हीं का मंत्री समझे। मैं वायु देवता का वानर जातीय पुत्र हूँ। मेरी जहाँ इच्छा हो जा सकता हूँ और जैसा चाहूँ रूप धारण कर सकता हूँ। इस समय सुग्रीव का प्रिय करने के लिए भिक्षु रूप में अपने आपको छिपाकर मैं ऋष्यमूक पर्वत से यहाँ आया हूँ।

उन दोनों भाई श्रीराम और लक्ष्मण से ऐसा कहकर बातचीत (वार्तालाप) करने में कुशल तथा बात का मर्म समझने में निपुण हनुमानजी चुप हो गए तथा फिर कुछ न बोलें। हनुमानजी की यह बात सुनकर श्रीराम का मुख प्रसन्नता से खिल उठा। वे अपने बगल में खड़े हुए और छोटे भाई लक्ष्मण से कहने लगे कि सुमित्रानन्दन' ये महातपस्वी ही वानरराज सुग्रीव के सचिव हैं तथा उन्हीं के हित की इच्छा से मेरे पास आए हैं। अतः तुम हनुमान से जो बात के मर्म को समझने वाले हैं, तुम स्नेहपूर्वक मीठी वाणी में बातचीत करो।

हनुमान्जी की वार्तालाप की कला के बारे में जो श्रीरामजी ने कहा है वह हमें अच्छी तरह समझकर उनमें सदैव अनुकरण करना चाहिए। हनुमानजी में तो ये सभी कलाएँ भी थी तो श्रीराम ने उनकी प्रशंसा करते हुए लक्ष्मणजी ने कहा-

नानृग्वेदविनीतस्य नायजुर्वेदधारिणः।
ना सामवेद विदुषः शक्यमेवं विभाषितुम्।।
ननूं व्याकरणं कृत्स्नमनेन बहुधा श्रुतम्।
बहु व्याहरतानेन न किंचिदपशाब्दितम्।।
वाल्मीकि रामायण किष्किन्धाकाण्ड सर्ग 3-28-29

जिसे ऋग्वेद की शिक्षा नहीं मिली, जिसने यजुर्वेद का अभ्यास नहीं किया तथा जो सामवेद का विद्वान नहीं है, वह इस प्रकार सुन्दर भाषा में वार्तालाप नहीं कर सकता। निश्चय ही इन्होंने समूचे व्याकरण का कई बार स्वाध्याय किया है, क्योंकि बहुत सी बातें बोले जाने पर भी इनके मुँह से कोई अशुद्धि नहीं निकली।

सम्भाषण के समय इनके मुख, नेत्र, ललाट, भौंह तथा अन्य सब अंगों से भी कोई दोष प्रकट हुआ हो, ऐसा कहीं ज्ञात नहीं हुआ। इन्होंने थोड़े में ही बड़ी बात स्पष्टता के साथ अपना अभिप्राय निवेदन किया है। उसे समझने में कहीं कोई सन्देह नहीं है। रूक-रूक कर अथवा शब्दों या अक्षरों को तोड़-मरोड़कर किसी ऐसे वाक्य का उच्चारण नहीं किया है, जो सुनने में कर्णकटु हो। इनकी वाणी हृदय में होती है। अतः बोलते समय इनकी आवाज न बहुत धीमी रही है न बहुत ऊँची। मध्यम स्वर में ही इन्होंने सब बातें कहीं।

ये संस्कार1 और क्रम2 से सम्पन्न अद्भुत अविलम्बित3 तथा हृदय को आनन्द प्रदान करने वाली कल्याणमयी वाणी का उच्चारण करते हैं। हृदय कण्ठ एवं मूर्धा-इन तीनों स्थानों द्वारा स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होने वाली इनकी इस विचित्र वाणी को सुनकर किसका चित्त प्रसन्न न होगा। वध करने के लिए तलवार उठाए हुए शत्रु का हृदय भी इस अद्भुत वाणी से बदल सकता है। श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा-

एवं गुणगणैर्युक्तः यस्य स्युः कार्यसाधकाः।
तस्य सिद्धयन्ति सर्वत्रार्थं दूतवाक्यप्रचोदिताः।।
वाल्मीकि रामायण किष्किन्धाकाण्ड सर्ग 3-34

जिसके कार्यसाधक दूत ऐसे उत्तम गुणों से युक्त हो, उस राजा के सभी मनोरथ दूतों की बातचीत से ही सिद्ध हो जाते हैं।

अन्त में श्रीराम ने हनुमानजी को ऋष्यमूक पर्वत आकर सुग्रीव से मित्रता तथा सीता अन्वेषण का कहा।

- डॉ. रीना मालपानी

चुनाव में फसूकर डालती रानी-महारानी....



अठारहवीं लोकसभा में जाने के लिए चुनाव लड़ रहे मध्यप्रदेश के राजा हों या महाराजा अपनी जीत को लेकर एकदम बेफिक्र नहीं हैं। इसीलिए राजा हों चाहे महाराजा उन्हें जिताने के लिए उनके बीबी-बच्चे तक चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे है। बुंदेलखंड में इसे फसूकर डालना भी कहते हैं।

मध्यप्रदेश की 29 में से दो सीटें गुना और राजगढ़ इन दिनों सुर्खियों में हैं। गुना से सिंधिया राजघराने के प्रमुख केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है। 2019 में इसी सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में भाजपा ने उन्हें करारी शिकस्त दी थी और उनके पास से अजेय होने का तमगा छीन लिया था। 2024 में वे भाजपा के ही प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें जिताने की जिम्मेदारी भी भाजपा की ही है लेकिन ज्योतिरादित्य को शायद भाजपा के फौज-फांटे पर यकीन नहीं है इसलिए उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अपनी पत्नी महारानी श्रीमती प्रियदर्शनी राजे ,बेटे महाआर्यमन को भी मैदान में उतार दिया है।

सिंधिया परिवार में मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने परिजनों का इस्तेमाल करने की हालाँकि बहुत पुरानी परम्परा है। राजमाता विजया राजे सिंधिया के चुनाव में उनके बेटे माधवराव सिंधिया 1971 से पहले भीड़ को आकर्षित करने के लिए युवा महाराज के रूप में उतारे जाते थे। 1984 के चुनाव के बाद खुद माधवराव सिंधिया के चुनाव में उनकी पत्नी श्रीमती माधवी राजे और बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी चुनाव प्रचार में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया की उम्र कुल 14 साल की थी । इस चुनाव में माधवराव सिंधिया ने भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी बाजपेयी को पराजित किया था ।

पिछले चुनाव में पराजय का सामना कर चुके ज्योतिरादित्य सिंधिया हालाँकि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी हैं किन्तु उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा नहीं है ,क्योंकि भाजपा ने निवर्तमान सांसद केपी यादव का टिकिट काटकर उन्हें प्रत्याशी बनाया है। सिंधिया को यादवों में विद्रोह की आशंका है। इसीलिए उन्होंने गुना संसदीय क्षेत्र के आदिवासी बहुल इलाकों में अपनी पत्नी प्रियदर्शनी राजे और बेटे महाआर्यमन सिंधिया को मैदान में उतारा है । दोनों इलाके में दीवार लेखन से लेकर मतदाताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क करने में दिन -रात एक किये हुए हैं । सिंधिया परिवार के सदस्यों के प्रति इलाके के मतदाताओं में आकर्षण आज भी बरकरार है। आपको बता दूँ कि सिंधिया पिछले चुनाव में एक लाख बीस हजार वोटों से हारे थे ।गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया की दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने 6 और पिता माधवराव सिंधिया ने 4 चुनाव जीते थे। खुद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना को लगातार चार बार जीता था।

मध्यप्रदेश में दूसरा दिलचस्प चुनाव राजगढ़ में हो रहा है । यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। वे 31 साल बाद राजगढ़ वापस लौटे है। दिग्विजय सिंह ने यहां से पहला लोकसभा चुनाव 1984 में लड़ा था और आखिरी 1991 में। बाद में उनके भाई लक्ष्मण सिंह ने यहां से 4 चुनाव कांग्रेस के टिकिट पर और एक चुनाव 2004 में भाजपा के टिकिट पर जीता था। 2009 के चुनाव में भी ये सीट कांग्रेस के पास ही थी लेकिन 2014 और 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से ये सीट छीन ली थी। अब यहां से कांग्रेस के दिग्विजय सिंह का मुकाबला भाजपा के वर्तमान सांसद रोडमल नागर से है।

दिग्विजय सिंह के चुनाव प्रचार में उनका बेटा जयवर्धन सिंह अपने आठ साल के बेटे के साथ मैदान में था । पौत्र के चुनाव प्रचार पार उँगलियाँ उठीं तो अब दिग्विजय सिंह की पत्नी श्रीमती अमृता सिंह खुद मैदान में आ गयीं है। वे पुरानी पत्रकार रहीं है और उन्होंने दिग्विजय सिंह के साथ नर्मदा परिक्रमा में भी हिस्सालिया था। राजगढ़ भी आदिवासी बहुल इलाका है। यहां भी राघौगढ़ राज घराने के प्रति आकर्षण है । खुद राजगढ़ एक जागीर है इसलिए यहां सामंती सोच अभी बरकरार है ।खास बात ये है कि भाजपा ने दिग्विजय सिंह को उस तरह से अभी नहीं घेरा है जिस तरह से छिंदवाड़ा में कमलनाथ को निबटने के लिए उनके बेटे नकुलनाथ को घेरा था ,उम्मीद की जा रही है की राजगढ़ में चुनाव नतीजे 2019 के मुकाबले चौंकाने वाले हो सकते हैं।

मजे की बात ये है कि भाजपा में सिंधिया और राघौगढ़ राजघराने के लिए शुभचिंतकों की भी कमी कभी नहीं रही। दिग्विजय के भाई लक्ष्मण सिंह भाजपा में रह चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान और नरेंद्र सिंह तोमर से दिग्विजय के निजी रिश्ते हैं। इसी तरह गुना में ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए अनेक भाजपाई समर्पित हैं। भाजपा पूर्व में ज्योतिरादित्य सिंधिया को ग्वालियर से वाकओव्हर भी दे चुकी है इसलिए इस बात की बहुत संभावना है की एक -दूसरे के धुर विरोधी होते हुए भी दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया एक बार फिर लोकसभा में साथ-साथ बैठें। दोनों की जीत में उनके परिजनों का खून-पसीना भी जोड़ा जायेगा।

- राकेश अचल

इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर । मॉंग की सुस्तता से सोमवार को अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। मसूर में सुस्ती आयी। खाद्य तेलों में नरमी का रूख बना रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा घटाकर बोला गया। किराना जिंसों में व्यापार सामान्य रहा। शक्कर में बाजार सुस्ती के रहे।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में लेवाली के अभाव में बाजार घटाकर बोले गये। चना 100-125 रू. प्रति क्विंटल घटकर 6100-6125 रू. प्रति क्विंटल पर आ गया। मसूर में सुस्ती कायम रही। खाद्य तेलों में नरमी का वातावरण देखा गया। तिलहनों में सरसो व रायडा सुस्ती पर रहा। किराना जिंसों में व्यापार सामान्य देखा गया। भाव इस प्रकार रहे –

किराना – शक्कर 3910-4000, खोपरा गोला 118-140, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 270-275, मीडियम 280-285, बेस्ट 290-300, ऊंझा हल्का 285-290, मीडियम 310-340, बेस्ट 360-380, हल्दी निजामाबाद 180-215, सांगली 275-290, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 130-140, मीडियम 180-220, बेस्ट 280-325, सौंफ बारी?क 270-310, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 575-580, गरबल 550-560, मटर दाना 580-595, खसखस अनक्लीन 800-900, क्लीन 950-1200, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700-710, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 91-101, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1900-2000, केसर 190-210, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 550-750, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2050-2100, बोल्ड 2250-2300, एक्ट्रा बोल्ड 2400-2650, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1375-1450, मीडियम 1500-1600, बेस्ट 1625-1700, तरबूज मगज 610-640, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 640-770, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1485-1500, बेस्ट 1600, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 650-925, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1900-1950, (160) 2100-2150, (200) 2300-2350, (250) 2150-2200

तेल – सींगदाना 1500-1520, मुम्बई 1510, राजकोट तेलिया 2360, सोया साल्वेंट 890-895, सोया रिफाइंड 940-945, कपास्या 930, धूलिया 935, कड़ी 935,

रात की धारणा – गुजरात लुज 1475, मुम्बई पाम 930, मुम्बई सोया 940,

खली – कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1825, अकोला 2875 (प्रति क्विंटल)

तिलहन – सरसो 5500-5600, रायडा 4600-4700, सोयाबीन 4600-4650, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

दलहन – चना कांटेवाला बेस्ट 6100-6125, एवरेज 5800-5900, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5850-5900, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 11000-11100, एवरेज 10500-10700, हल्की 9500-9800, तुअर महाराष्ट्र 11500-11700, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

दाल – चना दाल एवरेज 7900-8000, बोल्ड 8100-8500, तुअर दाल सवा नं. 14200-14400, तुअर दाल फूल 16000-16100, तुअर दाल बोल्ड 17000-17100, मसूर दाल एवरेज 7150-7250, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 10750-10850, बोल्ड 11000-11100, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 11300-11500, बोल्ड 11500-11600, मोगर 12100-12200, बोल्ड 12300-12400,

अनाज – गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

चावल – चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

मावा – इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर । सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे –

चॉंदी (9999) 82000, चॉंदी (99) 81900, टंच 81200, सिक्का 850, सोना 10 ग्राम 74500,

क्रेडिट कार्ड से कुछ भुगतान में हुए बदलाव

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक क्रेडिट कार्ड के तहत किए जाने वाले भुगतान को लेकर बड़ा फैसला कर सकता है। सूत्रों की मानें तो क्रेडिट कार्ड से होने वाले मकान या दुकान के किराए, सोसायटी शुल्क, ट्यूशन फीस, वेंडर शुल्क आदि के भुगतान के विकल्प हटाए जा सकते हैं। आरबीआई ने इन भुगतानों पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि क्रेडिट कार्ड को ग्राहक के किसी कारोबारी को व्यावसायिक भुगतान कर पाने के लिए बनाया गया। न की व्यक्तिगत तौर पर होने वाले भुगतान के लिए।

आज का राशिफल

मेष – आज का दिन आपके लिए सुख व समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। आपकी कार्यक्षेत्र में किसी से बहसबाजी हो सकती है, जिस कारण आपके प्रमोशन पर रोक लग सकती है।

वृष – आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहने वाला है। आप कुछ नए लोगों के साथ मिलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा। आपको भविष्य को लेकर कुछ प्लानिंग अवश्य करें। कुछ धन बचत की योजना में अवश्य लगाएं। आप यदि किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी।

मिथुन – आज आप बजट बनाकार चलें। यदि आप किसी से कोई लेनदेन करें, तो उसमें थोड़ी सावधानी बरतें। दस्तावेजों को अच्छी तरह से परख कर ही हस्ताक्षर करें। आपको अपने खर्चों को बढ़ाने से पहले अपनी आय को बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। यदि आपके कुछ काम पेंडिंग पड़े हैं, तो आप उन्हें निपटाने की पूरी कोशिश करें। आपकी अपने किसी परिजन से लंबे समय बाद फोन पर बातचीत होगी, जिसमें आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है।

कर्क – आज का दिन आपके लिए अनुकूल परिणाम लेकर आएगा। आप अपने दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। यदि आपकी कोई प्रिय व मूल्यवान वस्तु खो गई थी, तो वह आपको प्राप्त हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से सरप्राइज पार्टी का आयोजन होगा। आपने यदि कोई राज छुपा कर रखा था, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों के ऊपर काम अधिक रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज में ढील देने से अधिकारियों से कोई लड़ाई झगड़ा भी हो सकता है।

सिंह – आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्य क्षेत्र में आप अपने अच्छे सोच का लाभ उठाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप संतान की और विशेष ध्यान दें, नहीं तो वह किसी गलत काम की और अग्रसर हो सकती है। आपको भाई व बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आप अपने पिताजी के सामने अपनी कुछ भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं।

कन्या – आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आर्थिक दिन मामलों में आपकी पूरी रुचि रहेगी। साझेदारी में किसी काम को करना आपके लिए अच्छा रहेगा, इसलिए आप किसी को पार्टनर बन सकते हैं। आध्यात्मिक मामलों में आप सूझबूझ से आगे बढ़ें। आपकी भगवान के प्रति आस्था बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें।

तुला – आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। आपको यदि कुछ शारीरिक समस्याएं चल रही थी, तो आप उन्हे नजर अंदाज न करें और आपकी सेहत के साथ आप समझोता बिल्कुल ना करें। आपको बिजनेस में अकस्मात लाभ मिलेगा और आप अपने खान-पान पर संयम बरते।

वृश्चिक – आज का दिन दांपत्य जीवन में खुशियां लेकर आने वाला है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। बिजनेस में आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आप किसी गलत व्यक्ति का साथ ना दें और गलत तरीके से धन कमाने से बचें। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में नजदीकियां बढ़ेंगी।

धनु – आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उन्हें भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको लेनदेन करने से बचना होगा। आप किसी को धन उधार देने से बचें, नहीं तो आपको परेशानी हो सकती है। आप अपनी मेहनत व लग्न से काम करके लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। आपको वरिष्ठ जनों की बातों पर ध्यान देना होगा।

मकर – मकर राशि के जातक कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको घर व बाहर लोगों का सम्मान करना होगा। किसी की बात का बुरा ना माने। वरिष्ठ जनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आध्यात्मिक कार्य में आपको समझदारी से आगे बढ़ाना होगा। नौकरी में कार्यरत लोग अपने काम से अधिकारियों को प्रसन्न करेंगे। कला व कौशल में सुधार आएगा।

कुंभ – आज का दिन आपके लिए मिश्रित रुप से फलदायक रहने वाला है। आपकी दी गई सलाह परिवार के सदस्यों के खूब काम आएगी। आप अपनी वाणी व व्यवहार से लोगों का दिल जीतेंगे। आपकी किसी मकान, वाहन आदि को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। परिवार में किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन हो सकता है।

मीन – मीन राशि के जातको के बिजनेस में किए गए प्रयास आज सफलता देंगे। आपको कुछ जरूरी मामलों में अपनी आंख व कान खुला रखना बेहतर रहेगा। किसी अजनबी पर आप भरोसा ना करें। आपको अपने किसी मित्र की मदद के लिए कुछ रुपयो का इंतजाम करना पड़ सकता है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे, जहां आपकी कुछ रसूखदार

शब्दजाल - 7517

शब्द जाल में दिलीप कुमार की 10 फिल्में नाम ढूंढिए, नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं।

दि	क	प्र	ग	बै	शी	ल	ब	ना	क	म
ती	ल	ती	ति	रा	क	क्रां	ति	ग	कृ	धु
क्षा	ज	दि	त	ग	ल	प्र	छ	ति	आ	म
ख	क	क	या	ज	रा	पु	मि	ल	न	ति
प	जो	क	का	द	ग	म	अ	प्र	तु	ग
झ	क	ग	प्र	ल	र्द	ह	औ	पू	ना	ण
घ	को	ती	न	षी	म	लि	जा	र	व	क
दे	व	दा	स	तै	ई	धा	या	क	श्या	लो
श	प	श	बा	हि	प्र	ई	क	प्र	री	म
प	जा	ही	र	न	या	दौ	र	र्त	ऐ	ता
प	प्र	द	क	प्र	प्र	है	या	रा	बा	प्र

मिलन, नया दौर, जोगन, शहीद, देवदास, मधुमति, दिल दिया दर्द लिया, राम और श्याम, वैराग, क्रांति।

शब्दजाल - 7516 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

23 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

मंगलवार 2024 वर्ष का 114 वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि पूर्णिमा 05.19 बजे प्रातः को समाप्त। नक्षत्र चित्रा 22.32 बजे को समाप्त। योग वज्र 04.56 बजे प्रातः को समाप्त। करण विष्टि 16.26 बजे तदनन्तर बव 05.19 बजे प्रातः को समाप्त। चन्द्रायु 14.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 12° 37'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871958
जूलियन दिन 2460423.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सव्वाल तारीख 13
विशेष हनुमान जयंती, चैत्र पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास।

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	वृष	06.47 बजे से
चंद्र	कन्या में	मिथुन	08.46 बजे से
मंगल	कुंभ में	कर्क	10.59 बजे से
बुध	मीन में	सिंह	13.15 बजे से
गुरु	मेष में	कन्या	15.27 बजे से
शुक्र	मीन में	तुला	17.38 बजे से
शनि	कुंभ में	वृश्चिक	19.52 ब.से
राहु	मीन में	धनु	22.08 बजे से
केतु	कन्या में	मकर	00.14 बजे से
राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक		कुंभ	02.00 बजे से
		मीन	03.33 बजे से
		मेष	05.03 बजे से

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6461



ऊपर से नीचे:-
1. दिलीपकुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-३
2. "मैं शायर तो नहीं" गीत वाली फिल्म-२
3. "तू मेरे पास भी" गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
4. अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
5. अरविंद स्वामी, मधु की फिल्म-२
6. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली फिल्म-३
9. राजेंद्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-३
11. राजेश खन्ना, बबीता की 'दर्दों तले दबा कर होंठ' गीत वाली फिल्म-२
12. 'अंबर हमारा रस्ता' गीत वाली अरूण, राखी, बेबी शामली, शुति की फिल्म-३
15. कमल हसन, शाहरूख, रानी की 'चाहे पंछि हो' गीत वाली फिल्म-१,२
16. 'मेरे संग संग आया' गीत वाली धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, विनोद, हेमा की फिल्म-४
17. शक्तिकपूर, ब्रजेश हीराजी, जूही, शिल्पा की 'मेरा मन भँवरा' गीत वाली फिल्म-३
18. प्रेमनाथ, बीना राय की फिल्म-३
20. राजेश, फिरोजखान, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
23. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
24. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
25. 'सावन का महीना पवन करे' गीत वाली फिल्म-३
27. 'मुझ से दोस्ती करोगे' में करीना कपूर के किरदार का नाम क्या था-२
29. 'तेरी याद बिछा के सोता हूँ' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-
1. शाहरूख, जूही की 'चाँद तारे तोड़ लाऊँ' गीत वाली फिल्म-२,२
3. 'इस दीवाने लड़के' गीत वाली नसीर, आमिर, सोनाली की फिल्म-५
6. गोविंदा, नीलम की 'मैं तो हूँ सबका मेरा न कोई' गीत वाली फिल्म-२
7. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
8. 'वाटर' के निर्देशिका कौन हैं-२
10. अमिताभ, फरदीन खान, करीना कपूर की फिल्म-२
11. श्रेयस तलपदे, आयशा की 'ये हौसला कैसे झुके' गीत वाली फिल्म-२
13. अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२
14. प्रदीपकुमार, कल्पना की 'जिस दिल में बसा था प्यार' गीत वाली फिल्म-३
16. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो मारिया, बिपाशा की फिल्म-२
17. अमिताभ, अजय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा नीली' गीत वाली फिल्म-२
19. फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काजोल के किरदार का नाम था-३
20. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
21. 'दुनिया ने सुन ली है चुपके से' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-४
22. जीतेंद्र, नीतूसिंह की 'कोई रोको ना दीवाने को' गीत वाली फिल्म-४
25. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
26. राजेश खन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना गुमान' गीत वाली फिल्म-२
28. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
30. 'ले लो प्यार के दिन' गीत वाली सनी, सुनील, शिल्पा की फिल्म-३
31. संजय, कुमार गौरव, पूनम 'अमीरों की शाम गरीबों' गीतवाली फिल्म-२
32. 'फिर से आये बदरा' गीत वाली संजीव, शर्मिला, वहीदा की फिल्म-४

फिल्म वर्ग पहेली- 6460

Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगतः रचना का सम्मान

यह उस समय की बात है, जब विख्यात बांग्ला लेखक शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने लेखन की शुरुआत ही की थी। उन दिनों कई बार तो उनकी रचनाएं पत्र-पत्रिकाओं से लौटा दी जाती थीं और प्रकाशित होने पर भी उन्हें दूसरे लेखकों की तुलना में कम पारिश्रमिक मिलता था। इसी संकोच के कारण कई बार तो वह कहानी लिख कर भी छपने के लिए कहीं नहीं भेजते थे। एक बार उन्होंने अपनी 'स्वामी' शीर्षक रचना उस समय की चर्चित पत्रिका 'नारायणा' में छपने के लिए भेजी। पत्रिका के संपादकों को यह रचना इतनी पसंद आई कि दूसरे ही दिन वह पत्रिका के पहले पेज पर छाप दी गई। उस समय नारायणा में प्रकाशित एक कहानी या लेख का पारिश्रमिक कम से कम पचास रुपये हुआ करता था। लेकिन कई बार इससे ज्यादा पारिश्रमिक भी दिया जाता था। इसका निर्णय रचना का स्तर और लेखक की प्रतिष्ठा को देखकर संपादकगण करते थे। लेकिन शरतचंद्र की इस रचना के बारे में संपादक मंडल कोई निर्णय नहीं ले सका। यह तय हुआ कि इसका फैसला शरतचंद्र जी स्वयं करें। दो दिनों के बाद उनके पास पत्रिका के कार्यालय से एक कर्मचारी आया और उन्हें प्रधान संपादक की एक चिट्ठी सौंपी। चिट्ठी के साथ एक हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक भी था। पत्र में लिखा था, 'हस्ताक्षर करके खाली चेक आप को भेज रहा हूं। एक महान लेखक की इस महान रचना के लिए मुझे बड़ी से बड़ी रकम लिखने में भी संकोच हो रहा है। इसलिए कृपा करके खाली चेक में स्वंय ही अपना पारिश्रमिक डाल लें। मैं आप का आभारी रहूंगा।' शरतचंद ने पत्र पढ़ा। फिर राशि की जगह केवल 75 रुपये भरकर प्रधान संपादक को पत्र लिखा, 'मान्यवर, आप ने मुझे जो सम्मान दिया है उसका कोई मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। आप का यह पत्र मेरे लिए बेशकीमती है। यही मेरा सम्मान है।' उनका पत्र पढ़कर संपादकगण बेहद प्रभावित हुए। इसके बाद शरतचंद्र की कई महत्वपूर्ण रचनाएं प्रकाशित हुईं और उन्हें अपार लोकप्रियता मिली।

सूडोकु नवताल- 6770

★☆☆☆☆ सरल

	9				6			
4	7				8	3		9
		8	7	3		1	2	
	8	9		5	1		7	6
5	1		8	7		4	9	
	2	4		6	5	7		
7		1	3				5	8
			1				4	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -6769 का हल

1	9	3	7	5	4	2	6	8
8	4	2	1	6	3	9	7	5
5	7	6	8	2	9	3	1	4
4	1	5	6	3	2	8	9	7
7	2	9	4	8	1	6	5	3
3	6	8	5	9	7	1	4	2
2	5	1	9	4	8	7	3	6
9	8	4	3	7	6	5	2	1
6	3	7	2	1	5	4	8	9

शब्द पहेली - 7985



बाएँ से दाएँ
1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आयुर्वेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

ऊपर से नीचे
1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

शब्द पहेली -7984 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

मुम्बई । घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बढत के साथ बंद हुए। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 560.29 अंक करीब 0.77 फीसदी बढ़कर 73,648.62 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी तरह पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 189.40 अंक तकरीबन 0.86 फीसदी की बढ़त के साथ 22,336.40 अंक पर बंद हुआ। आज सभी सेक्टर में बढ़त रही।आज कारोबार के के दौरान टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट , इशर मोटर्स , एलएंडटी और श्रीराम फाइनेंस निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक और टाटा स्टील के शेयर नीचे आये।

कारोबार के दौरान बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1 फीसदी की तेजी आई। इस दौरान ऑटो, पीएसयू बैंक, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और रियल्टी इंडेक्स में 1 से 3 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। बाकी सभी सेक्टर के इंडेक्स भी आज लाभ के साथ ही ऊपर आये। दूसरी ओर एशियाई बाजार की बात करें तो जापान का निक्केई 225 0.49 फीसदी ऊपर, जबकि टॉपिक्स 1.23 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.59 फीसदी चढ़ा। हालांकि, अमेरिका में सूचकांक शुक्रवार को मिलेजुले कारोबार के साथ बंद हुए, एसएंडपी 500 में 0.88 प्रतिशत और नैस्डैक कंपोजिट में 2.05 फीसदी की गिरावट आई। जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.56 फीसदी की बढ़त रही। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 400 अंक बढ़कर 73,486 पर और एनएसई निफ्टी 50 126 अंक बढ़कर 22,278 पर पहुंच गया।

एआई पर विस्तृत अध्ययन करने संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

नई दिल्ली । निष्पक्ष व्यापार निगरानी संस्था सीसीआई ने कृत्रिम मेधा और प्रतिस्पर्धा पर उसके प्रभाव पर एक विस्तृत बाजार अध्ययन करने के लिए संस्थाओं से सोमवार को प्रस्ताव आमंत्रित किए। अध्ययन के संचालन के लिए एक एजेंसी या संस्था को संलग्न करने के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) दस्तावेज़ जारी करते हुए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कहा कि एआई की परिवर्तनकारी क्षमताओं में जहां एक ओर आपूर्ति व मांग बढ़ाने की क्षमता है। वहीं दूसरी ओर इसके इस्तेमाल से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रतिस्पर्धा जोखिम चिंता का विषय हैं। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तारीख तीन जून है। संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रस्तुतियों के बाद, वित्तीय बोली की अंतिम तिथि 28 जून है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता व प्रतिस्पर्धा पर प्रस्तावित बाजार अध्ययन ऐसे समय में किया जा रहा है जब उद्योगों में एआई के बढ़ते उपयोग ने बाजारों में प्रतिस्पर्धी गतिशीलता के लिए इसके निहितार्थ को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। सीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि एआई व मशीन लर्निंग दक्षता तथा नवाचार को बढ़ा सकती है, लेकिन बाजार



की एकाग्रता और संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार से संबंधित चिंताओं को भी जन्म दे सकती हैं। सीसीआई को प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और बाज़ार में प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं पर अंकुश लगाने का अधिकार है।

अब किसी भी उम्र में खरीद सकेंगे बीमा पालिसी

– अभी तक 65 साल से ऊपर था प्रतिबंध

नई दिल्ली । बीमा नियामक इरडा ने बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। इसके अलावा बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा।

3 सगे भाईयों पर गिरी आसमानी बिजली

दो की मौत एक घायल

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी अनुभाग के बहेला थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत वारी में एक हृदय विदारक घटना प्रकाश में आई है जहां 3 सगे भाईयों पर आसमानी बिजली गिरी जिसमें दो भाईयों की घटना स्थल पर मौत हो गई वंही एक भाई घायल बताया जा रहा है। घटना के बाद से सारे ग्राम में मातम पसरा हुआ है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी अनुसार 22 अप्रैल सोमवार दोपहर 12 ग्राम वारी निवासी कसीबलाल पांचे के तीन पुत्र क्रमश होसलाल पांचे उम्र 25 वर्ष, शिवलाल पांचे उम्र 23 वर्ष एवं निलेश पांचे उम्र 20 वर्ष यह तीनों भाई गांव के एक खेत में लकड़ी काटने के लिये गये हुये थे। खेत में जब यह तीनों भाई लकड़ी काट रहे थे इसी बीच आसमानी बिजली इन पर गिरी जिसमें शिवलाल पांचे उम्र 23 वर्ष एवं निलेश पांचे उम्र 20 वर्ष की मौके पर मृत्यू हो गई वही होसलाल पांचे गंभीर रूप से घायल हो गया था। जब होसलाल को होश आया तो उसने अपने परिजनों को फोन कर सूचना दी, परिजनों के द्वारा ग्राम वासियों के साथ घटना स्थल पर पंहुचे तथा तीनों भाईयो को निजी वाहन की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां उपस्थित डॉ के द्वारा दोनो भाई शिवलाल एवं निलेश पांचे को मृत घोषित किया गया तथा होसलाल का प्राथमिक उपचार किया गया, होसलाल अब खतरे से बहार है। वंही दोनो भाईयो की मृत होने की सूचना परिजनों के द्वारा लांजी पुलिस को दी गई, पुलिस के द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर दोनो ही शव का पोस्ट मार्टम करवाया गया तथा शव परिजनों को सौंपा गया। घटना के तुरंत बाद ही ग्राम के सरपंच ऋषि पटेल दशरिया, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे सहित ग्राम वारी के बहुतायत निवासी भी सिविल अस्पताल पंहुचे तथा आवश्यक कार्यवाहीयों को पूर्ण करवाया। बतादे कि मृतक शिवलाल पांचे की हाल ही में शादी हुई थी जिसके चलते भी गांव का माहौल अत्यधिक गमगीन नजर आया।

इनका कहना है

घटना के संबध में ग्राम पंचायत वारी सरपंच ऋषि पटेल ने बताया कि मुझे सूचना प्राप्त हुई की गांव के कसीबलाल पांचे के तीन पुत्रों पर आसमानी बिजली गिरी है जिन्हे सिविल अस्पताल लांजी लाया गया है जिसमें दो भाईयो शिवलाल एवं निलेश की मृत्यू हो गई। इस घटना से ग्राम में शोक माहौल बन गया है यह एक हृदय विदारक घटना है जिससे सारा गांव स्तब्ध हो गया है। हमारे गांव की यह पहली घटना है जब आसमानी बिजली गिरने से एक ही परिवार के दो भाईयों की मौत हो गई। यह एक प्राकृतिक आपदा है शासकीय योजनाओं के तहत जो भी लाभ होगा वह परिजनों को प्रदान करवाया जायेगा।

ऋषि पटेल
सरपंच ग्राम पंचायत वारी

घटना की जानकारी लगते ही जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे सिविल अस्पताल लांजी पंहुचे जहां परिजनो को ढांढस बंधवाया और कहा कि यह एक हृदय विदारक घटना है। क्षेत्र में यह पहली घटना हो गी जहां तीन भाईयो पर आसमानी बिजली का कहर गिरा है। परिजनो के लिये यह किसी वज्रपात से कम नही है ग्राम वारी सहित संपूर्ण लांजी परिजनों शोक में है। अजय अवसरे के द्वारा पुलिस एवं डाक्टर्स से चर्चा कर जल्द से जल्द पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूर्ण करवाई गई। साथ ही कहा कि परिजनों को इस प्राकृतिक आपदा में शासन की योजनाओ का लाभ अतिशिघ्र प्राप्त हो इस ओर कार्यवाही की जावेगी।

अजय अवसरे
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी

सिद्ध हनुमान मंदिर देवलगांव में आज हनुमान प्रकटोत्सव

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आज संपूर्ण लांजी क्षेत्र में श्री हनुमान प्रकटोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया जायेगा। श्री हनुमान मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना के साथ शोभा यात्रा का भी आयोजन मंदिर सहित क्षेत्रो मे किया जा रहा है इसी कड़ी आज 23 अप्रैल को लांजी क्षेत्र के ग्राम देवलगांव के सिद्ध हनुमान मंदिर में संगीतमय हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कबीर भक्ति संगीत मण्डल के द्वारा संगीतमय सुन्दर काण्ड एवं हनुमान चालिसा पाठ सुबह 10 बजे से 4 बजे तक संपन्न कराया जायेगा तत्पश्चात समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। कबीर भक्ति संगीत मण्डल के सदस्यों जिनमें सुखदेव रहांगडाले, वासुदेव रहांगडाले, ओमप्रकाश बरई, खेमेन्द्र रहांगडाले, कमलेश रहांगडाले, श्यामलाल सोनवाने, राजेन्द्र हरिनखेड़े, भोजेश्वर रहांगडाले, संजय वरकड़े आदि सहित ग्राम वासी के सहयोग से उक्त आयोजन संपूर्ण होगा।

ग्राम बहेला के गांधी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर विशेष पूजन

ग्राम पंचायत बहेला म्युख्यालय के गांधी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में आज 23 अप्रैल को श्री हनुमान जी के प्रकटोत्सव कार्यक्रम के तहत विशेष पूजन अर्चन का कार्यक्रम ग्राम वासियों के द्वारा किया जायेगा। इस दौरान प्रातः काल में पंडित देवेन्द्र प्रसाद तिवारी एवं ग्रामीण जनो के द्वारा अभिषेक, हवन पूजन, हनुमान चालिसा पाठ कर प्रसाद वितरण किया जायेगा।

ई-दक्ष केंद्र में नवनियुक्त पटवारियों का प्रशिक्षण जारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार ई-गवर्नेंस सोसाइटी अंतर्गत ई-दक्ष केंद्र नवनियुक्त पटवारियों का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। जिन्हे केंद्र में भू-अभिलेख विभाग के सहयोग से पांच समुहों में बांटकर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कम्प्युटर प्रशिक्षण अंतर्गत समस्त पटवारियों को एडवांस एम एस ऑफिस अंतर्गत दस्तावेज तथा शीट बनाना,मेल मर्ज, मैक्रो का उपयोग, नोटशीट फार्मेटिंग, स्पेल्लिंग करेक्शन।

जियोलाजिकल एशोसिएशन एण्ड रिसर्च सेन्टर में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। विश्व पृथ्वी दिवस 2024 के अवसर पर जीएआरसी (जियोलाजिकल एशोसिएशन एण्ड रिसर्च सेन्टर बालाघाट) में

पृथ्वी दिवस की थीम प्लैनेट वर्सिज प्लास्टिक विषय पर चर्चा की गई। थीम का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना और उसके ऑप्शन की तलास पर जोर देना है। उपरोक्त विषय पर जीएआरसी बालाघाट के संग्रहालय में एक संगोष्ठी रखी गई जिसमें अलग-अलग प्रकार के विचार रखे गये। कार्यक्रम में जीएआरसी के सचिव डॉ. संतोष सक्सेना ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विशेषकर प्लास्टिक के थैले हमारे जीवन में इतने ज्यादा आ गए है कि उनसे निजात पाना असंभव सा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि इसका व्यवहारिक पहलू यह होगा कि केवल 40 माइक्रोन से अधिक के थैला का ही उपयोग हो। मूल समस्या इन थैलो का निपटारा कैसे करना है। इसका प्रबर्धन करना आवश्यक है जिसके लिए कई सुझाव दि गए। डॉ. एमएन बापट के द्वारा सुझाया गया कि प्रत्येक मोहल्ले में इन थैलो को घर-घर से एकत्रित किया जाए। वहीं अनिल शुक्ला ने जल के महत्व को महत्वपूर्ण बताते हुए प्लास्टिक के बारे में अपने विचार दिए। कार्यक्रम में डॉ. विरेन्द्र सिंह गहरवार(अध्यक्ष, पुरातत्व संग्रहालय एवं शोध संस्थान बालाघाट), गजानन सिंह नगपुरे, प्रवीण कुमार जैन (समाज सेवी जबलपुर),मनिष इनवाती, अखिलेश कुमार पटले एवं सीएम राइस स्कूल के छात्र एवं छात्रा भी उपस्थित हुए।

दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में चार लोग घायल

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सोमवार को मौसम परिवर्तन के साथ ही बारिश के चलते दो मोटरसाइकिलों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार 22 अप्रैल को लगभग दोपहर 12 बजे नगर के कोटेश्वर मंदिर मार्ग पर इंडियन गैस गोदाम के सामने फोफसा निवासी राहुल पिता घनश्याम चौधरी उम्र लगभग 24 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल पल्सर एमपी 50 एम डब्ल्यू 1153 से दो अन्य लोगो के साथ भगवान कोटेश्वर मंदिर जा रहे थे वहीं काशीटोला की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 50 एम पी 5746 में सवार ग्राम कनेरी निवासी अखिल दशरथ सोनवाने उम्र 30 वर्ष, देवेन्द्र लालचंद सोनवाने उम्र 28 वर्ष, प्रकाश लालचंद सोनवाने उम्र 25 वर्ष इन दोनों की मोटरसाइकिलों की आपस में भिड़ंत हो गई। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना उपरांत चारों घायलों को 100 डायल एवं पुलिस वाहन की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा गंभीर रूप से घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। इस दुर्घटना का कारण अचानक हुई बारिश तथा बारिश से बचने के लिये मोटर सायकल की तेज रफ्तार सड़क दुर्घटना का कारण बनी है।

अकीदतमंदों ने देश-दुनिया और क्षेत्र की खुशहाली की मांगी दुआ

सेलवा में सालाना उर्स का हुआ आयोजन

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। कटंगी शहर से सटी ग्राम पंचायत सेलवा में हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करती हजरत बाबा दाता मुंडा शाह वली रहमतुल्ला अलैह की दरगाह में 22 अप्रैल को 44 वाँ सालाना उर्स शरीफ का आयोजन किया गया। 44 वें वार्षिक उर्स शरीफ में बोनकट्टा और यंग मुस्लिम कमेटी कटंगी की ओर से संदल निकाला गया। जिसने दरगाह पहुंचकर

वली की मजार पर चादर पेश की और देश-दुनिया के साथ ही क्षेत्र अमन-चैन की दुआ मांगी। बोनकट्टा से शाही संदल सुबह करीब 11 बजे गांव का गश्त करने के बाद सेलवा दरगाह की तरफ आगे बड़ा। जो शाम करीब 5 बजे कटंगी पहुंचा। यहां से शाम 7 बजे संदल दरगाह पहुंचा। वहीं यंग मुस्लिम कमेटी की ओर से निकाला गया संदल भी शहर का भ्रमण करने के बाद सेलवा की ओर रवाना हुआ. जहां अकीदतमंदों ने मकरीब की चादर पेश की। उर्स के मौके पर दरगाह में हर धर्म और मजहब को मानने वाले अकीदतमंदों ने सजदा किया. ऐसी मान्यता है कि सेलवा दरगाह में सभी की मांगी मुराद पूरी होती है। यही वजह है कि वली की दरगाह कौमी एकता की मिसाल हैं, जहां पर हर धर्म का व्यक्ति आस्था के साथ आता है और अपनी मुराद पूरी करके जाता है। सुबह से ही दरगाह में जायरीनों ने पहुंचकर जियारत करनी शुरू कर दी थी। हजरत दाता मुंडा शाह वली की दरगाह से जुड़े कई किस्से और कहानियां आज भी खूब सुनने को मिलती है. वली के मानने वाले कई ऐसे भी लोग है जिनका दरगाह से बेहद उमदा अनुभव है और इस अनुभव का साझा करते वक्त उनकी आंखें नम हो जाती है। उर्स शरीफ के मौके पर सार्वभौमिक प्रेम और कौमी एकता व सौहार्द की प्रतीक सेलवा दरगाह में तकरीर के बाद सलातो सलाम पड़ा गया। जिसके बाद देश में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई. उर्स के मुबारक मौके पर दरगाह में मुस्लिम अकीदतमंद के लिए पहुंचे तो हिन्दू भाई भी यहां जियारत करने के लिए आए। हर जायरीन अपने लिए कुछ न कुछ मांगने के साथ देश में अमन व खुशहाली की दुआ भी कर रहा था। उर्स के मुबारक मौके पर रात में कव्वाली के प्रोग्राम का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्थान कपासन शरीफ से आए कव्वालकार शब्बीर सदाकत साबरी ने ख्वाजा की खिदमत में कव्वाली पेश की जिसने श्रीताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौसम खराब होने के बावजूद उर्स में गोंदिया, भंडारा, नागपुर, बालाघाट, सिवनी सहित अन्य राज्यों और जिलों के लोग भी पहुंचे।

शंकर साव पटेल महाविद्यालय ने भी मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

गृह बनाम प्लॉस्टिक विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में ईको क्लब द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर गृह बनाम प्लॉस्टिक विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग

40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव के मागदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में इको क्लब प्रभारी डॉ- त्रिरत्नेश गजभिये द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाने के उद्देश्यों और इसके इतिहास के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि हर साल 22 अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य लोगो के भीतर पर्यावरण के प्रति जगरूकता फैलाना एवं धरती को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयाशो को प्रोत्साहित करना है। साथ ही इस वर्ष की थीम गृह बनाम प्लास्टिक पे व्याख्यान दिया गया व बताया की प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करे और जो भी प्लास्टिक उपयोग में आये उसकी आकर्षण उपयोगी सामग्री बनाकर पुनः उपयोग करे।

आया चाहिए
15 से 20 वर्ष की लड़की की आवश्यकता है
3½ वर्ष के बच्चे को संभालने के लिए
समय सुबह 9 से 1, पैसे-3000/-
मो. 7694954746

दुकान किराये से देना है
सर्किट हाऊस रोड बालाघाट
होटल कलश के नीचे चार दुकाने किराये से देना है
संपर्क करे-अरूण जायसवाल
9425448043

आवश्यकता है
होटल कलश में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है
संपर्क करे-अरूण जायसवाल
9425448043

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

दूसरे चरण का रण

सतना में त्रिकोणीय मुकाबले से कांटे की टक्कर खजुराहो में वीडी बनाम आरबी में जंग

भोपाल। प्रदेश में पहले चरण की छह सीटों पर मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद राजनीतिक दलों ने अपना फोकस दूसरे चरण की छह सीटों पर कर लिया है। दूसरे चरण में खजुराहो, दमोह, टीकमगढ़, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को मतदान है। इन छह सीटों में से पांच पर तो अभी भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला है, लेकिन खजुराहो में भाजपा के सामने कोई मुख्य पार्टी नहीं है। सतना में नारायण त्रिपाठी ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है।

सतना लोकसभा सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। यहां पर भाजपा ने सांसद गणेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाह को उतारा है। वहीं, बसपा से पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में कुशवाह ने गणेश सिंह को हराया था। अब फिर दोनों आमने-सामने है। विधानसभा चुनाव में कुशवाह ने गणेश सिंह को चुनाव हराया था। वहीं, पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी को बसपा वोटों को सहारा है। ब्राह्मण वोट भी उनको मिल सकते है। त्रिपाठी के चुनाव लड़ने और गणेश सिंह के खिलाफ जनता की नाराजगी से भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई। कुर्मी वोट गणेश सिंह और कुशवाह वोट सिद्धार्थ को मिलेंगे, जिनकी हिस्सेदारी लगभग बराबर है। अब 22 प्रतिशत ब्राह्मण वोटर जीत हार तय करेंगे।

खजुराहो में वीडी को वॉकओवर

खजुराहो में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मैदान में है। यहां पर कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अपने सहयोगी समाजवादी पार्टी को टिकट दी थी, लेकिन मीरा यादव का नामांकन रद्द हो गया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा को इस सीट पर वॉकओवर मिल गया। हालांकि, इंडी गठबंधन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति को समर्थन दिया है। फिर भी चुनाव एकतरफा माना जा रहा है। इस सीट पर 1989 से भाजपा का दबदबा रहा है।

रीवा में कांटे की टक्कर

रीवा में जनार्दन मिश्रा को फिर भाजपा ने टिकट दिया है। कांग्रेस ने पार्टी के विधायक अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा मैदान में है। ये दोनों किसी समय भाजपा के सदस्य थे। इस सीट पर भाजपा मोदी के चेहरे को आगे रखकर चुनाव लड़ रही है। वहीं, कांग्रेस को स्थानीय मुद्दों का सहारा है। जनार्दन तीसरी बार चुनाव लड़ रहे है। इसलिए उनके खिलाफ थोड़ी नाराजगी है। यहां पर मुकाबला कांटे की टक्कर वाला हो गया है।

टीकमगढ़ में स्थानीय बनाम बाहरी बना मुद्दा

टीकमगढ़ सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पंकज अहिरवार पर दांव लगाया है। वीरेंद्र कुमार सात बार के सांसद हैं, उनके खिलाफ नाराजगी बताई जा रही है, लेकिन मोदी के नाम पर लोग भाजपा को पसंद कर रहे हैं। वहीं, अहिरवार नए हैं, उनसे लोग परिचित नहीं हैं। यही कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। यहां पर अहिरवार वोटर्स की संख्या पांच लाख के करीब है। कांग्रेस यहां पर स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है।

दमोह में लोधी बनाम लोधी में टक्कर

दमोह में भाजपा ने कांग्रेस से गए पूर्व विधायक राहुल लोधी को उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी को टिकट दिया है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। यहां पर लोधी वोटर निर्णायक होता है। भाजपा को मोदी का चेहरे और लोधी प्रत्याशी होने का फायदा मिल रहा है। भाजपा में जयंत मलैया और प्रहलाद पटेल गुट एकजुट होकर चुनाव लड़ रहा है। भाजपा बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा उठा रही है, जबकि कांग्रेस बिकाऊ वर्सेस टिकाऊ के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। इसका भाजपा को फायदा है।

होशंगाबाद में संजय को बड़ी चुनौती

होशंगाबाद सीट पर भाजपा ने दर्शन सिंह को प्रत्याशी बनाया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के संजय शर्मा से है। शर्मा दो बार के विधायक हैं। वे भाजपा में रहे हैं। वे प्रभावशाली व्यक्ति हैं, लेकिन क्षेत्र भाजपा का गढ़ है। मोदी के चेहरे का लाभ दर्शन सिंह को मिल रहा है। इस क्षेत्र की सभी आठ सीटें भाजपा के पास हैं। इस क्षेत्र से प्रहलाद पटेल, राव उदय प्रताप सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल तीन मंत्री आते हैं। ऐसे में भाजपा का पलड़ा भारी दिख रहा है।

मंदसौर और उज्जैन में ओबीसी मतदाताओं को साधेंगे सचिन पायलट

- ग्वालियर-चंबल अंचल आ सकती हैं प्रियंका गांधी

भोपाल। प्रदेश के मालवांचल में ओबीसी मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में करने के लिए पार्टी अपने बड़े नेता राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की सभाएं कराएगी। मंदसौर, उज्जैन और देवास लोकसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को तीन सभाएं प्रस्तावित की गई हैं। वहीं, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का कार्यक्रम भी प्रस्तावित किया गया है। पार्टी उनकी सभाएं मालवा के साथ-साथ ग्वालियर-चंबल अंचल में कराने की तैयारी में है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता कुणाल चौधरी ने बताया कि राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के कार्यक्रम तय हो गए हैं। वे देवास लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सोनकच्छ विधानसभा में सभा को संबोधित करेंगे। मंदसौर और उज्जैन में भी सभा और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। पार्टी ने मंदसौर से दिलीप सिंह गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है जो नागदा खाचरोद से विधानसभा चुनाव हार गए थे। उधर, उज्जैन से तराना विधायक महेश परमार चुनाव लड़ रहे हैं।

प्रियंका और मल्लिकार्जुन के दौरे

मुरैना में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कार्यक्रम 24 अप्रैल को प्रस्तावित था, लेकिन अब वे नहीं आ रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा का कार्यक्रम मांगा है, लेकिन अभी तक कोई अधिकृत जानकारी केंद्रीय कार्यालय से प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने जबलपुर से विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी, मगर लोकसभा चुनाव में अभी तक मध्य प्रदेश नहीं आई हैं।

उधर, राहुल गांधी भी अभी तक एक बार ही मध्य प्रदेश आए हैं। एक ही दिन में उन्होंने मंडला और शहडोल में सभा की थी। 21 अप्रैल को उनकी सतना में सभा प्रस्तावित थी, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनका कार्यक्रम रद्द हो गया।

अब कांग्रेस नहीं बदलेगी धार प्रत्याशी, 24 अप्रैल को मुवेल भरेंगे नामांकन

भोपाल। धार लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार राधेश्याम मुवेल का टिकट काटकर दूसरे नेता को दिए जाने के आसार कम हो गए है। कांग्रेस अब उन पर ही भरोसा जताने का मन बना चुकी है और सारे संशय दूर हो गए है। राधेश्याम अब 24 अप्रैल को नामांकन फार्म भी भरने जा रहे है। धार लोकसभा सीट से कांग्रेस को उम्मीद है,क्योंकि विधानसभा चुनाव में जिले की आठ सीटों में से छह सीट कांग्रेस ने जीती है। इस बार कांग्रेस ने इस सीट से नए चेहरे राधेश्याम मुवेल को टिकट दिया था, लेकिन उन पर निष्क्रियता के आरोप लगे थे,क्योंकि टिकट तय होने के बाद उन्होंने चुनाव कार्यालय नहीं खोला था। इसके बाद उनका टिकट काट कर जयस नेता महेंद्र कनौज को टिकट दिए जाने की चर्चा थी।

बाद में उमंग सिंगार ने मुवेल पर भरोसा जताया और अब वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुवेल को पुरी तैयारी के साथ चुनाव लडने को कहा है। इस मामले में राधेश्याम मुवेल का कहना है कि टिकट मिलने के बाद वे ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करने चले गए थे। इस कारण चुनाव कार्यालय खोले जाने में देरी हुई। इसका मतलब यह नहीं था कि वे चुनाव कमजोर तरीके से लड़ रहे है। मुवेल ने कहा कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेतागणों से चर्चा हो चुकी है। अब धार में टिकट नहीं बदलेगा। मैं 24 अप्रैल को नामांकन भी जमा कर रह हूं।

दो बार से लगातार भाजपा का कब्जा

धार लोकसभा सीट पर वर्ष 2009 में कांग्रेस के गजेंद्र राजूखेड़ी चुनाव जीते थे। इसके बाद धार लोकसभा सीट का परिसीमन हो गया। वर्ष 2014 में भाजपा उम्मीदवार सावित्री ठाकुर सांसद बनी थी और वर्ष 2019 में छतर सिंह दरबार चुनाव जीते। भाजपा ने इस बार फिर सावित्री को उम्मीदवार बनाया है।

एआईजी प्रतिभा त्रिपाठी की कार्डियक अरेस्ट से मौत

भोपाल। भोपाल में पदस्थ असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस) प्रतिभा त्रिपाठी की सोमवार को मौत हो गई। वे स्टेट पुलिस सर्विस 2008 बेच की थीं। मेडिकल चेकअप कराकर इंदौर से भोपाल लौट रही थीं, तभी रास्ते में करीब 1 बजे उन्हें देवास जिले के सोनकच्छ के पास कार्डियक अरेस्ट हुआ। प्रतिभा महिला सेल में पदस्थ थीं।

एआईजी प्रतिभा त्रिपाठी के पति डॉक्टर शिशिर पंडित ने बताया कि शनिवार-रविवार पबी की छुट्टी थी। इंदौर में उनका इलाज चलता था, मेडिकल चेकअप के लिए शनिवार को इंदौर गई थीं। सोमवार की सुबह ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए इंदौर से निकली थीं। मैं और हमारा तीन साल का बच्चा भी साथ थे। अचानक प्रतिभा की सोनकच्छ में तबीयत बिगड़ी। तत्काल उन्हें सोनकच्छ के एक अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चंद मिनटों बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट से मौत होने की बात कही है।

वर्ष 2020 में प्रतिभा को कोरोना हुआ था। इसके बाद से ही उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था। कोरोना काल में ही उन्होंने बच्चे को जन्म दिया था। लगातार मेडिकल लीव पर रहीं। डॉक्टरों की सलाह के बाद अक्टूबर 2023 में उन्होंने नौकरी ज्वाइन की थी। वह भोपाल में महिला सेल की एआईजी थीं। पिछले कुछ दिनों से दोबारा उन्के स्वास्थ्य खराब रहने लगा था। उन्हें हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी थी। मेडिकल चेक कराने शनिवार को इंदौर गई थीं।

टिम्बर मार्केट के गोदाम में आग लगने से फैली दहशत

30 से अधिक फायर फायटरो ने 15 दमकल, 20 पानी के टैंकरो की मदद से पाया काबू

भोपाल। राजधानी भोपाल के छोला इलाके में स्थित टिम्बर मार्केट के एक गोदाम में अचानक आग लगने से दहशत फैल गई। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार फायर फायटरो ने आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 8 बजे यहाँ एक लकड़ी के गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लकड़ी की दो गोदाम आग की चपेट में आ गई। तेजी से भड़की आग की चपेट में कई टन लकड़ियो के आने से आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और काफी उचाई तक आग की लपटें उठने लगी। सूचना मिलते ही फतेहगढ़, बोगदा पुल, गोविंदपुरा और छोला फायर स्टेशन से 15 दमकलो सहित 20 से ज्यादा पानी के टैंकर मौके पर पहुंच गये। फायर फायटरो का कहना था की लकड़ी

के गोदाम में पीछे की तरफ से आग लगी थी। गोदाम में कई टन लकड़ी में आग लगने के कारण आग पर आसानी से काबू नहीं पाया जा सका था, जेसीबी की मदद से लकड़ियो को हटाया गया जिसके बाद आग को बुझाने के प्रयास शुरु किये गये। आखिरकार 30 से ज्यादा फायरकर्मी ने कड़ी मशक्कत के बाद रात करीब 11 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया था। आग लगने का कारण फिलहाल शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं घटना में लाखो रुपये का माल जलकर राख हो गया।

आचार संहिता के संबंध में गलत रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत

भोपाल। लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में देश भर में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। लोकसभा क्षेत्र मुरैना में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा दिनांक 9 अप्रैल, 2024 को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में धोगापुरा में चुनावी सभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी शिव मंगल सिंह तोमर के पक्ष में वोट मांग कर आचार संहिता का उल्लंघन किया है जिसकी शिकायत मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पत्र क्रमांक 501/24 दिनांक 20 अप्रैल, 2024 को की गई थी जिसके संबंध में कार्यवाही अपेक्षित है, शिकायत की प्रति चुनाव आयोग को संलग्न की गई है। प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने एक अन्य शिकायत के साथ चुनाव आयोग को सौंपी शिकायत में कहा है कि मुरैना लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार द्वारा की गई थी जिसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग आफिसर द्वारा कलेक्टर मुरैना को भेजी गई रिपोर्ट क्रमांक 866 दिनांक 18 अप्रैल, 2024 में उल्लेखित किया है कि 9.4.2024 को होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित ही नहीं हुआ है शिकायत प्रमाणित नहीं हुई है, जबकि वास्तविकता तो यह है कि दिनांक 9 अप्रैल, 2024 को मुरैना संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत धोगापुरा में होली मिलन के नाम पर आयोजित चुनावी आमसभा का वीडियों, शिकायत के साथ चुनाव आयोग को प्रेषित किया गया है उसी वीडियों से स्क्रीन शाट के माध्यम से दो फोटोग्राफ संलग्न किए जा रहे है जिसमें स्पष्ट है कि उपरोक्त कार्यक्रम दिनांक 9 अप्रैल, को ही धोगापुरा में आयोजित हुआ है जिसमें भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर भी उपस्थित रहे है ।

अलग समग्र आईडी तो एक ही घर में मिलेंगे 2 कनेक्शन

एक ही घर में दो बिजली कनेक्शन दिए जाने की व्यवस्था शुरू

भोपाल। एक ही घर में दो बिजली कनेक्शन दिए जाने की व्यवस्था ऊर्जा विभाग ने शुरू कर दी है। प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनी को भेजे गए आदेश में कहा गया कि एक घर में दूसरा बिजली कनेक्शन कुछ शर्तों के साथ दिया जा सकेगा। इसकी दो सबसे अहम शर्त है। पहली तो यह कि जिस घर से दूसरा कनेक्शन मांगा गया है, वहां रहने वालों की समग्र आईडी अलग-अलग होना चाहिए। मतलब जिसके नाम से पहले से कनेक्शन है, उससे अलग आईडी कनेक्शन मांगने वाले की होना चाहिए। दूसरी शर्त गैस कनेक्शन अलग नाम से होना चाहिए। मतलब एक घर में दो किचन होना चाहिए। दूसरा कनेक्शन मांगने वाला परिवार का सदस्य नहीं हो। वहीं सहायक इंजीनियर के बजाए कार्यपालन यंत्री के पास दूसरे कनेक्शन का प्रस्ताव जाएगा।

चार साल पहले सरकार ने 150 यूनिट खपत पर 300 रुपए बिजली बिल दिए जाने की योजना शुरू की थी। अब जिन घरों में खपत 150 यूनिट से अधिक है, वह इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। 151 यूनिट होते ही उनका बिल 600 रुपए से अधिक आ रहा था। उन्हें सरकारी सबसिडी नहीं मिल रही थी। इस बिल से बचने के लिए दूसरा कनेक्शन लिया जाने लगा था। 200 यूनिट की खपत होने पर एक मीटर में 100 और दूसरे मीटर में 100 यूनिट का बंटवारा हो जाता था। इससे योजना के दायरे में उपभोक्ता आसानी से आ जाते थे। तेजी से दूसरे कनेक्शन की मांग बढ़ने लगी तो शासन ने इसे बंद कर दिया था। 10 अप्रैल को बिजली कंपनी को ऊर्जा विभाग का आदेश मिला है।

इधर, स्टांप की जबरन मांग

सिंगल फेज का घरेलू और गैर घरेलू कनेक्शन देने के लिए बिजली नियामक आयोग ने किसी तरह का स्टांप उपभोक्ता से नहीं लेने के आदेश जारी हैं। इसके बाद शहर के सभी 32 जोन में सहायक इंजीनियर द्वारा जबरन उपभोक्ताओं से 500 रुपए का स्टांप मांगा जा रहा है। स्टांप नहीं देने की सूरत में 500 रुपए की रसीद काटी जा रही है, जबकि नियामक आयोग की कंडिका 5.5 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि बगैर स्टांप कनेक्शन दिया जाएगा। अधीक्षण यंत्री शर्मा का कहना है सभी जोन को आदेश दिया जाएगा कि स्टांप की मांग नहीं की जाए।

प्लास्टिक वेस्टेज से तैयार किया डीजल

- डीजल का माइलेज और इंजन की परफॉर्मेंस बेहतर

भोपाल । इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइसर) भोपाल के रिसर्चर बबलू अलावा, अमन कुमार,जितेंद्र चौधरी और डॉक्टर शंकर चकमा ने प्लास्टिक के वेस्टेज से डीजल बनाने में सफलता हासिल की है। वेस्ट प्लास्टिक को रिसाइकल करके डीजल बनाने की नई विधि तैयार की है। इस पद्धति में गैस का उत्सर्जन भी नहीं होता है। डीजल भी बहुत अच्छी क्वालिटी का मिलता है।

लैब में बना 40 लीटर डीजल

तकनीकी विकसित करने वाले खोजकर्ताओं ने पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाला हार्ड प्लास्टिक, जिसमे बाथरूम क्लीनर की बोतले, प्लास्टिक की बाल्टी, सिंगल यूज प्लास्टिक और कैरी बैग को कलेक्ट करके 500 डिग्री तापमान पर इसे गलाया। इसकी भाप को इकट्ठा करके ठंडा किया गया। इससे जो डीजल प्राप्त हुआ है,उसमें 1 किलो प्लास्टिक से 1 लीटर डीजल बनाने में सफलता हासिल हुई है। प्रथम चरण में 40 लीटर डीजल तैयार किया गया है। आईसर के प्रोफेसर डॉक्टर शंकर चकमा के अनुसार 2017 में इस प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू किया था। 6 साल में यह रिसर्च पूरी हुई है। इससे 25 किलोमीटर प्रति लीटर का सबसे उम्दा डीजल प्राप्त हुआ है। ट्रायल सिंगल सिलेंडर और चार स्ट्रोक इंजन में इसे टेस्ट किया गया है। शासकीय नियमों के अनुसार 20 फीसदी प्लास्टिक वेस्ट से तैयार आयल को डीजल में मिक्स करके चलाने की अनुमति है। डेढ़ साल लगातार ट्रायल करने के बाद गोविंदपुरा में रिएक्टर तैयार किया गया है। जिसमें प्लास्टिक वेस्ट से अब डीजल तैयार किया जाएगा। जो नई विधि विकसित की गई है इससे प्लास्टिक वेस्ट को डीजल में बदलने की एक बहुत बड़ी कामयाबी खोजकर्ताओं को मिली है।

एनएसयूआई के नवनियुक्त प्रभारी आज करेंगे पदभार ग्रहण

भोपाल। कांग्रेस की छात्र ईकाई एनएसयूआई के दिल्ली से नव नियुक्ति प्रदेश प्रभारी महावीर गुर्जर एवं ऋचु बराला मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में पदभार ग्रहण करेंगे। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे की अगुवाई में प्रदेश कार्यकारणी बैठक का आयोजन किया गया है जिसमे नव नियुक्त प्रभारी प्रदेश के विभिन्न छात्र नेताओं एवं संगठन पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे।

एनएसयूआई महासचीव अदित्य सोनी ने बताया की एनएसयूआई द्वारा नवीन राष्ट्रीय कार्यकारणी घोषित करने के बाद मध्यप्रदेश के नवीन प्रदेश प्रभारी महावीर गुर्जर एवं सुश्री ऋचु बराला को नियुक्त किया गया है वह दिनांक 23 अप्रैल मंगलवार को अपना पद भार ग्रहण करेंगे जिस अवसर पर एनएसयूआई मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारणी बैठक का भी आयोजन दोपहर 12 बजे किया गया है, जिसमे प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से संगठन के पदाधिकारी एवं छात्र नेता शामिल होंगे एवं नवीन प्रदेश प्रभारीयो से संवाद करेंगे।

आज घोषित होंगे कक्षा 5वीं-8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के परिणाम

भोपाल। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जल्द ही कक्षा 5 और 8 के लिए आधिकारिक एमपी बोर्ड परिणाम तिथि और समय की घोषणा की जाएगी। ये परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। छात्रों को परिणाम तक पहुंचने के लिए अपना रोल नंबर और अन्य लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करना आवश्यक है। राज्य शिक्षा केंद्र मध्य प्रदेश (आरएसकेएमपी) कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए आधिकारिक एमपी बोर्ड परिणाम 2024 तिथि और समय की घोषणा करने वाला है। परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

हरदा एसपी का लेटर पर गरमाई राजनीति

कांग्रेस ने पूछा-हमें ऐसी परमिशन मिलेगी क्या

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल के मध्यप्रदेश दौरे से पहले राजनीति शुरू हो गई है। हरदा एसपी ने हरदा की मंडियां बंद रखने को लेकर कलेक्टर को लेटर लिखा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने इस पर सवाल खड़े किए हैं। हरदा एसपी अभिनव चौकसे ने कलेक्टर आदित्य राज सिंह को लेटर में लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान शहर में लोगों का अधिक संख्या में आवागमन रहेगा। इस दौरान हरदा में अत्यधिक संख्या में (लगभग 50,000) आम जनता के आने की संभावना है। जिले की कृषि उपज मंडियों में आने-जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियां शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हैं, जिससे अप्रिय घटना होने की आशंका बनी रहेगी। अतः 24 अप्रैल को जिले की कृषि उपज मंडियों को बंद रखने के लिए निर्देशित करें।

हरदा एसपी के लेटर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्क पर शेयर कर विवेक तन्खा ने पूछा- क्या हरदा या अन्य शहर में इस तरह कृषि उपज मंडी इंडिया अलायन्स के वरिष्ठ नेताओं की मीटिंग के लिए प्रशासन बंद करेगा? या मीटिंग ही सीमित करने का आदेश देगा। जैसे रामलीला ग्राउंड दिल्ली में कंडीशंस लगाई थी। क्या मप्र में प्रशासन चुनाव लड़ा रहा है?

शामिल होने का प्रेशर

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने 24 अप्रैल की शाम को भोपाल में होने वाले प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर भी ट्वीट कर प्रशासनिक अफसरों पर निशाना साधा। तन्खा ने लिखा- प्रधानमंत्री जी का रोड शो 24 अप्रैल को प्रस्तावित है। स्वाभाविक है कि बीजेपी चाहेगी रोड शो अच्छा हो। मुझे तमाम जानकार सूत्रों से विश्वसनीय और 100 प्रतिशत सही जानकारी मिली है कि सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेज को प्रशासनिक अधिकारी फोन पर आदेश दे रहे हैं। इस भीषण गर्मी में स्टूडेंट्स को रोड शो का हिस्सा बनाने के लिए दबाव बना रहे हैं। यह गलत और कानून एवं मॉडल ईसीसी गाइडलाइन के विपरीत है। निर्वाचन आयोग, एमपी के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मानव अधिकार आयोग और राष्ट्रपति जी को इस संवेदनशील मुद्दे पर संज्ञान लेकर अफसरों को दंडित करना चाहिए। तन्खा के ट्वीट पर हरदा के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा- प्रधानमंत्री का अपना प्रोटोकॉल रहता है। प्रशासन उसी प्रोटोकॉल के हिसाब से फैसले करता है। यदि इनके किसी कार्यक्रम में ऐसा प्रोटोकॉल होगा तो प्रशासन वैसा निर्णय करेगा।

भोपाल में स्टूडेंट्स को रैली में

नाराज कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत की नाराजगी दूर

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के दलबदल का दौर जारी है। इसी बीच एक और कांग्रेस विधायक के पार्टी छोड़कर बीजेपी में जाने की खबर थी, लेकिन अब पार्टी ने नाराज कांग्रेस रूरू रामनिवास रावत को मना लिया है। रामनिवास रावत से दिल्ली आलाकमान ने फोन पर बातचीत की और उनकी नाराजगी दूर की गई।

दरअसल, कांग्रेस के 6 बार के वरिष्ठ विधायक रामनिवास रावत मुरैना लोकसभा सीट को लेकर नाराज थे। जिसके बाद चर्चा थी कि वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। रामनिवास श्योपुर के विजयपुर से विधायक हैं। हालांकि समय रहते आलाकमान ने डैमेज कंट्रोल कर लिया है। नाराज विधायक से फोन पर बातचीत कर

उनकी नाराजगी दूर की गई। इधर, पार्टी छोड़ने की अटकलों के बीच रामनिवास रावत दिग्विजय सिंह का प्रचार करने पहुंचे। वे राजगढ़ में दिग्विजय सिंह के चुनाव प्रचार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रामनिवास रावत ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा के मुकाबले सीधे हैं।

कांग्रेस के टिकट वितरण से थे नाराज

रामनिवास रावत मुरैना में कांग्रेस की टिकट वितरण को लेकर भी नाराज थे। बताया जा रहा था कि उनको पार्टी के वरिष्ठ नेता मनाने में जुटे हुए थे। रावत ने भी मुरैना लोकसभा सीट से 2019 में चुनाव लड़ चुके हैं। वह नरेंद्र सिंह तोमर से 1 लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हार गए थे।

सीएसके और सुपर जाइंट्स में होगी कड़ी टक्कर

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2024 में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इससे पहले हुए मुकाबले में सीएसके को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही पिछली हार का हिसाब बराबर करना रहेगा। सीएके इस मैच को जीतकर अंकतालिका में भी ऊपर आना चाहेगी। पिछली बार दोनों टीमों का मुकाबला लखनऊ में हुआ था जिसमें सुपर जाइंट्स जीती थी। अभी दोनो ही टीमों के सात मैचों के बाद आठ अंक हैं।

सुपर जाइंट्स के लिए इस मैच में सीएसके को हराना आसान नहीं रहेगा क्योंकि उसके पास एक से बड़कर एक खिलाड़ी हैं और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी जबरदस्त लय में हैं। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लेआफ के लिए अपनी दावेदार बनाने पर रहेंगी। सीएसके की कमजोरी उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का लय में नहीं होना है। अभी तक टीम की ओर से कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के प्रदर्शन में ही निरंतरता दिखी है। लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में इन दोनो के विफल रहने के बाद मध्यक्रम दबाव में टूट गया था जिससे मैच में उसके हाथ से जीत निकल गयी। उसके सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र भी अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं। सीएसके ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में अजिंक्य रहाणे को पारी की शुरुआत करने भेजा था। वहीं रूतुराज तीसरे नंबर पर आये थे। अब इस मैच में देखना होगा कि वह किस नंबर पर उतरते हैं। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और धोनी के अच्छे फार्म में होने का भी टीम को लाभ मिलेगा। सीएसके इस मैच में शीर्ष क्रम से बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है।

गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है। पथिराना ने अबतक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा जडेजा भी एक अच्छे स्पिनर हैं।

दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की बल्लेबाजी की जिम्मेदार कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक पर रहेगी। निकोलस पूरन ने भी अब तक अच्छा खेला है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव अगर फिट हुए तो इस मैच से वापसी कर सकते हैं। वह चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं।

वहीं तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नये खिलाड़ी मैट हेनरी भी इस मैच में बेहतर कर टीम में जगह बनाना चाहेंगे। स्पिन गेंदबाजी की कमान रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या संभालेंगे। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अंतिम ओवरों में बेहद आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें रोकना सुपर जाइंट्स के गेंदबाजाजों के लिए बेहद कठिन होगा। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। वहीं अगर सुपर जाइंट्स के मयंक वापसी करते हैं तो उनकी रफ्तार का सामना सीएसके के बल्लेबाज किस प्रकार करेंगे ये देखना होगा।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

लखनऊ सुपर जाइंट्स- केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, करणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्स- रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

हमेशा ही गेंदबाजी करना पसंद करते हैं रसेल

कोलकाता। आंद्रे रसेल ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को यहां के ईडन गार्डन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीब) के खिलाफ मुकाबले में एक रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। रसेल ने इस मैच में तेजी से रन बनाने के साथ ही गेंदबाजी के दौरान 3 विकेट लिए। केकेआर की जीत से उत्साहित रसेल ने कहा कि वह हमेशा ही गेंदबाजी करना पसंद करते हैं।

साथ ही कहा कि गेंद मिलने के बाद मुझे पता था कि मुझे अच्छा प्रदर्शन करना होगा और खुशकिस्मती से यही हुआ। साथ ही कहा कि जब मैं पहले बल्लेबाजी कर रहा था तो गति में बदलाव करना कठिन हो रहा था। एक गेंदबाज के तौर पर इससे मुझे खुशी हुई। धीमी गेंदें पर दो जमे हुए बल्लेबाजों को आउट करते मैं खेल बदलने में सफल रहा।

रसेल ने कहा कि नरेन के वे 2 विकेट भी बहुत अहम थे और यहीं से आरसीबी के हाथ से मैच निकली गया। साथ ही कहा कि जब मैंने गेंदबाजी समीकरण देखा तो पाया कि मेरे पास 2 ओवर हैं। इसके बाद मैंने 19वां ओवर फेंकने की तैयारी की। इस दौरान स्टार्क को जितना हो सके उतने रन देने के प्रयास किये। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने मैच का पासा पहटने के लिए रसेल की प्रशंसा की। इस मैच में फिल सॉल्ट की आक्रामक शुरुआत के बाद कप्तान श्रेयस की अर्धशतकीय पारी से केकेआर ने आरसीबी के खिलाफ 6 विकेट पर 222 रन बनाये। इसके जवाब में विल जैक्स और रजत पाटीदार के अर्धशतकों के बाद भी आरसीबी एक रन से हार गयी।

डु प्लेसी और कुरेन पर जुर्माना लगा

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 आचार संहिता उल्लंघन के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसी और पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर जुर्माना लगा है। जहां धीम ओवर गति के लिए डु प्लेसी पर 12 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया है। वहीं कुरेन पर अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताने के लिए मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगा है। डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में धीमी ओवरगति के दोषी पाए गए थे। इस मैच में आरसीबी की हार भी हुई एस प्रकार डु प्लेसी को दोहरा झटका लगा है।

आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 36वें मैच में केकेआर के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है। यह आरसीबी का सत्र का पहला अपराध था इसलिए 12 लाख जुर्माना ही लगा है। वहीं दूसरी ओर कुरेन पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिए मैच फीस का आधा जुर्माना लगाया गया। यह अपराध अंपायर के फैसले पर विरोध जताने को लेकर है। नियमों के अनुसार लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला ही अंतिम और सर्वमान्य होता है।

आईपीएल की ओर से कहा गया, 'कुरेन ने आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक का अपराध किया है। उन्होंने अपराध और सजा स्वीकार कर ली है। इसलिए आगे सुनवाई की जरुरत नहीं पड़ी।

केकेआर दूसरे और गुजरात छठे स्थान पर पहुंची

मुम्बई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल सत्र में जीत के साथ ही अंक तालिका में अब दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के साथ ही गुजरात टाइटंस भी ४वें से छठे स्थान पर पहुंच गयी है। नंबर एक स्थान पर अभी भी 12 अंकों के साथ ही राजस्थान रॉयल्स बककरार है। केकेआर 7 मैचों में 5 जीत के बाद 10 अंकों लेकर दूसरे स्थान पर आ गयी है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जाइंट्स 8-8 अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर फिसल गयी है। गुजरात टाइटंस छह अंकों के साथ ही छठे नंबर पर जबकि मुंबई 6 अंकों के साथ 7वें तथा दिल्ली इतने ही अंकों के साथ ४वें स्थान पर आ गई है। पंजाब किंग्स 4 अंकों के साथ ९वें स्थान पर और आरसीबी 2 अंक लेकर अंतिम स्थान पर खिसक गयी है।

अय्यर ने अंतिम ओवर में मिली जीत को रोमांचक बताया

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईपीएल लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मिली जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के करीबी मुकाबलों में धैर्य बनाये रखना ही सबसे मुश्किल होता है पर टीम की जीत से उन्हें राहत मिली है। इस मैच में केकेआर ने छह विकेट पर 222 रन बनाने के बाद आरसीबी को मैच की अंतिम गेंद पर 221 रनों पर ही रोक दिया।

श्रेयस ने कहा कि इस दौरान भावनाएं हावी रहती हैं जिससे आप थक जाते हैं। ऐसे में संयम रखना कठिन होता है। इसके बाद भी मिली जीत से मैं खुश हूं। हमें 2 अंक मिले और यही अहम होता है। साथ ही कहा कि दबाव का सामना करना मुश्किल होता है। ऐसे में हर किसी को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिये। इस मैच में आंद्रे रसेल के ऑलराउंड प्रदर्शन की भी श्रेयस तारीफ करते हुए कहा कि उसने 20 गेंद में 27 रन बनाने के बाद तीन विकेट भी लिए जिससे जीत में असानी रही। । श्रेयस ने कहा कि रसेल ने मैच का पासा हमारी तरफ मोड़ दिया। टीम में इसी तरह के खिलाड़ी की जरुरत होती है। इस मैच के अंतिम ओवर में कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की गेंदों पर 3 छक्के लगाकर आरसीबी को तकरीबन जीत के पास पहुंचा दिया था पर अंत में केकेआर ने बाजी मार ली। श्रेयस ने ये ओवर कर रहे स्टार्क का समर्थन करते हुए कहा कि अंतिम ओवर में काफी दबाव रहता है। उन्होंने कहा कि जब 6 गेंद में 18 रन चाहिए हो तो गेंदबाज पर दबाव रहता ही है। एक छक्के से मैच बदल जाता है। ऐसे में यह जरूरी था कि हम शांत बने रहें जिससे कि बल्लेबाज को गलती करने पर मजबूर किया जा सके। वहीं आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने अपनी टीम की छठी हार पर निराश जताई है। उन्होंने कहा कि अब आने वाले मैच में उनकी टीम प्रयास करेगी।

नरेन को आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं गंभीर

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोच गौतम गंभीर ने सुनील नरेन की जमकर प्रशंसा की है। गंभीर ने कहा कि नरेन को वह आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं। गंभीर के अनुसार साल 2011 में नरेन को भारत के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में खेलने देखकर उन्हें पता चल गया था कि ये खिलाड़ी टी20 क्रिकेट में महान बनेगा। गंभीर ने कहा कि साल 2011 में नारायण को पदार्पण श्रृंखला में खेलते हुए देखने के बाद ही उन्होंने इस खिलाड़ी को आईपीएल के लिए शामिल करने का फैसला किया था।

गंभीर ने कहा, 'मैंने तब नरेन की सात या आठ गेंदों का ही सामना किया था और तभी मुझे लगा कि यह का महान क्रिकेटर बनेगा। नरेन ने अपने आईपीएल करियर में 170 विकेट लिए हैं और लीग में 168 मैच में एक शतक सहित 1322 रन भी बनाए हैं। नरेन ने दिसंबर 2011 में अहमदाबाद में तीसरे एकदिवसीय में भारत के खिलाफ वनडे पदार्पण किया था जिसमें उन्होंने विराट कोहली और आर अश्विन को आउट कर 34 रन देकर दो विकेट लिए थे। गंभीर ने चौथे एकदिवसीय में पहली बार नरेन की गेंदों का सामना किया था। नरेन हालांकि छह ओवर में 46 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाये थे। वहीं साल 2012 में नरेन केकेआर के रहस्यमयी गेंदबाज के तौर पर सामने आए और 24 विकेट लेकर मोर्नी मोर्कल के 25 विकेट के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने थे। इससे केकेआर की टीम 2012 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने में सफल रही। केकेआर ने दूसरी बार जब 2014 में खिताब जीता तब भी नरेन ने 21 विकेट लिए थे। इसके साथ ही वह बल्लेबाजी से भी टीम का सहयोग करते रहे हैं।

उथप्पा बोले मानसिक रुप से निराश हैं पांड्या

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मानसिक रुप से परेशान होने के कारण आईपीएल सत्र में अबतक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पांड्या को इस सत्र में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी दी गयी थी पर वह गेंद और बल्ले के अलावा कप्तानी कौशल में भी सफल नहीं हुए हैं। उथप्पा के अनुसार रोहित शर्मा की जगह टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही पांड्या प्रशंसकों की हूटिंग का शिकार हुए हैं जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। उन्हें प्रशंसकों की ओर से लगातार नकारात्मकता मिल रही है। पहले 7 मैचों में मुंबई ने नए कप्तान हार्दिक के नेतृत्व में केवल तीन जीत हासिल की हैं।

हार्दिक का बचाव करते हुए उथप्पा ने कहा कि प्रशंसकों का उनके प्रति व्यवहार सही नहीं है। उथप्पा ने कहा, वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसमें भारतीय टीम के लिए सर्वकालिक महान बनने की क्षमता है। जिस टीम ने उसे खोजा था, उसने उसे जाने दिया, वह दूसरी फ्रेंचाइजी में चला गया। उनके साथ 3-4 खिताब जीतने के बाद वह चला गया। उसे थोड़ा बुरा लगा होगा, वह गुजरात टाइटंस में गया, एक खिताब जीता और दूसरे में उपविजेता रहा।

उथप्पा ने कहा, मजाक, ट्रोलिंग, उनकी फिटनेस के बारे में मीम्स। आपको उसे दुख होता है। यह किसी भी इंसान को हताश करता है। साथ ही कहा कि हम लोग, भारतीय होने के नाते, भावुक हैं। लेकिन किसी भी इंसान के प्रति इस तरह का व्यवहार करना हमारे लिए अशोभनीय है, हमें इन मीम्स पर हंसना नहीं चाहिए और न ही उन्हें आगे भेजना चाहिये।

उन्होंने कहा, एक कॉर्पोरेट व्यक्ति का काम टेलीविजन पर आलोचना करना या उसके बारे में राय रखना नहीं है। जब ऐसा मामला होता है, तो आपको दूसरे व्यक्ति के प्रति एक निश्चित मात्रा में सहानुभूति और सम्मान का व्यवहार करना होगा ताकि उन्हें विफल होने दिया जा सके। एक देश के रूप में हमने जो सबसे खूबसूरत चीजें की हैं उनमें से एक है हमारे प्यार की अभिव्यक्ति और हमारे भारतीय के प्रति हमारी प्रतिक्रिया, विश्व कप हारने के बाद हमें एक समाज और भारतीय के रूप में ऐसा ही होना चाहिए।

पाक के विकेटकीपर बल्लेबाज आजम चोटिल होने के कारण टी20 सीरीज से बाहर हुए

रावलपिंडी। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज आजम खान चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। इस मामले पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि आजम को स्कैन में पिंडली की मांसपेशियों में चोट के बाद 10 दिन के आराम की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि आजम को बल्लेबाजी अभ्यास के दौरान ये चोट लगी।

आजम अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पीसीबी मेडिकल पैनल के डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आजम के सीरीज से बाहर होने से पाक को झटका लगेगा क्योंकि वह आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए पाकिस्तान की टीम में जगह बनाने के प्रमुख दावेदारों में से एक हैं।

चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 में पाक को हराया

रावलपिंडी। मार्क चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां खेले गये तीसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए पाकिस्तान ने सैम आयुब के 32, कप्तान बाबर आजम के 37, रिजवान के 22, इरफान खान के 30 और शादाब खान के 41 रनों से कुल 178 रन बनाए थे। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। उसे टिम रोबिन्सन और टिम सेफर्ट ने अच्छी शुरूआत दी। इसके बाद मार्क चैपमैन ने 42 गेंदों पर ही 87 रन बनाकर 19वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में दोनों ही टीमें 1-1 से बराबरी पर आ गई है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था जबकि दूसरा पाक ने जीता था।

जीत के बाद न्यूजीलैंड के चैपमैन ने खुशी जताते हुए कहा कि सीरीज बराबर आने से उन्हें खुशी हुई है। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है इससे लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। हमारे लिए 100 से अधिक रनों की साझेदारी करना लाभप्रद रहा। हम जानते हैं कि पाकिस्तान की डेथ ओवरों में गेंदबाज शानदार है इसके बाद भी हमारे बल्लेबाज सफल हुए।

दूसरे ओर हार से निराश पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि बदकिस्मती से हम 10 रन कम रह गए। मुझे लगता है कि शादाब ने अच्छी रिकवरी की और अच्छी साझेदारी बनाई। मुझे लगता है कि 180-190 स्कोर होना चाहिये था। हमने हालातों के अनुसार खेलने का प्रयास किया था। शादाब ने योजना के अनुसार अपना स्वाभाविक खेल खेला। साथ ही कहा कि हमारा क्षेत्ररक्षण खराब रहा जिससे भी हमारे हाथ से मुकाबला निकल गया।

विराट को आउट दिये जाने के मामले पर आमने-सामने आये पूर्व क्रिकेटर

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच हुए आईपीएल मुकाबले में विराट कोहली को फुलटॉस पर आउट दिए जाने का मामला बढ़ता जा रहा है। अब इसको लेकर पूर्व क्रिकेटर भी आमने-सामने आ गये हैं। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान कह रहे हैं कि गेंद कमर से ऊंची नहीं थी इसलिए आउट का फैसला सही था। वहीं दूसरी ओर मोहम्मद कैफ और नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि गेंद नो बाल थी सिद्धू ने कहा, ' मैं सीना तानकर कहता हूं कि विराट नॉट आउट थे।' विराट इस मैच में 7 गेंद पर 18 रन ही बना पाये थे। इस प्रकार उन्होंने इस सत्र में अबतक सबसे अधिक रन बनाये हैं। इस मैच में विराट केकेआर के गेंदबाज हर्षित राणा की गेंद पर आउट करार दिये गये जबकि वह वह फुलटॉस गेंद थी। विराट इस गेंद पर आगे निकलकर खेले और उनके बल्ले पर जब गेंद लगी तो वे अपने पंजों के बल खड़े थे। गेंद जब बल्ले से टकराई तब

वह विराट के सीने के सामने थी। वहीं आईसीसी के नियम के अनुसार अगर गेंद बल्लेबाज की कमर से ऊंचाई पर है तो उसे नो बॉल करार दिया जाता है। विराट ने भी इसी नियम के तहत आउट दिए जाने के फैसले पर सवाल उठाये थे पर तीसरे अंपायर ने टीवी रीप्ले देखकर इस गेंद को वैध करार दिया।

पठान ने मैच के दौरान ही ट्वीट कर कहा कि यह गेंद वैध थी जबकि कैफ ने कहा ये नो बॉल थी। कैफ ने कहा, 'विराट को आउट दिया जाना मेरे हिसाब से सही नहीं था। अगर बल्ले से टकराते समय गेंद की ऊंचाई कमर से ऊपर है तो इसे नो बॉल दिया जाना चाहिए।'

पठान ने एक वीडियो बनाकर इस विषय पर अपना पक्ष रखा। इरफान ने बताया कि आईपीएल शुरू होने से पहले ही सभी क्रिकेटरों की कमर की ऊंचाई बीसीसीआई ने ले ली थी जिससे नो बॉल के फैसला ज्यादा आसानी से लिया जा सके। इरफान ने कहा, 'विराट थोड़ा आगे खड़े हुए थे। अगर यही गेंद तेज होती तो कमर के ऊपर से निकल जाती पर धीमी होने से बल्ले से टकराई, वहां पर सब प्रशंसकों को लगा कि यह कमर से ऊंची जाती पर गेंद डिप हो रही थी। जहां पर पॉपिंग क्रीज थी, वहां पर गेंद कोहली की कमर से नीचे चली जाती। मतलब यह नो बॉल नहीं थी।'

वहीं सिद्धू ने नाराजगी जताते हुए कहा, 'गेंद जब बल्ले से टकराई तब वह कमर से एक-डेढ़ फुट ऊपर थी। मैं दावे से कहता हूं कि वह नो बॉल थी और विराट कोहली नॉट आउट थे।' सिद्धू ने अंपायर के फैसले के साथ-साथ गेंदबाज के रवैये पर भी सवाल किए।

अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का राज बताया

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अभिषेक ने पारी की शुरुआत करते हुए कई आक्रामक पारियां खेली हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 12 गेंद में ही 46 रन बना दिये थे।अब अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के पीछे छिपा राज बताया है। अभिषेक ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रखकर तैयारी करने से उन्हें लाभ हुआ है। अभिषेक ने ट्रेविस हेड के साथ केवल 38 गेंदें में 131 रन की साझेदारी की थी। उन्होंने पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी इसी सत्र में अपने नाम किया है। उन्होंने इस सत्र में कुलदीप यादव को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने चार छक्के कुलदीप की गेंद पर लगाये हैं। इसी को लेकर अभिषेक ने कहा कि कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने का उन्हें लाभ हुआ। अभिषेक ने कहा, '' मैं स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के अनुसार तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास भी करता हूं। इससे भी मुझे लाभ मिलता है।'' अपनी पारी में छह छक्के लगाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय कड़ी मेहनत से आई है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी लाभ हो रहा है।'' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे हैं और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। साथ ही कहा कि वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का प्रशंस हूं। उनके हमारी टीम में होने से भी मुझे लाभ मिला है। साथ ही कहा कि जब भी मुझे गेंदबाजी का मौका मिलेगा मुझे उसके लिए तैयार रहना चाहिये।''

विराट आईपीएल में 250 छक्के लगाकर विशिष्ट क्लब में शामिल हुए

कोलकाता। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 250 छक्के पूरे कर एक और विशिष्ट क्लब में प्रवेश किया है। इसमें भारत के रोहित शर्मा पहले से ही इस क्लब में शामिल हैं। विराट ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 7 गेंदों की पारी में ही एक रिकार्ड अपने नाम कर लिया। ।

विराट अब टी20 लीग में 250 छक्के लगाने वाले चौथे और दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अब तक टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 357 छक्के हैं। वहीं रोहित 275 छक्के लगाकर दूसरे नंबर पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स इस मामले में 251 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

विराट साल 2008 से शुरू हुई आईपीएल के सभी सीजन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से जुड़े हुए हैं। वो आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 250 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ये उपलब्धि केकेआर के खिलाफ सिर्फ 7 गेंदों में 18 रन बनाकर हासिल की, जिसमें उन्होंने दो छक्के और एक चौका लगाया। कोहली के बाद इस मामले में क्रिस गेल का नाम आता है, जिन्होंने आईपीएल में आरसीबी के लिए ही 239 छक्के लगाए हैं।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने नव विवाहित जोड़े की शादी रद्द कर दी

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने रिलेटिव इंपोटेंसी का हवाला देते हुए नव विवाहित जोड़े की शादी को रद्द कर दिया। कपल की ओर से हाई कोर्ट में शादी रद्द करने की अर्जी डाली गई थी। याचिका में पीड़िता की ओर से बताया गया कि उसका 27 वर्षीय पति यौन संबंध नहीं बना पा रहा था। हाई कोर्ट ने माना कि दोनों मानसिक भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। दोनों की शादी महज 17 दिन ही चली।

मामले में सुनवाई न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने की। 15 अप्रैल को दिए अपने फैसले में अदालत ने कहा कि सिर्फ 17 दिन में ही दंपती की हताशा और पीड़ा का पता चलता है। दंपती ने इससे पहले परिवार अदालत में भी विवाह रद्द किए जाने की मांग की थी। अदालत ने

उनकी याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि यह मामला ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए हैं। 26 वर्षीय महिला ने पारिवारिक अदालत में याचिका डालकर तलाक की मांग की थी। लेकिन याचिका खारिज होने के बाद पति ने हाई कोर्ट का रुख किया। महिला ने याचिका में कहा था कि उसका पति यौन संबंध बना पाने में असमर्थ है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी एक जानी-पहचानी स्थिति है और यह सामान्य नपुंसकता से अलग है।

अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की कई शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं। मौजूदा मामले में यह आसानी पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। पीठ ने यह भी कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है। अदालत ने कहा कि व्यक्ति ने संभवतः शुरुआत में संभोग न कर पाने के लिए अपनी पत्नी को जिम्मेदार ठहराया क्योंकि वह यह स्वीकार करने से हिचकिचा रहा था कि वह उसके साथ संभोग करने में असमर्थ है। दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने हैं। महिला ने दावा किया कि उसके पति ने उसके साथ यौन संबंध बनाने से इनकार कर दिया। वे एक-दूसरे के साथ मानसिक व भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। पति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया, लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह अपने ऊपर ऐसा कोई दाग नहीं चाहता कि वह नपुंसक है। इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। पारिवारिक अदालत ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ये दावे किए हैं। हाई कोर्ट ने पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और शादी को भी निरस्त कर दिया। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी नपुंसकता से है जिसमें व्यक्ति किसी के साथ यौन संबंध बनाने में असमर्थ होता है। ऐसा नहीं है कि वह दूसरे व्यक्तियों के साथ भी यौन संबंध न बना पाए। यहां अर्थ मानसिक और भावनात्मक रूप से है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न स्थिति है।

सोशल मीडिया पर कन्हैया ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

नई दिल्ली। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। उम्मीदवार घोषित होने के बाद से सभी प्रत्याशियों के फालोअर्स की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। कांग्रेस की ओर से राजधानी में पिछले रविवार उम्मीदवारों की घोषणा किये जाने के बाद सोशल मीडिया पर सारे रिकॉर्ड टूटते नजर आए। 7 दिनों में एक्स पर कन्हैया कुमार के 8734 फॉलोअर्स बढ़े हैं। वहीं उनके फॉलोअर्स की संख्या इस वक्त 42 लाख है। लगभग 9 लाख वाले इंस्टा अकाउंट पर 500 फॉलोअर्स औसतन रोज बढ़ रहे हैं। इसमें सबसे आगे उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार व भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी और नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज हैं।

उम्मीदवार घोषित होने के बाद एक्स पर रोजाना औसत 2000 फालोअर्स कन्हैया कुमार के बढ़े हैं। वहीं इसी मंच पर एक महीने में मनोज तिवारी और बांसुरी स्वराज के फॉलोअर्स की संख्या हर दिन औसतन 224 व 121 बढ़ी है। सियासी घमासान में कोई नेता शिखर पर है तो कोई लोगों का सोशल मीडिया वाला पसंदीदा नेता बना। आलम यह है कि उम्मीदवार बनने के बाद हजारों की तादाद में इन्हें फॉलो किया जा रहा है। नई दिल्ली सीट पर भाजपा की ओर से टिकट मिलने के बाद से बांसुरी स्वराज के अकाउंट पर तो फॉलोअर्स की बाढ़-सी आ गई है। एक्स पर अकेले मार्च महीने में ही उनके 18 हजार फॉलोअर्स बढ़े। वहीं इसी साल फरवरी में बना उनका नया इंस्टाग्राम अकाउंट एक लाख फॉलोअर्स पार करने वाला है। अभी उनके एक्स व इंस्टा हैंडल पर 1.7 लाख व 97 हजार फॉलोअर्स हैं। लगभग रोजाना 121 नए यूजर के साथ संख्या तेजी से बढ़ रही है। मनोज तिवारी भी इस होड़ में पीछे नहीं हैं। एक्स पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 18 लाख है। टिकट मिलने के बाद मनोज के फॉलोअर्स बढ़ने की रफ्तार तेज है। मार्च में 7 हजार से अधिक लोग उनसे जुड़े हैं। वहीं बीते 30 दिनों में इनके फालोअर्स की संख्या में 6,737 का इजाफा हुआ है।

आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव का टिकट मिलने के बाद बांसुरी स्वराज ने सबसे अधिक पोस्ट किए। बीते 7 दिन में वह एक्स पर 821 पोस्ट कर चुकी हैं। उन्हें इस अवधि में दस लाख से अधिक रीच मिली है और साढ़े 3 हजार से अधिक लोगों ने फॉलो किया है। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को सबसे कम ट्वीट करने पर मात्र 6 फॉलोअर्स रोजाना के दर पर 203 फॉलोअर्स मिले हैं। पश्चिमी दिल्ली से भाजपा के उम्मीदवार कमलजीत सहरावत को टिकट मिलने के बाद बचे हुए अन्य उम्मीदवारों से अधिक फॉलोअर्स मिले। उनसे पिछले 30 दिनों में 2 हजार से अधिक लोगों ने जुड़ना पसंद किया। उनके पोस्ट पर लाइक कमेंट व शेयर किया। कमलजीत से रोजाना 70-80 नए लोग जुड़ रहे हैं। आप के नई दिल्ली प्रत्याशी सोमनाथ भारती के फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख के करीब है उनके पिछले एक माह में केवल 600 फॉलोअर्स बढ़े हैं। उनसे हर दिन औसतन बीस लोग जुड़ रहे हैं। पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा, पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार और दक्षिणी दिल्ली से सहीराम का आंकड़ा भी कमोवेश एक सा है।

कन्नौज से अखिलेश यादव नहीं लड़ेंगे चुनाव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने अंततः सोमवार को यह साफ कर दिया कि पार्टी मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। पार्टी ने इस सीट पर तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। तेज प्रताप अखिलेश यादव के भाई तथा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। सोमवार को सपा ने कन्नौज के अलावा बलिया सीट पर भी उम्मीदवार की घोषणा की। इस सीट पर सनातन पांडेय को टिकट दिया गया है। यहां सनातन पांडेय का मुकाबला भाजपा के नीरज शेखर से होगा। नीरज पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र हैं।

सांसद राहुल गांधी के मामले में सुनवाई अब दो मई को

सुलतानपुर। विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलोर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेसवार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में सोमवार को बचाव पक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने राहुल गांधी के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए मौके का प्रार्थनापत्र दिया वहीं परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण सोमवार को सुनवाई टल गई। मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए दो मई की तारीख नियत की गई है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था।

एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के दामाद का निधन

बाराबंकी। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बड़े दामाद रजाकर सिंह का लखनऊ में बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन के कारण दिग्विजय सिंह ने अपने पूर्व निर्धारित चुनाव कार्यक्रमों को रद्द कर दिए हैं। रजाकर सिंह बाराबंकी की रामनगर स्टेट के राज परिवार से ताल्लुक रखते थे। 61 वर्षीय रजाकर सिंह करीब एक साल से कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन की जानकारी दिग्विजय सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर दी।

भाजपा एक पार्टी नहीं, एक पंथ बन गई जिसमें मोदी को पूजा जा रहा - चिदंबरम

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने केंद्र पर निशाना साधकर कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को बहाल'' करने की अपील की।

चिदंबरम ने कहा कि भले ही कांग्रेस के घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर सीएए को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने यह उम्मीद भी जाहिर कि'इंडिया गठबंधन तमिलनाडु की सभी 39 सीट और पुडुचेरी की एक सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने अपने घोषणपत्र को मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।''

चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है, जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, ''भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो चुकी है, इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तब वे संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है।

अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तस्वीरें वायरल, तिहाड़ जेल में है बंद

छोटा राजन, दाऊद के दुश्मनों की लिस्ट में नंबर वन पर

नई दिल्ली। कभी मुंबई पर राज करने वाला दाऊद इब्राहिम का सबसे बड़ा दुश्मन और मुंबई में आतंक का दूसरा नाम रहे अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की दो तस्वीरें वायर हुई हैं। एक तस्वीर में छोटा राजन अस्पताल के बेड पर है। बताया जा रहा कि ये फोटो उस समय की है जब उसे कोरोना हुआ था। वहीं दूसरी फोटो उसकी अभी की बताई जा रही है। इसमें छोटा राजन एंबुलेंस वैन के अंदर की तस्वीर में वो बिल्कुल फिट नजर आ रहा। इस तस्वीर को देखकर छोटा राजन का सबसे बड़ा दुश्मन दाऊद परेशान हो गया होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि दाऊद ने छोटा राजन को मरवाने की कई बार कोशिश की लेकिन वह हर बार जिंदा बच गया। यही नहीं कोरोना काल जब छोटा राजन कोविड संक्रमित हुआ तो भी उसके मौत की अफवाहें उड़ी थीं। बाद में छोटा राजन ठीक होकर वापस तिहाड़ पहुंच दिया गया था।

छोटा राजन, दाऊद के दुश्मनों की लिस्ट में नंबर वन पर है। दाऊद इब्राहिम और छोटा राजन शुरू से दुश्मन नहीं थे। दाऊद को लेकर कहा जाता है कि अंडरवर्ल्ड में कभी उसके नाम से अपराध का उद्योग चला करता था। छोटा राजन उस समय दाऊद का दाहिना हाथ हुआ करता था। हालांकि, बाद में कुछ ऐसी घटनाएं हुईं जब दोनों एक दूसरे के कट्टर दुश्मन बन गए। इसके बाद दाऊद गैंग छोटा राजन की जान का दुश्मन बन गई।

भारत में छोटा राजन के खिलाफ कई मामले दर्ज थे। वो मुंबई पुलिस का मोस्ट वांटेड था और इसलिए वो कभी यहां नहीं आया। राजन को साल 2015 में इंडोनेशिया के बाली से गिरफ्तार कर भारत लाया गया था। तब से वो दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। छोटा राजन की जान खतरे को देखते हुए उसे तिहाड़ की सबसे हाई सिक्योरिटी वाली जेल नंबर 2 में उसे रखा गया है।

तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है - राहुल गांधी

अहमदाबाद। दक्षिण गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध विजेता घोषित किए जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। बगैर किसी का नाम लिए राहुल गांधी ने ट्वीट के जरिए सरकार पर कड़े प्रहार किए हैं। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा कि तानाशाह की असली 'सूरत' फिर एक बार देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। मैं एक बार फिर कह रहा हूं - यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है। आप को बता दें कि सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करने के बाद उन्हें जीत का प्रमाण पत्र भी दे दिया गया है। लोकसभा चुनाव की वोटिंग से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट चली गई है। दरअसल कांग्रेस प्रत्याशी निलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द किए जाने के बाद शेष 8 उम्मीदवारों के अपना नाम वापस लेने से चुनाव मैदान में भाजपा के मुकेश दलाल इकलौते प्रत्याशी रह गए थे। ऐसे में मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित करना तय हो गया।

उद्धव सरकार ने बीजेपी नेताओं को गिरफ्तार करने की बना ली थी योजना

महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को लेकर किया बड़ा खुलासा

मुंबई। महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे सरकार ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस समेत कई प्रमुख बीजेपी नेताओं को गिरफ्तार करने की योजना तैयार की थी। सीएम शिंदे ने यह भी कहा कि शिवसेना राज्य में 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिसमें मुंबई की तीन सीटें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर महायुति सहयोगियों के बीच कोई मनमुटाव नहीं है और वे 42 सीटें जीतने के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ देंगे।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा है कि पूर्ववर्ती एमवीए सरकार ने जून 2022 में (उद्धव सरकार गिरने से पहले) आशीष शेलार, गिरीश महाजन, प्रवीण दरेकर और फडणवीस को गिरफ्तार करने की साजिश रची थी। उन्होंने कहा कि एमवीए सरकार ने बीजेपी विधायकों के एक वर्ग को लुभाने की कोशिश में थी। शिंदे जून 2022 में उद्धव के खिलाफ विद्रोह करके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। शिंदे सरकार के इस साल जून में दो साल पूरे हो रहे हैं। शिंदे ने कहा कि उद्धव ठाकरे का सपना सीएम बनने का था। महाविकास आघाडी (एमवीए) का गठन एक पूर्व नियोजित कदम था। शिंदे ने कहा कि अपने पिता की तरह किंगमेकर बनने के बजाय उद्धव खुद राजा बनना चाहते थे।

सीएम शिंदे ने कहा कि एमवीए सरकार में मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अपमान भरा रहा। इसमें ठाकरे परिवार हस्तक्षेप करता था। मैं शहरी विकास मंत्री था, लेकिन मुझे कभी भी स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं करने दिया गया। बिना किसी अधिकार के आदित्य ठाकरे उनके कार्य में हस्तक्षेप करते थे। शिंदे ने यह भी कहा कि पार्टी के विभाजन से पहले उद्धव ठाकरे उनसे शहरी विकास विभाग छीनने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की धमकी के बावजूद उन्होंने मुझे जेड+ सुरक्षा नहीं दी। जब शिंदे से उद्धव के इस दावे के बारे में पूछा गया कि फडणवीस ने उनसे कहा था कि वह दिल्ली चले जाएंगे और आदित्य को सीएम बनाने के लिए तैयार करेंगे। इस पर शिंदे ने कहा कि उन्होंने सोचा कि मैं आदित्य के सीएम बनने की राह में बाधा बनूंगा। लेकिन वे आदित्य को बनाने की बहुत जल्दी में थे।

सात देशों के प्रतिनिधियों ने देखा भाजपा का प्रचार अभियान

नई दिल्ली। भारत के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं अध्ययन करने के लिए रूस एवं बांग्लादेश सहित सात देशों के राजनयिकों का प्रतिनिधिमंडल राजस्थान में जोधपुर की तीन दिन की यात्रा पर आया है।

भाजपा के विदेश विभाग प्रमुख डॉ. विजय चौथाईवाले ने कहा कि भारत में विभिन्न मिशनों से राजनयिकों का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करने के लिए उदेश्य से 22 से 24 अप्रैल, तक जोधपुर की यात्रा पर रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, रूस और सूरीनाम के राजनयिक प्रतिनिधि शामिल हैं।

डॉ. चौथाईवाले के अनुसार पहले भी इस तरह के प्रतिनिधिमंडलों ने भाजपा के चुनाव प्रचार अभियानों के सफलतापूर्वक संचालन का अनुभव हासिल किया है। वर्ष 2022 के आखिर में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में राज्य चुनावों के दौरान अभियान तथा नवंबर 2023 में मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कई देशों के राजनयिक प्रतिनिधि 'भाजपा को जानो' पहल के तहत गए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर शुरू की गई पहल के अंतर्गत इन प्रतिनिधियों का दौरा हो रहा है। भाजपा की योजना आम चुनाव के आगामी चरणों के दौरान इसी तरह के प्रतिनिधिमंडल ले जाने की है।

हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में बैन के बाद भारत सरकार का एक्शन, इन प्रोडक्ट्स से कैंसर का खतरा

एमडीएच-एवरेस्ट समेत सभी कंपनियों के मसाले जांचे जाएंगे

नई दिल्ली। हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसालों पर बैन के बाद अब भारत सरकार ने फूड कमिश्नर्स से सभी कंपनियों के मसालों का सैंपल कलेक्ट करने को कहा है। मीडियो रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी दी गई है। दोनों कंपनियों के इन प्रोडक्ट्स में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा होने के कारण इन्हें बैन किया गया था। इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि एमडीएच ब्रुप के तीन मसाला मिक्स- मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है। एवरेस्ट के फिश करी मसाला में भी यह कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड पाया गया है। सूत्रों ने कहा कि देश के सभी फूड कमिश्नर्स को इस मामले को लेकर अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के सैंपल कलेक्शन की प्रोसेस शुरू कर दी गई है। तीन से चार दिनों में एमडीएच और एवरेस्ट समेत देश की सभी कंपनियों की मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स से सैंपल्स कलेक्ट कर लिए जाएंगे। इनकी लैब रिपोर्ट करीब

20 दिनों में आएगी।

हानिकारक तत्व तो होगी सख्त कार्रवाई

भारत में फूड आइटम्स में एथिलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल पर बैन है। भारतीय मसालों में हानिकारक तत्व पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपराधिक कार्यवाही की भी प्रावधान है। सरकार ने मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तहत स्पाइस बोर्ड से अपील की है कि वह जागरूकता फैलाए कि उत्पादों में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिलाया जाना चाहिए।

पहले भी होती रही है सैंपलों की टेस्टिंग

सूत्रों ने ये भी कहा कि वे हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की घटनाओं से पहले भी सैंपलों की टेस्टिंग कर रहे थे। दावा किया कि अब तक भारतीय बाजार में उपलब्ध विभिन्न ब्रांडों के मसालों में कोई हानिकारक तत्व नहीं पाए गए हैं। यह सैंपल लेने की एक सतत प्रक्रिया है। इस बार हम पहले जो भी सैंपल ले रहे थे, उससे कहीं अधिक तेजी और अधिक संख्या में सैंपल लेंगे।

कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर एथिलीन ऑक्साइड को ग्रुप 1 कार्सिनोजेन के रूप में वर्गीकृत करती है। यानी यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है। एथिलीन ऑक्साइड से लिम्फोमा और ल्यूकेमिया जैसे कैंसर हो सकते हैं। पेट और स्तन कैंसर भी हो सकता है।

बड़ी चुनौती-भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी और पानी 4 प्रतिशत

रिपोर्ट में दावा- देश के 50 प्रतिशत जिलों में 2050 तक गंभीर जल संकट हो सकता है

नई दिल्ली/चेन्नई। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत में जल संकट का गंभीर खतरा है। देश के कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक भारत के 50 प्रतिशत से ज्यादा जिलों में पानी का विकट संकट हो सकता है। डीसीएम श्रीराम और सत्व नॉलेज की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक देश में प्रति व्यक्ति जल की मांग में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जबकि देश की बढ़ती आबादी और जल संसाधनों की कमी के चलते प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता में 15 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

पानी की बढ़ती मांग और सप्लाई में कमी के चलते संतुलन बिगड़ने की संभावना है। इसी कारण 2050 तक देश के 50 प्रतिशत जिलों में पानी का भयंकर संकट खड़ा हो सकता है।

कृषि सेक्टर में सबसे ज्यादा पानी इस्तेमाल होता है

रिपोर्ट के मुताबिक देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है। इसके बाद घरेलू उपयोग और इंडस्ट्री सेक्टर में जल का प्रयोग होता है। यह ट्रेंड 2025 से लेकर 2050 तक भी जारी रहने का अनुमान है।

भारत के कुल फसल उत्पादन का 90 प्रतिशत हिस्सा 3 प्रमुख फसलों- धान, गन्ना और गेहूं का है। देश के अधिकांश किसान सतही सिंचाई का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें जल उपयोग की दक्षता 35 प्रतिशत ही होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सिंचाई जल का दक्षता से उपयोग किया जाए, तो 20 प्रतिशत पानी को बचा सकते हैं। एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4 प्रतिशत संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लेंकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है।

दो कार आपस में टकराने से 10 लोग घायल

बालाघाट नगर के अनाज व्यवसायी नितिन नेमा और उनके 8 वर्षीय पुत्र अक्षांश का दुखद निधन, पत्नि नीलू, बेटा प्रियांशु मेडिकल कॉलेज रिफर, एक साथ वर्षीय बालक सहित सात लोग जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। सिवनी जिले में बालाघाट रोड पर स्थित ग्राम धारना के पास दो कार आपस में टकराने से एक कार में सवार बालाघाट के अनाज व्यवसायी नितिन पिता छन्नूलाल नेमा 50 वर्ष और उनके बेटे अक्षांश नेमा 8 वर्ष की मौके पर दुखद निधन हो गया वहीं उनकी पत्नी नीलू नेमा 45 वर्ष और एक बेटा प्रियांशु नेमा 12 वर्ष और अन्य कार में सवार 7 लोग घायल हो गए। जिनमे एक 7 वर्षीय बालक शामिल है। 22 अप्रैल को 1:30 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब नितिन नेमा अपने परिवार के साथ नरसिहपुर में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बैगनार कार में नरसिंहपुर से अपने घर बालाघाट लौट रहे थे।अर्टिगा कार में सवार सभी घायल बालाघाट जिले के ही है जिन्हें जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नितिन नेमा नगर के वार्ड नंबर 21सोगापथ निवासी जो अनाज के व्यवसायी है। वे अपने परिवार के साथ बैगनार कार MPz0 C 6180 में नरसिंहपुर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। । 22 अप्रैल को 1:30 बजे करीब नितिन नेमा अपने परिवार के साथ नरसिंहपुर से बालाघाट लौट रहे थे।घटना के दौरान नितिन नेमा कार चला रहे थे तभी सिवनी जिले के बालाघाट रोड बरघाट थाना क्षेत्र ने आने वाले ग्राम धारना के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही अर्टिगा MH04GD6904 और बैगनार कार आपस में टकरा गए। दोनों वाहनों के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में दोनों कार मे सवार 10 लोग घायल हो गए वही बैगनार कार में सवार नितिन नेमा उनका बेटा अक्षांश नेमा 8 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । वही नितिन नेमा की पत्नी नीलू नेमा एक बेटा प्रियांशु नेमा गम्भीर रूप से घायल हो गए। वही अर्टिगा कार में सवार बालाघाट जिले के ही 7 लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही बरघाट पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बरघाट के शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया था । जहां से गम्भीर रूप से

घायल नीलू नेमा उनके बेटे प्रियांशु नेमा को मेडिकल कॉलेज नागपुर रेफर कर दिया गया है। मृतक नितिन नेमा उनके बेटे अक्षांश नेमा की लाश पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार हेतु उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। इस दुर्घटना की जांच बरघाट पुलिस द्वारा की जा रही है।

6 घायल जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती

अन्य घायलों में दिनेश पिता सोमालाल भंडोरे 30 वर्ष ,किशोरीलाल पिता श्यामलाल भन्डोरे 32 वर्ष,नरेंद्र पिता श्यामलाल भन्डोरे 30 वर्ष, आदर्श पिता किशोरीलाल भन्डोरे 7 वर्ष ग्राम कोहका डिबर थाना हट्टा,राजू पिता अमृत लाल कनोजे 50 वर्ष वार्ड नं 6 बालाघाट, धनेंद्र पिता मिरेलाल रजक 40 वर्ष ग्राम सिर्रा थाना वारासिवनी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है इस दुर्घटना में कार चालक मोहित बिसेन 28 वर्ष मोती नगर बालाघाट निवासी को मामूली चोटे आई ।

कोहका डिबर से आर्टिगा में लगन पुडा लेकर से बरघाट जा रहा था भन्डोरे परिवार

बताया गया है कि ग्राम कोहका डिबर निवासी किशोरी लाल भन्डोरे की बहन की शादी बरघाट में तय हुई है और लगन 26 अप्रैल को है। इस वैवाहिक कार्यक्रम के चलते 22 अप्रैल को भन्डोरे परिवार अपने रिश्तेदारों के साथ अर्टिगा कार में लगन पुड़ा लेकर कोहका डिबर बरघाट जा रहे थे तभी सिवनी रोड धारना यह दुर्घटना हो गई ।इस दुर्घटना में अर्टिगा। कार में सवार 7 वर्षीय से बालक चालक सहित सात लोग घायल हो गए । सभी घायलों को बरघाट के अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां से सभी को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। इस दुर्घटना में अर्टिगा कार चालक मोहित बिसेन को मामूली चोटे आई है।

कार की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल

गंभीर रूप से घायल 90 वर्षीय वृद्धा की जिला अस्पताल में मौत

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम कटंझरी से कटंगी रोड ग्राम नेतरा में कार ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी । इस सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए ।जिनमे गंभीर रूप से घायल 90 वर्षीय वृद्धा शांताबाई पति तुकाराम तुलसीकर ग्राम कंजई थाना लालबर्रा निवासी की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। 22 अप्रैल को सुबह यह घटना उसे समय हुई जब यह वृद्धा अपने बेटे बहू और दो बच्चों के साथ मोटरसाइकिल में नागपुर जा रहे थे। इस दुर्घटना में इस वृद्धा के बेटे दिनेश तुलसीकर बहु देवेश्वरी तुलसीकर और दो बच्चे श्रद्धा 10 वर्ष और शिवम 8 वर्ष को मामूली चोटे आई। जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश तुलसीकर ग्राम कंजई बेरियर लालबर्रा निवासी मजदूरी करता है। 21 अप्रैल की शाम दिनेश तुलसीकर अपनी मां शांताबाई तुलसीकर, पत्नी देवेश्वरी तुलसीकर, दो बच्चे श्रद्धा 10 वर्ष और शिवम 8 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल में अपने घर कंजई से शादी में शामिल होने के लिए नागपुर जाने निकले थे। शाम को दिनेश तुलसीकर ग्राम देवठाना कटंगी अपने ससुराल में परिवार के साथ रुके और 22 अप्रैल को सुबह दिनेश तुलसीकर अपने परिवार के साथ मोटरसाइकिल में देवठाना से नागपुर जाने निकले थे। कटंगी रोड कटंगझरी नेतरा के पास कटंगी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दीम कार की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दिनेश तुलसीकर अपने परिवार सहित मोटरसाइकिल से गिर गया। इस दुर्घटना में सभी को छोटे आई किंतु दिनेश तुलसीकर की मां शांताबाई तुलसीकर अधिक चोट आने से घायल हो गई थी सभी को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां शांताबाई तुलसीकर की उपचार के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में ही किया गया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक गिरधारी बिसेन आरक्षक मुकेश मानेश्वर ने मृतक शांताबाई तुलसीकर की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए और मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना वारासिवनी भिजवा दी है।

डंपर की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

लालबर्रा रोड कनकी के पास हुई सड़क दुर्घटना

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। लालबर्रा रोड ग्राम कनकी के पास डंपर ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। इस दुर्घटना में डंपर की ठोकर से मोटर साइकिल में सवार अनुराग पिता रूपचंद पटले 26 वर्ष ग्राम सारसडोल थाना हुगली जिला सिवनी निवासी घायल हो गया । जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुराग पटले अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है उसके अलावा वह नल फिटिंग, टंकी फिटिंग का भी काम करता है। 22 अप्रैल को सुबह अनुराग पटले मोटरसाइकिल से नागपुर जाने निकला था। अनुराग पटले अपने गाँव सारसडोल से मोटरसाइकिल में लालबर्रा पहुचा और लालबर्रा से बालाघाट की ओर आ रहा था । 2:00 बजे ग्राम कनकी के पास सामने से तेज रफ्तार से जा रहे डंपर में मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। डंपर की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार अनुराग पटले घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

68 वर्षीय वृद्ध की जादू टोना के शक में हत्या

बिरसा थाने के ग्राम देवरीमेटा के पटेल टोला की घटना

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम देवरीमेटा के पटेल टोला में एक वृद्ध की लकड़ी से मारकर हत्या कर दी गई। 21 अप्रैल को 10:00 बजे यह घटना उस समय हुई जब यह वृद्धअपने घर में अकेला था और उसके परिवार के लोग छत्तीसगढ़ शादी में गये हुए थे। बिरसा पुलिस ने मृतक लामूसिंह पिता विदेसिंह सर्पे 68 वर्ष की लाश उसके घर से बरामद की वही इस वृद्ध की हत्या करने के आरोप में इसी ग्राम के मोहेंद्र पिता नेतराम सर्पे 26 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस युवक के द्वारा जादू टोना के शक में लामू सिंह की हत्या करना बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लामूसिह अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में तीन बेटे हैं और तीनों बेटे अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं। लामू सिह अपनी पत्नी मंगली बाई के साथ अपने तीनों बेटों से अलग मकान में रहता था। बताया गया है कि मोहेंद्र सर्पे, लामूसिंह पर जादू टोना करने का शक करता था। जादू टोना को लेकर के कुछ विवाद भी हुआ था। 21 अप्रैल को लामुसिह घर में अकेला था उसका बेटा तेजराम सर्पे अपनी मां मंगली बाई और परिवार के साथ भेलवा टोला रेंगाखार छत्तीसगढ़ शादी में गया था। 10:00 बजे करीब जब लामुसिह घर के पास वाली खेत बंदी में था तभी मोहेंद्र सर्पे आया और जादू टोना करने के शक को लेकर उसने लामूसिंह को लकड़ी से बेरहमी पूर्वक मारपीट किया। सिरऔर शरीर में गंभीर चोटें आने से लामूसिह घायल और बेहोश हो गया था। जिसके बाद राजू सर्पे तारचंद पटेल तथा गोविंद विश्वकर्मा ने घायल लामू सिंह को खेत से उठाकर घर में लाये और तखत में रख दिए और चले गए। बताया कि घटना के कुछ देर बाद लामू सिंह की बहन पुनियाबाई

निवासी चमारी जब लामू सिंह के घर आई तब उसने लामूसिंह को घर में मृत पाया और उसने अपने भतीजे तेजराम सर्पे को फोन करके लामू सिंह की मौत होने के संबंध बताई। खबर मिलते ही तेजराम सर्पे अपने परिवार के साथ अपने घर पटेलटोला पहुंचा देखा उसके पिता घर के अंदर तखत लेते हुए थे उनकी मौत हो चुकी थी जिसके सिर हाथ पैर में चोटे थी। जिसकी सूचना गांव के अन्य किसी व्यक्ति ने बिरसा पुलिस थाना में दी थी जहां से उपनिरीक्षक शिवलाल परतेअपने स्टाप के साथ मौके पर पहुंचे और पूछताछ किया इस दौरान तेजराम सर्पे ने बताया की गांव मोहेंद्र सर्पे पिता लामुसिह पर जादू टोना करने का शक करता था। महेंद्र सर्पे के द्वारा लकड़ी से मारपीट करने से उसके पिता की मौत हो गई । उपनिरीक्षक शिवलाल परते ने मृतक लामूसिंह की लाश मौके से बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात लाश पोस्टमार्टम हेतु बिरसा अस्पताल भिजवाया वही इस मामले में लामूसिंह की हत्या करने के आरोप में मोहेंद्र पिता नेतराम सर्पे के विरुद्ध धारा 302 भादवि के तहत अपराध दर्ज किये। 22 अप्रैल को सुबह लामूसिंह की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी मोहेंद्र सर्पे को अपराध दर्ज होने की भनक मिलते ही वह भागने की फिराक में था। सूचना मिलते हीशाम को बिरसा थाना प्रभारी रेवल सिह बरडे के नेतृत्व में उप निरीक्षक शिवलाल परते, आरक्षक रामेश्वर, आरक्षक रवि जाट, आरक्षक विनोद भलावी और आरक्षक अजय तोमर ने देवरीमेटा पटेलटोला में घेराबंदी कर मोहेंद्र सर्पे को गिरफ्तार कर लिये । जिसे 23 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

चौपहिया वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर मौत

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम भानपुर से मोहाड़ी के बीच अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक मनीष सिंह पिता नंदकिशोर जांचपेले 26 वर्ष आरंभा थाना खैरलांजी निवासी है। 20 फरवरी की रात्रि 8:30 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब यह युवक मोटरसाइकिल में आरंभा से भानपुर की ओर जा रहा था ।रामपायली पुलिस ने इस युवक की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष सिंह अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में मां और एक छोटा भाई है। मनीष सिह खेती किसानी के अलावा ड्राइविंग भी करता था। 20 अप्रैल की रात्रि में मनीष सिंह के ही परिवार में शादी थी। बताया गया है कि रात्रि 8:0 बजे करीब मनीष सिंह मोटरसाइकिल में अपने गांव आरम्भा से भानपुर किसी काम से जा रहा था । तभी भानपुर और मोहाड़ी के बीच कोई अज्ञात चौपहिया वाहन मनीष सिंह की मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गया। चौपाहिया वाहन की ठोकर से मनीष सिंह की मोटरसाइकिल छतिग्रस्त हो गई वहीं मनीष सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे । कृष्ण कुमार सावंत 51 वर्ष वार्ड नंबर 2 आरंभा निवासी के द्वारा इस घटना की रिपोर्ट रामपायली पुलिस थाना में की गई थी। जहां से सहायक उप निरीक्षक सुनील पंचाले अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और मनीष सिंह की लाश रामपायली लाकर रात्रि में वहा के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिए।। 21 अप्रैल को सहायक उप निरीक्षक श्री पंचाले ने मनीष सिंह की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए और आगे मर्ग कायम का जांच शुरू की है। बताया गया है कि मनीष सिंह अपने पिता के दूसरी पत्नी का बेटा था। इस दुर्घटना के पूर्व भी मनीष सिंह के साथ दुर्घटना हुई है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट